वर्ष-31, अंक- 277, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
24 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### राज्यपाल के संभावित आगमन पर शहर में आज तीन घंटे स्कूल बसों का संचालन रहेगा बंद

**मेदिनीनगर।** राज्यपाल के 24 जुलाई 2025 को संभावित आगमन को देखते हुए मेदिनीनगर शहर में विशेष ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि उक्त तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक मेदिनीनगर शहर के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों की बसों का संचालन बंद रहेगा।निर्देश का उद्देश्य वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व यातायात नियंत्रण को सुचारु बनाए रखना है। संबंधित सभी विद्यालयों को समय से पूर्व आवश्यक सूचना देकर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मनोहरपुर में सब पोस्ट मास्टर घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** रांची से मनोहरपुर पहुंची सीबीआई की टीम ने शहरी क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस में छापेमारी कर सब पोस्ट मास्टर दिलीप सिंह मीणा को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की 15 सदस्यीय टीम मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे मनोहरपुर पहुंची। टीम ने पोस्ट ऑफिस के साथ-साथ आरोपी के आवास पर भी छापा मारा। दोनों स्थानों से जरूरी दस्तावेज जब्त किए गए। इसके बाद रात करीब 12 बजे टीम आरोपी को लेकर रांची रवाना हो गई।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज / कल**




# सीमा पार अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

- रामानुजगंज में झारखंड-छत्तीसगढ़ पुलिस की समन्वय बैठक, आपसी तालमेल से होगी सख्त कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले की दक्षिण-पश्चिमी सीमा से सटे छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में बुधवार को झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक छत्तीसगढ़ पुलिस की पहल पर रामानुजगंज स्थित सर्किट हाउस में हुई। बैठक में झारखंड की ओर से रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रंका के पुलिस निरीक्षक, अंचल अधिकारी, अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, जबकि छत्तीसगढ़ की ओर से रामानुजगंज थाना प्रभारी सहित वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय अपराधियों, फरार वारंटियों और अन्य ज्वलंत आपराधिक मामलों को लेकर दोनों राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय और सूचना साझेदारी को मजबूत करना था। अधिकारियों ने निर्णय लिया कि अब सीमा पर अपराध नियंत्रण के लिए नियमित संवाद, सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान और संयुक्त कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में आपसी सहयोग से गश्ती, तलाशी अभियान और निगरानी बढ़ाई जाएगी, ताकि दोनों राज्यों की सीमा पर सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने आपसी तालमेल से अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की बात कही।



### आईजी सुनील भास्कर की पहल: विधि व्यवस्था व सड़क सुरक्षा को लेकर होगी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**मेदिनीनगर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से पलामू प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर ने बड़ी पहल की है। उन्होंने बताया कि प्रक्षेत्र के सभी जिलों के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ शीघ्र ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विधि व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, और पुलिस-पब्लिक संबंध जैसे अहम विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की जाएगी। आईजी ने बताया कि बेहतर समन्वय और कार्यशैली में सुधार लाने के लिए अधिकारियों को पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आगामी बैठक में इन विषयों पर और भी ठोस रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अगले सप्ताह सदर अनुमंडल पुलिस कार्यालय का विधिवत निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें कार्यालय संचालन, जनसंपर्क व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की गहराई से पड़ताल की जाएगी। आईजी ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को हर स्तर पर सजग और सक्रिय रहने की जरूरत है।

### रांची सदर अस्पताल को मिली राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि, रचा नया इतिहास

# आयुष्मान योजना में देशभर में आया प्रथम

- मेडिकल कॉलेजों और अन्य सरकारी संस्थानों की श्रेणी में भी मिला चौथा स्थान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित सदर अस्पताल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन में यह अस्पताल पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान पर आया है। यह न केवल रांची, बल्कि झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र की क्षमता का प्रतीक है। यह पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है कि सरकारी संस्थान भी प्रतिबद्धता और दक्षता से कार्य कर बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता चिकित्सा टीम की मेहनत और समर्पण का नतीजा है। उन्होंने राज्य के अन्य अस्पतालों से भी इसी मॉडल पर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों की श्रेणी में देश में प्रथम और मेडिकल कॉलेज सहित सरकारी संस्थानों की श्रेणी में चौथा स्थान पाकर इसने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचा है।

अजय कुमार सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल ने अब तक दो लाख से अधिक आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी है। गंभीर बीमारियों से लेकर जटिल ऑपरेशनों तक, मरीजों को बिना किसी आर्थिक बोझ के समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

रांची सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क और समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावशाली क्रियान्वयन में सभी जिला अस्पतालों को पीछे छोड़ दिया है। मेडिकल कॉलेजों और अन्य सरकारी संस्थानों की श्रेणी में भी इसे चौथा स्थान प्राप्त हुआ है, जो अस्पताल की सेवा गुणवत्ता, दक्षता और व्यवस्था की व्यापक सराहना का प्रमाण है।

ज्ञात हो कि बीते कुछ वर्षों में सदर अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का भी विस्तार हुआ है। हृदय रोग, नेत्र रोग, अस्थि रोग, मूत्र रोग, और श्वसन तंत्र जैसी सुविधाएं गरीब और दूरदराज के मरीजों के लिए राहत का माध्यम बनी हैं।




### स्वास्थ्य सेवा सुधार की दिशा में बढ़ता झारखंड



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता ने रंग लानी शुरु कर दी है। सदर अस्पताल, रांची की यह सफलता इसी का उदाहरण है। बताता है कि यह सफलता केवल एक संस्थान की उपलब्धि नहीं, बल्कि झारखंड राज्य के स्वास्थ्य सेवा सुधार प्रयासों की पुष्टि है। यह दर्शाता है कि यदि योजनाओं का समर्पणपूर्वक, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संचालन किया जाए, तो सरकारी ढांचा भी निजी क्षेत्र की तरह उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान कर सकता है। राज्य सरकार अब इस मॉडल को अन्य जिलों में भी दोहरे स्तर पर दोहराने की योजना बना रही है, ताकि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके, चाहे वह राज्य के किसी भी कोने में क्यों न रहता हो।

# पत्नी ही निकली अपने पति का कातिल

- चटनी बनाने को लेकर शुरू हुई विवाद ने पति की जान ले ली
- मनिका पुलिस ने जेरूआ गांव मे युवक की हुई हत्या की गुत्थी सुलझाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरूआ गांव मे रविवार की देर रात हुई पच्चीस वर्षीय यशवंत सिंह नामक युवक की हत्या की गुत्थी मनिका पुलिस ने चौबीस घंटा के अंदर सुलझा लिया। वहीं थानेदार शशि कुमार की तत्परता से युवक की हत्या मे शामिल उसकी पत्नी निर्मला देवी को अपने पति की हत्या को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी मनिका पुलिस ने बरामद कर लिया। युवक की हत्या के पिछे पति पत्नी के बीच आपसी विवाद को मनिका पुलिस ने कारण बताया है। मनिका पुलिस ने बताया की मृतक शराब का आदि था। शराब पीने की वजह से दोनों पति-पत्नी के बीच आये दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। रविवार की शाम ऑवला की चटनी बनाने को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसी दिन देर रात नशे की हालत में युवक अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। इससे नाराज पत्नी निर्मला देवी गुस्से मे आकर पास मे ही रखा तेज धारदार कुल्हाड़ी से अपने पति के सिर पर दे मारी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए मृतक की पत्नी तरह तरह के बहाने बना रही थी। इसे लेकर मनिका पुलिस को मृतक की पत्नी पर शक की सुई गई थी। उसे ही केंद्र बिंदु मे रखकर मनिका पुलिस हत्या की जांच मे जुटी हुई थी। सोमवार दिन को ही मनिका थानेदार शशिकुमार अपनी टीम के साथ उक्त मर्डर केस की गहनता से जांच करते हुए साक्ष्य को जुटाकर हत्या मे शामिल मृत युवक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद मृतक की पत्नी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मृत युवक की पत्नी ने मनिका पुलिस को बताया की उसकी मंशा अपने पति की हत्या करने का नहीं थी। गुस्से में उसने अपनी पति को कुल्हाड़ी से मार दी थी। उसके निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी बरामद कर ली गई।

# बाघमारा में अवैध खनन के दौरान चाल धंसी, 6 की मौत

- एक दर्जन से अधिक मजदूरों के दबे होने की आशंका

**नवीन मेल डेस्क**

**धनबाद।** बाघमारा थाना क्षेत्र स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के एरिया ब्लॉक दो स्थित जमुनिया शिव मंदिर के समीप सी-पैच में कोयले के अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। यहां अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से छह से अधिक मजदूरों की मौत की, जबकि एक दर्जन से अधिक मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस और बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा अब तक घटना की पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मंगलवार की देर रात दो दर्जन की संख्या में मजदूर बीसीसीएल के जमुनिया शिव मंदिर के समीप बंद खदान में कोयला का अवैध खनन कर रहे थे। खनन की जगह पर ही एक कोयले के पिलर के पीछे पानी भरा था। इसी दौरान अनजाने में उक्त पिलर को मजूदरों द्वारा काटते ही खदान के भीतर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया, जिससे खदान के अंदर का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। खदान के भीतर और बाहर अफरा तफरी मच गई। मजदूर जान बचा कर खदान से बाहर भागने लगे। लेकिन छह से अधिक मजदूरों की मौत हो गई, जबकि अब भी एक दर्जन से अधिक मजदूरों के वहां फसे होने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच झारखंड के पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक सरयू रॉय ने चाल धंसने की घटना में 9 मजदूरों की मौत की सूचना दी है। अपने 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने लिखा, बाघमारा, धनबाद के जमुनिया इलाके में अवैध खनन की चाल धंसने से 9 मजदूरों की मौत हो गई है। अवैध खनन माफिया मृतकों के शव को ठिकाने लगाने में जुटे हैं। इसकी सूचना मैंने धनबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को दे दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चुनचुन नामक खनन माफिया प्रभावशाली संरक्षण में अवैध खनन करा रहा था।

### झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने तरलोक सिंह चौहान

# न्यायमूर्ति चौहान को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें शपथ दिलवाई। जस्टिस चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने हैं। राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के बाद बधाई व शुभकामनाएं दी।

इससे पूर्व, राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान का झारखंड राज्य हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी द्वारा मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्य सचिव अलका तिवारी, हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, काउंसिल के सदस्य समेत कई अधिवक्ता एवं कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### जस्टिस चौहान ने कानून की पढ़ाई पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से की है

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने शिमला से स्कूली शिक्षा प्राप्त की है और पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने वर्ष 1989 में हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकरण कराया था। वर्ष 2014 में उन्हें हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर पदोन्नत किया गया था। उसी साल उन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस चौहान की नियुक्ति की अधिसूचना राष्ट्रपति कार्यालय से 15 जुलाई को जारी की गई थी।

**इंडिया**

# प्रकृति से लेकर खदान तक की पर्यटन सुविधा वाला झारखंड पिछड़ा क्यों



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड में कुछ दिनों पहले खदान पर्यटन की अनूठी शुरुआत हुई जिसमें खदानों की सैर करने का अवसर मिल सकता है। यदि इसे लोकप्रियता मिली तो हजारों लोगों को रोजगार मिल जाएगा।इस पहल के पहले चरण में रांची, पतरातू तथा उरीमारी सर्किट के तहत निर्धारित शुल्क पर नार्थ उरीमारी ओपन कास्ट कोल माइंस में होने वाली गतिविधियों से पर्यटकों अवगत कराया जाएगा।बुकिंग कराने वाले पर्यटकों को रांची से पतरातू होते हुए उरीमारी तक दिखाने के बाद उन्हें वापस रांची लाया जाएगा। इसकी सफलता के बाद अन्य तीन सर्किट में इस तरह की योजना संचालित होगी।मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि पहली बार लोग जान सकेंगे कि झारखंड की धरती से निकलने वाले कोयले से कैसे दिल्ली, हरियाणा ओर चंडीगढ़ रोशन हो रहे हैं । माइनिंग टूरिज्म के लिए तीन अन्य सर्किटों को लेकर सेल से भी बात चल रही है।औद्योगिक पर्यटन के लिए भी बोकारो स्टील से बातचीत जारी है। वहीं, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने इस पहल के लिए झारखंड सरकार का आभार प्रकट करते हुए इसकी सराहना भी की।उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियां आम लोगों से दूर होती हैं। अब लोग जान सकेंगे कि माइनिंग कैसे होती है। पर्यटन निदेशक विजया एन जाधव ने न केवल सामान्य लोग, बल्कि जियोलॉजी के छात्रों, शोधार्थियों को भी इससे लाभ होगा।इस योजना के तहत ओपन कास्ट खानों, साइलो साइट्स को नजदीक से महसूस करने और रोमांच का आनंद लेने के साथ-साथ पतरातू और रजरप्पा भ्रमण का भी मौका मिलेगा।यदि आप रजरप्पा मंदिर के दर्शन के साथ माइनिंग टूरिज्म का अनुभव करना चाहते हैं तो उसका शुल्क होगा जीएसटी के अलावा प्रति व्यक्ति 2800 रुपए।यदि पतरातू घाटी के नजारा को देखते हुए माइनिंग का अनुभव करना चाहते हैं तो प्रति व्यक्ति जीएसटी के अलावा 2500 रुपए का भुगतान करना होगा।झारखंड में फिल्मों के विकास पर ईमानदारी से प्रयास किया गया होता तो वैश्विक प्रचार से अनेक प्रकार के पर्यटन की संभावनाएं खुल जातीं । मंत्री संजय सेठ ने प्रसिद्ध मेदांता अस्पताल के प्रमुख डॉ नरेश त्रेहान से बातचीत की है और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पताल की शुरुआत रांची में होने की संभावना बन गई है। रांची सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने इसका अद्भुत कायाकल्प किया है पर निजी क्षेत्र के मेदांता गुरुग्राम का जवाब नहीं यदि रांची में इसकी शाखा खुलती है और अच्छी टीम इससे जुड़ी तो यह एक और बड़ी उपलब्धि होगी।भारत में मेडिकल टूरिज्म बाजार हर साल 12.3% की चक्रवृद्धि दर से बढ़ रहा है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर एक चिकित्सा हब बनने की दिशा में अग्रसर है। विश्वस्तरीय इलाज, सस्ता खर्च और कुशल डॉक्टरों के कारण विदेशी मरीज बड़ी संख्या में भारत आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी प्रोत्साहन और बेहतर नीति समर्थन से भारत को वैश्विक चिकित्सा केंद्र बनाना संभव है।भारत को 2035 तक वैश्विक चिकित्सा केंद्र बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों के लिए कर छूट देने और स्वास्थ्य क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की जरूरत है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का मेडिकल टूरिज्म बाजार 2025 के 18.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2035 तक 58.2 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) एवं केपीएमजी की रिपोर्ट में दूतावासों, प्रदर्शनियों और डिजिटल मंचों का लाभ उठाकर वैश्विक ब्रांडिंग अभियान के साथ राष्ट्रीय-राज्य स्तर पर हील इन इंडिया मिशन शुरू करने की सिफारिश की गई है।फेडरेशन के अध्यक्ष के श्यामा राजू ने कहा, हील इन इंडिया केवल एक स्वास्थ्य पहल नहीं, बल्कि भारत की ब्रांडिंग का अवसर है। हम इस पहल को देखभाल के साथ संस्कृति, सुविधा के साथ विश्वसनीयता को जोड़ने का मौका मानते हैं। निवेश जुटाने और सेवा वितरण में सुधार के लिए भारत को राजकोषीय एवं गैर-राजकोषीय प्रोत्साहनों का मिश्रण प्रदान करना चाहिए। रिपोर्ट में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, चिकित्सा अनुसंधान और डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों में काम करने वाले स्टार्टअप्स एवं संगठनों के लिए लक्षित सब्सिडी और अनुदान देने की सिफारिश की गई है, जो सीधे मेडिकल टूरिज्म का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से यह सिफारिश की गई है कि विदेशी बीमा कंपनियों की मदद से भारतीय अस्पतालों को अपने कवरेज नेटवर्क में शामिल कर बीमा पोर्टेबिलिटी को सक्षम किया जाए। इससे विदेशी मरीजों के लिए वित्तीय बाधाएं कम हो सकती हैं।रिपोर्ट में वीजा और बीमा संपर्क में अंतर को दूर करने, सुविधा प्रदाताओं को प्रशिक्षण देकर क्षमता निर्माण मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। भारत मेडिकल टूरिज्म सूचकांक में 10वें स्थान पर अवस्थित है। झारखंड में सभी संभावनाओं के बावजूद हिमाचल प्रदेश,राजस्थान जैसे राज्यों की तरह पर्यटक आकर्षित नहीं हो पाए उन कारणों पर विमर्श किया जाना चाहिए जिसमें प्रमुख हैं आवागमन के लिए आरामदेह,सुरक्षित कनेक्टिविटी का अभाव,होटल से लेकर यात्रा के लिए उपलब्ध गाड़ियों का मानकीकरण नहीं होना जिससे वे मनमाना पैसा वसूलते हैं।



# झारखंड के छह जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में होंगे अपग्रेड



- प्रस्ताव को मिली केंद्र सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम पहल हुई है। राज्य के छह जिलों में जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। यह अपग्रेडेशन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में किया जाएगा। धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के जिला अस्पताल इस योजना में शामिल किए गए हैं। इसके तहत युवाओं को चिकित्सा शिक्षा में अवसर मिलेगा और मरीजों को अपने ही जिले में उन्नत इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस संबंध में बुधवार को झारखंड के नगर विकास एवं आवास मंत्री और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बैठक में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा भी मौजूद थे। बैठक के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र स्वीकृति और वित्तीय सहयोग का अनुरोध किया, ताकि राज्य में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा सके। इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में हर संभव मदद करेगी।

# दो दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर में 303 वृद्धजनों की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में मंगलवार को 163 के बाद बुधवार को 140 वृद्धजनों की जांच कर आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत इलाज किया गया। जरूरी दवाएं भी दी गई। इस प्रकार इस शिविर में इस पद्धति से कुल मिलाकर 303 वृद्ध जनों का इलाज शुरू कर दिया गया। इस शिविर का आयोजन जिला आयुष समिति के तत्वावधान में द्वितीय माह में भी किया गया। इसमें जटिल बीमारियों और विकारों से ग्रसित वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक दवाएं दीं। इस दौरान बुजुर्गों के जोड़ों व कमर दर्द के अलावा घुटनों में सूजन सहित उम्र को लेकर होने वाली अन्य कई शारीरिक कष्ट की शिकायत दर्ज कराई। जिनकी इलाज के दौरान उचित परामर्श भी दिए गए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अशोक प्रजापति व डॉ. राकेश रौशन सिंह मौजूद थे। स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी अमरकांत और सुरेखा कुमारी एएनएम सहित अन्य कई स्वास्थ्य सहिया व अन्य लोगों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

# तीन माह बीतने के बाद भी नहीं मिला रैयतों को एलपीसी

## एलपीसी लेने के लिए पांच सौ रुपए प्रति डिसमिल हैदरनगर अंचल ने खोला है रेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर में सरकारी बाबुओं का एक और कारनामा खुलकर सामने आया है। जिले के मोहम्मदगंज से दंगवार तक वाया भजनिया, रजौंधा, परता, पंसा, चचेरिया, खरगाड़ा, संतोषडीह, भाई बिगहा और हैदरनगर पथ निर्माण प्रस्तावित और स्वीकृत है। इस पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास डेढ़ माह पूर्व पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने हैदरनगर के ब्लॉक मोड़ पर धूम धड़ाके के साथ किया था। इस पथ निर्माण को अंतिम रुप देने के लिए मोहम्मदगंज और हैदरनगर के सैकड़ों रैयतों की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई हैं। रैयतों को तीन माह पूर्व ही एलपीसी देने के लिए नोटिस दी गई है। इसी पथ निर्माण कार्य के लिए हैदरनगर बाजार क्षेत्र के राजपूतान टोला निवासी रैयत पृथ्वी सिंह और बैजनाथ सिंह के खाता संख्या 17 प्लॉट संख्या 22 रकबा 23 डिसमिल जमीन की गई है। रैयत के पारिवारिक सदस्य सह स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंदिर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अधिग्रहित भूमि की भुगतान करने के लिए तीन माह पूर्व ही उन्हें नोटिस मिली है। इसके बाद हैदरनगर के अंचल कार्यालय में दो माह तक एलपीसी निर्गत कराने को लेकर चक्कर काटता रहा। लेकिन एलपीसी देने के लिए इस अंचल में अंचल अधिकारी और अंचल निरीक्षक द्वारा पांच सौ रुपए प्रति डिसमिल रिश्वत की मांग की जाती रही है। नाजायज पैसे नहीं देने के कारण उन्हें अब तक एलपीसी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अब इन भ्रष्ट अधिकारियों का चक्कर काटना छोड़ दिए हैं। आगे जरुरत पड़ा तो देश के प्रधानमंत्री और पथ निर्माण मंत्री तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से अपनी संपत्ति का पैसा लेने के पहले सरकारी बाबुओं को रिश्वत देनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे ही अधिकारी और कर्मचारी जनता, क्षेत्र में किसी भी विकास के बड़े बाधक हैं। ऐसे अधिकारियों को कड़ी सजा और जेल होनी चाहिए।

### 45 प्रतिशत रैयतों को एलपीसी नहीं मिलने से पथ का निर्माण कार्य प्रक्रिया में भी विलंब : संवेदक

हैदरनगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी विंध्याचल सिंह और चंदेश्वर सिंह, कबरा कला गांव निवासी जावेद अख्तर रैयत खाता संख्या २३, हबीबू रहमान वगैरह खाता संख्या 171 के अलावा कलीम शेख, निजामुद्दीन, इमामुद्दीन आदि ने बताया कि उन्हें एलपीसी नहीं दी गई तो अपनी जमीन पर किसी भी कीमत पर पथ का निर्माण नहीं होने देंगे। इसके निर्माण में आगे आने वाले अड़चनों के जिम्मेवार हैदरनगर अंचल के अधिकारी और कर्मचारी होंगे। उन्होंने कहा कि रैयतों का समूह स्थानीय अंचल कार्यालय की भ्रष्ट नीति और अपनी पीड़ा सुनाने को लेकर जिला प्रशासन के पास जाने की तैयारी में है। उधर इस पथ निर्माण के संवेदक अभय सिंह ने कहा कि अब तक 50 से 55 प्रतिशत रैयतों को ही संबंधित अंचल से एलपीसी निर्गत हो सका है। करीब 45 प्रतिशत रैयतों को एलपीसी नहीं मिलने से इस पथ का निर्माण कार्य शुरु कराने की प्रक्रिया में भी विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसके कार्यान्वयन में हो रही विलंब के जिम्मेवार कौन होंगे। यह तो आगे जांच और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि खेती कार्य के उन्नत किस्म की रैयत के अधिग्रहित भूमि का भुगतान बिना परेशानी का तुरंत किया जाना चाहिए। जनहित कार्यों को गति प्रदान किया जा सके।

## खतियानी उत्तराधिकार व बंटवारा नामांतरण के लिए शिविर आज से

**मोहम्मदगंज।** खतियानी रैयतों के उत्तराधिकार व आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण के लिए अंचल में क्षेत्र में हल्कावार गुरुवार से कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसकी शुरूआत हल्का नंबर एक से होगी। इस हल्का से संबंधित शिविर रामबांध पंचाय सचिवालय आयोजित किया जाएगा। वहीं शुक्रवार और शनिवार को हल्का नंबर २-३ को लेकर कोल्हुआ-सोनबरसा और मोहम्मदगंज पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संबंधित कार्यों को निष्पादित करने के लिए अंचल व राजस्व उप निरीक्षक के अलावा अमीन व कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि भूमि सुधार उप उपसमाहर्ता (हुसैनाबाद) के आदेशानुसार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में पूर्वाह्न 11 से अपराह्न ३ बजे संबंधित कार्यों को निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित कार्यों को लेकर जरूरी दस्तावेज के साथ ससमय उपस्थित होने का अनुरोध खतियानी रैयतों से किया है। जबकि प्रतिनियुक्त अंचल व राजस्व उप निरीक्षक को इस कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिए हैं।

### पांकी में सरकारी विद्यालय बदहाल

# बच्चों को छोड़ विद्यालय से गायब रहते हैं शिक्षक

## निर्माण के बाद से बच्चों के लिए नहीं खुला नया भवन, सरकारी राशि की हुई बबार्दी




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोंस के प्रभारी प्रधानाध्यापक रेयाज अंसारी विद्यालय में बच्चों को छोड़कर अक्सर विद्यालय से गायब रहते हैं। मंगलवार की दोपहर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दोपहर 11:30 बजे से विद्यालय से गायब हो गए, मामले की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षक पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में पिछले वर्ष से अब तक किसी तरह का कोई कार्य नहीं हुआ है। बावजूद प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय विकास की राशि एवं इको क्लब की राशि की निकासी की जा चुकी है। हालांकि इस संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से प्रधानाध्यापक के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद लगभग दो माह पूर्व शिक्षा विभाग के कर्मी विद्यालय पहुंचकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालय एवं शौचालय का मेंटेनेंस कार्य करने एवं विद्यालय में प्लांटेशन का कार्य करने का निर्देश दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी है। आपको बता दें कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोंस में कुल 49 बच्चों का नामांकन है। वहीं इस विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर आठवीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में कुल दो शिक्षक पदस्थापित हैं। वर्तमान में कुछ दिन के लिए एक शिक्षक किसी अन्य विद्यालय में पदस्थापित हैं। मंगलवार को विद्यालय में 21 बच्चे पहुंचे थे, शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर कुछ बच्चे दोपहर 1 बजे तक अपने घर चले गए।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक**

इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने रेयाज अंसारी बताया कि अपने निजी कार्य से वे कहीं चले गए थे, उन्होंने बताया कि जनवरी-फरवरी माह में राशि निकासी की गई है। कहा कि एक सप्ताह के अंदर वृक्षारोपण एवं मेंटेनेंस का कार्य कर लेंगे। इस संबंध में पांकी प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी परमेश्वर साहू ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत प्राप्त हुआ है। जिसके बाद कार्रवाई भी हुई है। यदि अभी तक उनके द्वारा कार्य नहीं किया गया है तो आगे ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# डीआईजी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय मे आज दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बुधवार की शाम कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

मौके पर आरसीयू के संस्थापक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ एस के झा, रजिस्टार देवाशीष मंडल, एसडीपीओ आलोक टूटी,पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे सहित कई पुलिस पदाधिकारी व विश्वविद्यालय के कई अधिकारी मौजूद थे।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आज

**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को होगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। विदित हो कि पलामू उपायुक्त समीरा एस सहित जिला प्रशासन के कई आलाधिकारियों ने मंगलवार को ही कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था। उपायुक्त ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था। इधर राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

## न्यूज बॉक्स

### आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**हुसैनाबाद।** पलामू जिला आयुष समिति ने उपायुक्त के निदेर्शानुसार हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्रखंड क्षेत्र के करीब 300 लोगों का इलाज आयुष के चिकित्सकों ने किया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ0 नाजमा मुसर्रत ,डॉ0 शिबली अंसारी,डॉ0 अखिलेश कुमार ने आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवा दिया।शिविर में आयुष चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। आयुष चिकित्सक डॉ0 नाजमा मुसर्रत ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में मेडिकल कैंप के माध्यम से लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक किया जा रहा है।साथ ही उन्हें आयुष चिकित्सा का लाभ भी प्राप्त हो रहा है।बदलते परिवेश के साथ अब लोगों में आयुष चिकित्सा पद्धति की ओर झुकाव हो रहा है । लोगों में जागरूकता आ रही है और इस पद्धति से इलाज कराकर मरीज संतुष्ट हो रहे हैं।डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से बुजुर्गों के लिये जोड़ो का दर्द से जुड़ी बीमारियों व अन्य बीमारियों का इलाज किया गया।मौके पर योग शिक्षक शैलेन्द्र कुमार,जीएनएम गायत्री कुमारी,अलका कुमारी समेत कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### स्टेशन रोड में धान की रोपाई कर जताया विरोध



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड़ की सड़क की बदहाली और कीचड़ में धान रोपकर किसान पुत्र शक्ति मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। मोर्चा के अध्यक्ष रंजन कुमार मेहता ने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के भ्रष्ट पदाधिकारी हुसैनाबाद को लूट का अड्डा बना लिया है। नगर पंचायत के विकास के नाम पर करोड़ों का लूट हो रहा है। आम जनता मूलभुत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि स्टेशन रोड की सड़क के निर्माण का शिलान्यास वर्ष 2022 के सितंबर में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी सहित कुछ वार्ड पार्षद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। घटिया सड़क निर्माण की आम लोगों की शिकायत को नजर अंदाज कर अधिकारियों ने गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण कराया। जो बनने के साथ ही उखड़ने लगी और स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। वैसे शहर के कई सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। जिसमें आईटीआई, अनुमंडल रोड की हालत भी खस्ताहाल हैं। उन्होंने कहा कि जांच कर भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने शीघ्र सड़क निर्माण करने की जरूरत बताई है। इस सड़क के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों और लाखों यात्रियों का आवागमन होता है। जिन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे शहर की छवि भी धुमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में मोर्चा के सदस्य अधिवक्ता विवेक कुमार, ब्रजेश कुमार मेहता, नवीन कुमार, चंचल कुमार, विशाल कुमार,संजीत कुमार, चंद्रेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस मनाने को लेकर की बैठक

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों ने बुधवार को हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने को लेकर तैयारी की समीक्षा बैठक की। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने की। कैप्टन दुखन सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी पूर्व सैनिकों को विजय दिवस समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जवाबदेही एवं जिम्मेदारी सौपी गई। कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को बरसात को ध्यान में रखते हुए समय पर दिए गए कार्यों की तैयारी पूरी करने की हिदायत दी। विजय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता होंगे। इसकी जानकारी लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने देते हुए कहा कि वीर जांबाज शहिदों को नमन हेतु कार्यक्रम मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह एवं अन्य कई गण्यमान व्यक्ति कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

# आयुष्मान आयोग मंदिर केंद्र की गुणवत्ता जांच पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह स्थित आयुष्मान आयोग मंदिर (इन्कोवास) स्वास्थ्य उपकेंद्र में राष्ट्रीय गुणवत्ता आवासन मानक के तहत जिला एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं दवा भंडारण की जांच इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था। मुखिया नाजमा खातून विशेष रुप से निरीक्षण दल को केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने स्वयं अस्पताल परिसर की व्यवस्था पर चर्चा के बाद जरुरी निर्देश दिया। जांच दल ने अस्पताल परिसर, रजिस्टर अभिलेख, रोगी सुविधा, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण एवं साफ सफाई जैसे मानकों पर विस्तृत जांच की। जांचोपरांत दल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। दवाओं की गुणवत्ता की अलग से जांच में पूरी तरह से नियमानुसार पाया गया है। निरीक्षण टीम में अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश राम, जिला गुणवत्ता सलाहकार संतोष कुमार अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं महिला स्वास्थ्य सहिया भी शामिल हैं। स्थानीय समाजसेवी मुशा खान, राहत खान, मोबासिर खान, जावेद खान, सुरेंद्र साव, नवाज़िश खान ने कहा कि शीघ्र ही इस केन्द्र को आदर्श स्वास्थ्य उपकेंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। मुखिया नाजमा खातून ने कहा कि पंचायत स्तर से इस स्वास्थ्य केंद्र को साफ सुथरा, व्यवस्थित और आमजन के लिए सुलभ बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसे जिले का आदर्श केंद्र बनाने को लेकर हरसंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक की बिक्री पर प्रशासन सख्त, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर समेत क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से दुकानों में एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक व अन्य खाद्य सामग्रियों की बिक्री को लेकर उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत पर उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यह न केवल उपभोक्ता अधिकारों का हनन है, बल्कि आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा मामला भी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच के दौरान यदि किसी दुकान में एक्सपायरी खाद्य या पेय सामग्री पाई



जाती है, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि इस दिशा में शीघ्र ही हैदरनगर बाजार समेत आसपास के सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों में रखे खाद्य एवं पेय उत्पादों की वैधता तिथि की नियमित जांच करें और समय रहते समाप्त तिथि से पूर्व उत्पादों को हटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे कहीं भी एक्सपायरी तिथि का उत्पाद बिकते देखें तो इसकी सूचना तत्क्षण प्रखंड प्रशासन या आपूर्ति विभाग को दें, ताकि उचित समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सजगता और प्रशासन की तत्परता से ही इस प्रकार की लापरवाही पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके विरुद्ध जांच अभियान को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावशाली बनाने की योजना है।

### कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण व नौकरी का अवसर : उदय

**मोहम्मदगंज।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में युवक-युवतियों को प्रशिक्षण और नौकरी का अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस की प्रखंड इकाई के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि लड़की कैंडिडेट, जिसकी उम्र 18 से 35 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता इंटर पास और जो एससी केटोगरी की हो, उसे नर्सिंग सहायक के ट्रेड में ६ माह का प्रशिक्षण, रांची में खाना-पीना, आवासन व पठन-पाठन की बिल्कुल नि:शुल्क सुविधा के साथ दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत मान्यता प्राप्त अस्पताल में 1२000 के प्रारंभिक वेतन पर नौकरी मिल जाएगी। वहीं, लड़का कैंडिडेट को ड्रोन कैमरा निर्माण एवं मरम्मती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कैंडिडेट की शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण अवधि ३ महीने की होगी। प्रशिक्षण रांची में दिया जाएगा। इसमें सभी कैटिगरी के लड़का कैंडिडेट की जरूरत है। इसके अलावा इलेक्ट्रीशियन पद के लिए सभी केटोगरी के 10वीं पास लड़का कैंडिडेट की जरूरत है। सिलाई-कटाई और पैकिंग की ३ महीने का प्रशिक्षण रांची में लड़की कैंडिडेट को दिया जाना है। इसके पश्चात नौकरी की 100 प्रतिशत गारंटी होगी। उन्होंने इन ट्रेड में रोजगार के लिए इच्छुक कैंडिडेट को उनसे सीधा संपर्क करने की बात कही है।

**सराहनीय पहल**

### ऐतिहासिक महत्व के आधार पर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का काम तेज

# भीमचूल्हा में होटल निर्माण की घोषणा से पर्यटकीय विकास की बढ़ी संभावना

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल की स्मृति चिन्ह से पटा ऐतिहासिक भीमचूल्हा नामक स्थल पर्यटन विकास की दिशा में लगातार बढता नजर आ रहा है। 2021 में इसके ऐतिहासिक महत्व के आधार पर पर्यटक स्थल के रूप में इसे विकसित करने का काम तेज किया गया था। इसके तहत भगवान शिव और भीमबलि के मंदिरों के कायाकल्प और महाभारत काल के स्मृति चिन्ह को संरक्षित करने के साथ ही माता कुंती व पांच पांडव की आदमकद प्रतिमाओं की स्थापना कराकर इसे आस्था और आकर्षण के केंद्र के रूप में अद्भुत पहचान दी गई। पार्क भी बनाया गया। इसमें खूबसूरत मखमली घास और कई प्रकार के फुल सहित



नारियल व अन्य किस्म के पौधे लगाए गए। आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य और भीमबराज के विहंगम नजारे के अवलोकन के लिए 25 फीट ऊंचा वाच टावर खड़ा किया गया। इस स्थल पर मौजूद चूल्हानुमा तीन विशालकाय शिलाखंडों पर भारी-भरकम कड़ाही चढाकर ऐतिहासिक भीमचूल्हा को असली पहचान दी गई। एक अन्य विशालकाय शिलाखंड को भी गजराज की शक्ल में आकर्षक रूप दिया गया। पीने के पानी की व्यवस्था के बाद इस साल 63 केवीए का ट्रांसफार्मर भी स्थापित कर दिया गया। जबकि हेलोजन व हाइमास्ट लाइट की व्यस्था पर भी काम शुरू कर दिए गए हैं। इन सबसे पहले विवाह मंडप का निर्माण किया जा चुका था। इस प्रकार इस ऐतिहासिक महत्व का स्थल के क्रमिक विकास के साथ ही लगातार जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक के एजेंडे में इसके विकास की योजना को शामिल करना इसके पर्यटकीय विकास की संभावना को बल प्रदान कर रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। लोगों का कहना है कि इस बैठक में इससे पहले बोटिंग सेवा शुरू करने के साथ अब इस बार होटल निर्माण की घोषणा से इस पर्यटक स्थल के विकास की कड़ी में बड़ी उपलब्धि हासिल होंगी। इस प्रकार से इस स्थल के लगातार विकास से टूरिज्म के मानचित्र पर ऐतिहासिक भीमचूल्हा भी देदीप्यमान हो गया है। जहां अब आसपास के साथ ही देश-विदेश के भी सैलानियों के आगमन की उम्मीद जताई गई है। भीमचूल्हा टूरिज्म कोरिडोर में शामिल हो सकते हैं और कई आकर्षक स्थल लोगों का कहना है कि आसपास के बड़े मंदिरों के अलावा काशीस्रोत डैम, लकड़ही पहाड़ का अजूबा चट्टान, मुड़कटवा बाबा, सीताचुंआं, नगरुआ, अन्हरहुंआ व लिखलाही पहाड़, गोलापत्थर और पहड़वा बाबा जैसे प्राचीन तथा प्राकृतिक सौंदर्य स्थलों का विकास कर पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा के साथ टूरिज्म कोरिडोर में शामिल इनकी देखभाल से यह क्षेत्र बड़े पर्यटक स्थल के रूप में पहचान बना सकता है।

# सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रशाल में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुसैनाबाद एवं बीआरसी हुसैनाबाद द्वारा 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके कौलेश्वर दास प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया गया। प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद द्वारा अभिनंदन पत्र पढ़ा गया। कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षक कौलेश्वर दास को उपहार दिया गया। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार को भी सम्मानित किया गया। प्रखंड इकाई हुसैनाबाद के अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार के द्वारा सेवानिवृत्त हो चुके कौलेश्वर दास को मोमेंटो दिया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी मौजूद थे। मंच का संचालन शिक्षक डॉ. अंगद प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों से खचाखच भरा प्रशाल गवाह है कि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी का आत्मीय लगाव शिक्षकों से काफी रहा है। नियुक्ति जिसकी होती है, सेवानिवृत्ति अवश्य होती है, रुटीन वर्क है। स्वस्थ, दीघार्यु व प्रसन्नचित रहने के लिये कामना की।

## मुखिया ने की पंचायत में सीएसपी संचालन की मांग

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत की मुखिया नाजमा खातून ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को पत्र देकर बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) को पंचायत क्षेत्र में ही संचालित कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि सीएसपी संचालक आयुष कुमार सोनी को मोकहर कला में केंद्र संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है, किंतु उन्होंने एक दिन भी वहां से सेवाएं नहीं दी। मुखिया ने कहा कि संचालक द्वारा सीएसपी को बाजार क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है, जिससे मोकहर कला सहित आसपास के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रुप से बुजुर्ग, महिलाएं और मजदूर वर्ग को बैंकिंग सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग उनके पंचायत के सीएसपी को तत्काल मोकहर कला पंचायत मुख्यालय में ही संचालित कराने की मांग की है। जिससे ताकि ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में बैंकिंग सेवाएं तत्काल और समय से सेवाएं मिल सके।

# उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

- बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर होगी एफआईआर, मशीनें होंगी सील

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी ली तथा बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी रूप से अल्ट्रासाउंड करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर मशीनें जब्त की जाएं।

बैठक में रूद्र इमेजिंग, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड के नवीनीकरण को स्वीकृति दी गई, जबकि तृप्ति अल्ट्रासाउंड, प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन और राज डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा मशीन बदलाव की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने पुराने मशीनों को सील करने के बाद ही नए लाइसेंस जारी करने की बात कही।

इसके अलावा लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में नई मशीन के इंस्टालेशन और राजमती चिकित्सा केंद्र, घाड़ा पट्टी के नवीनीकरण को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में एक डॉक्टर द्वारा एक से अधिक केंद्रों में कार्यरत रहने की बात सामने आने पर उपायुक्त ने शोकॉज नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

साथ ही सभी केंद्रों पर "लिंग जांच अपराध है" और "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" संबंधित जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी लिंग परीक्षण होता है तो प्रशासन को सूचित करें।

# जनता दरबार में 45 से अधिक आवेदनों का हुआ निपटारा

- उपायुक्त समीरा एस. ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया, संबंधित पदाधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संभलनायक सभागार ममें आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त समीरा एस. के समक्ष जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। कुल 45 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही निपटारा किया गया और कुछ को संबंधित पदाधिकारियों को सौंपकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

गुलशन प्रवीण ने पति की मृत्यु के बाद नौकरी की मांग की, जबकि पूनम गिरी ने मईंया सम्मान योजना की राशि दिलाने का अनुरोध किया। रामसेवक प्रसाद ने भूदान की जमीन की ऑनलाइन रसीद जारी करने की मांग की।

अन्य शिकायतों में जबरन सड़क निर्माण, रास्ता बंद करना, प्रधानमंत्री आवास योजना में बाधा, यात्रा भत्ता भुगतान और पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा जैसी समस्याएं शामिल रहीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# चेन स्नेचिंग में लिप्त अपराधियों की तलाश पलामू पुलिस ने 25 हजार इनाम की घोषित की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में घटित चेन स्नेचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पलामू पुलिस द्वारा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी हेतु ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में एक वांटेड पोस्टर जारी किया गया है। जिसमें अज्ञात बाइक सवार अपराधियों की सूचना देने वाले को 25 हजार की नगद इनामी राशि देने की घोषणा की गई है।

पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह इनाम सटीक और उपयोगी सूचना देने वाले को दिया जाएगा, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी में मदद मिल सके। पलामू पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे सतर्क रहें और अपराध नियंत्रण में सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत शहर थाना, मेदिनीनगर को दें।

# डीआईजी ने की धान रोपनी, खेती से जुड़ाव का दिया संदेश : परंपरा को जीवित रखना ज़रूरी

- खेत-खलिहान से दूरी नहीं, जुड़ाव ही असली नेतृत्व की पहचान, होमगार्ड जवानों संग की रोपनी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने गुरुवार को अपने आवासीय परिसर में धान की रोपनी कर किसानों को खेती के प्रति प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सावन का यह पवित्र महीना कृषि के लिए बेहद अहम है और इस बार अच्छी बारिश ने अनुकूल वातावरण भी दिया है। ऐसे में खेतों से दूरी बनाने के बजाय, हमें खेती-किसानी से जुड़कर परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।

डीआईजी ने अपने परिसर में पड़े अनुपयोगी जलजमाव वाले क्षेत्र को उपयोग में लाते हुए बासमती धान की रोपनी की। इसके लिए उन्होंने चियांकी स्थित बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की शाखा से बासमती बिचड़ा मंगवाया और खुद होमगार्ड जवानों के साथ रोपनी की प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में कई महिला-पुरुष भी शामिल हुए। मिठाइयां भी बांटी गईं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और खेती उनके जीवन का हिस्सा रही है। कोई भी अधिकारी या आमजन खेतों से खुद को अलग न समझे। खेती सिर्फ जीविका नहीं, संस्कृति है।

गौरतलब है कि पलामू की एसपी रीशमा रमेशन ने भी अपने आवासीय परिसर में धान की रोपनी कर किसानों को प्रोत्साहित करने की पहल की थी।

## अग्निवीर वायु भर्ती 2025 के लिए आवेदन शुरू

**मेदिनीनगर।** भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निवीर वायु के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 11 जुलाई से शुरू कर दी गई है, जो 31 जुलाई 2025 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर आवेदन कर सकते हैं। विज्ञान वर्ग से आवेदन करने वालों को गणित, फिजिक्स और अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए या इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारकों को भी पात्र माना गया है। गैर-विज्ञान वर्ग के उम्मीदवारों को भी 10+2 और दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स में 50% अंक अनिवार्य किया गया है। उम्मीदवार की आयु 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए भारतीय वायुसेना की वेबसाइट देखी जा सकती है।

## औषधि अनुज्ञप्तियों के निलंबन पर औषधि निरीक्षक की सफाई

**मेदिनीनगर।** औषधि निरीक्षक द्वारा नौडीहा बाजार के रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द करने और डालटनगंज के पांच थोक विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने की कार्रवाई को पूरी तरह नियमसम्मत बताया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-बिक्री की जा रही थी। औषधि एवं अंगराग अधिनियम के उल्लंघन के तहत की गई इस कार्रवाई के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसे औषधि निरीक्षक ने अनुचित बताया। निलंबन के विरुद्ध संस्थाएं विभागीय अपर मुख्य सचिव के पास अपील कर सकती हैं।

# चिनिया प्लस टू स्कूल में महिला, सड़क व साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम



- थाना प्रभारी अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा व साइबर सतर्कता की दी सीख

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार सुबह 9:30 बजे एक विशेष प्रार्थना सभा के दौरान महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया।

थाना प्रभारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि "आज के डिजिटल युग में सुरक्षा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और साइबर स्तर पर भी जरूरी हो गई है। लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सीखने चाहिए।" उन्होंने सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन, हेलमेट का उपयोग और मोबाइल का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने पर ज़ोर दिया।

अमित कुमार ने सोशल मीडिया पर अनजान लिंक और फ्रेंड रिक्वेस्ट से सावधान रहने की सलाह दी और कहा कि साइबर अपराधी लगातार सक्रिय हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने बच्चों को कानूनी अधिकार और पुलिस की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, "पुलिस आपकी मित्र है, डरने की नहीं, सहयोग लेने की ज़रूरत है।" कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मंसूर आलम समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया और महिला व साइबर सुरक्षा को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका थाना प्रभारी ने सरल और प्रेरक तरीके से उत्तर दिया।

पूरा विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा और छात्र-छात्राएं कार्यक्रम से खासे प्रभावित नजर आए।

# पुलिसकर्मियों को मिला प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



- डॉ. रंजन दास ने थाना परिसर में दिया फर्स्ट एड का व्यवहारिक ज्ञान

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को एक दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रंजन दास ने पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान थाना प्रभारी रजनी रंजन समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने या दुर्घटना की स्थिति में शुरुआती इलाज कैसे किया जाए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सुरक्षा, अभियान के दौरान शारीरिक सतर्कता और विपरीत परिस्थितियों में स्व-चिकित्सा पर विशेष फोकस किया गया।

थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि पुलिसकर्मियों को कठिन ड्यूटी करनी होती है, जहां तुरंत चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती। ऐसे में फर्स्ट एड की जानकारी होना न केवल खुद के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी फायदेमंद है। एसआई निरंजन शर्मा, एएसआई जगबंधु महतो, और अन्य पुलिसकर्मी इस प्रशिक्षण में उपस्थित थे। कार्यक्रम को व्यावहारिक और उपयोगी बताया गया, जिससे भविष्य में किसी आपात स्थिति से बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ओलंपियाड में लहराया परचम

- अनन्या को अंतर्राष्ट्रीय रैंक 10, अंशुमान को इंटरनेशनल रैंक 18; जोनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक अध्ययन ओलंपियाड में विद्यालय की छात्रा अनन्या कुमारी (कक्षा 6) ने जोनल रैंक 3 और इंटरनेशनल रैंक 10 हासिल कर शानदार सफलता अर्जित की।

उन्हें 1000 रुपये का गिफ्ट वाउचर एवं सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 4 के छात्र अंशुमान राज ने जोनल रैंक 13 और इंटरनेशनल रैंक 18 प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्हें भी 500 रुपये का गिफ्ट वाउचर एवं जोनल एक्सीलेंस सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने पुरस्कृत मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि सौंपकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संकल्पित है। हम बच्चों को न केवल परीक्षा में सफलता बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अनुशासन, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से हर छात्र अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि आज अनन्या और अंशुमान ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

डर के साये में पढ़ाई

## सरकारी विद्यालयों में तड़ित चालक लगाने में फंड व नियम बन रही बाधा

# वज्रपात की आशंका से भयभीत रहते हैं छात्र व परिजन

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बरसात के मौसम में लगातार हो रहे वज्रपात के बाद भी सरकारी स्कूलों में तड़ित चालक नहीं लगाए जाने से स्कूल में कार्यरत शिक्षक एवं छात्र वज्रपात होने की संभावना से आशंकित हैं। विभाग द्वारा तड़ित चालक लगाने को लेकर सरकार द्वारा किसी प्रकार फंड नहीं दिए जाने की बात कही जा रही है। हैरत की बात है यह है कि विभाग के पास विद्यालयों में लगे तड़ित चालक से जुड़ा कोई स्पष्ट आंकड़ा भी नहीं है। चैनपुर प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय केकतुआ के मैदान में वज्रपात हुआ जिससे एक व्यक्ति बेसुध हो गया था। वहीं विद्यालय से करीब 300 मी दूरी पर स्थित पेड़ के ऊपर वज्रपात गिरने से एक मवेशी की मौत हो गई। इसके बाद वहां परिजन व छात्र वज्रपात होने से सहमे हुए हैं।

**2008-09 में आखिरी बार लगा था तड़ित चालक :** वर्तमान में पलामू जिले में कुल 2,564 सरकारी विद्यालय हैं, जिनमें 4,93,837 बच्चे नामांकित हैं। हालांकि शिक्षा विभाग के पास तड़ित चालक संबंधित कोई भी समेकित रिपोर्ट विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2008-09 के दौरान कई विद्यालयों में आखिरी बार तड़ित चालक लगाया गया था। हालांकि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का दावा है कि उनके विद्यालय में पूर्व में लगे तड़ित चालकों की चोरी हो चुकी है।

**विद्यालय विकास मद में फंड की कमी आती है आड़े :** विदित हो कि सरकारी विद्यालयों में विकास मद की राशि हर साल दी जाती है जिससे शिक्षा समिति अपने हिसाब से विद्यालय के रखरखाव में खर्च करती है। नियमानुसार 800 से अधिक छात्र वाले विद्यालय में एक लाख रुपये विकास मद के रूप में दिए जाते हैं। वहीं इससे कम छात्रों के रहने की स्थिति में छात्रों की संख्या के आधार पर फंड निर्गत किया जाता है। जो 50-60 हजार के बीच होती है। तड़ित चालक की लागत 35 से 40 हजार तक होती है। अगर विकास मद का पैसा इसमें लगा दिया जाए तो फंड में काफी कम राशि बचेगी, जिस विद्यालय के अन्य कार्य प्रभावित हो जाएंगे।

## तड़ित चालक लगाने को लेकर क्या है प्रावधान?

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2015-16 में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में स्कूलों में तड़ित चालक की आवश्यकता को लेकर सभी जिलों को पत्र भेजा था। परंतु लोक निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप तीन मंजिला इमारत में तड़ित चालक नहीं लगाए जाने का प्रावधान है। इसके बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अधिकतर विद्यालय का भवन दो मंजिला बने हुए हैं। हालांकि विशेष परिस्थिति में कारणों का उल्लेख करते हुए तड़ित चालक लगवाने पर विचार किया जा सकता है।

## क्या कहते हैं पदाधिकारी

जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय में चालक लगाया जाना आवश्यक कदम है, परंतु इसे लेकर परियोजना से ही फंड निर्गत किया जा सकता है। समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अंबुज कुमार पांडेय ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों के भवन में लगाने हेतु किसी प्रकार का फंड नहीं दिया जाता। हालांकि जिन विद्यालयों में इनकी अत्यंत आवश्यकता हो वहां जिला द्वारा डीएमएफटी से लगाया जा सकता है।

# सूचना व जनसंपर्क इकाई ने योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार




- कला दलों ने गीत-नाट्य के माध्यम से सुदूर गांवों में पहुंचाया संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के तीन जिला पलामू, लातेहार एवं गढ़वा में प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, मेदिनीनगर के तत्वावधान में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इसके तहत विभिन्न कला दलों ने गीत-नाट्य के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी।

अभियान के तहत 'मईंया सम्मान योजना', 'मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना', और 'नशा मुक्त जीवन हो हमारा' जैसे कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रचार के दौरान लोगों के बीच पंपलेट भी वितरित किए गए।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी नौशाद अंसारी के घर में बुधवार की रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे देखते ही देखते घर के अंदर रखा हुआ सभी सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पीड़ित नौशाद अंसारी के अनुसार इस आगलगी की घटना में पत्नी के ईलाज हेतु घर में रखा हुआ 40 हजार रुपए नगद, दो कीमती पलंग सेट, जरूरी घरेलू सामान और महत्वपूर्ण कागजातों से भरा बैग आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को नौशाद घर में ताला लगाकर अपनी बीबी बाल बच्चों के साथ ससुराल गया हुआ था।

### चौरिया में विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**चौरिया (गढ़वा)।** उच्च विद्यालय चौरिया में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पूर्ण गठन किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में मृतुन्जय दुबे एवं राजाराम सिंह उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता गोरखनाथ चौधरी ने की। बारह सदस्यीय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें जय कुमार चौधरी को अध्यक्ष, पुष्पा देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही संजय कुमार एवं रंजू देवी को भी प्रमुख रूप से समिति में शामिल किया गया। सभा अध्यक्ष गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने का सपना पूरा हो गया है। अब हमारा अगला लक्ष्य इस विद्यालय को प्लस टू स्तर तक ले जाना है। उन्होंने आशा जताई कि सभी के सहयोग से यह सपना भी जल्द साकार होगा। समिति निष्पक्ष होकर विद्यालय के समुचित विकास में योगदान देगी। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के माता-पिता की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

### महिला के साथ दुष्कर्म आरोपी, गिरफ्तार

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ जबरजस्ती दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार सिंहपुर गांव निवासी आरोपी राकेश 21 जुलाई के रात्रि में घुसकर अपने बच्चों के साथ सो रही महिला के घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना रहा था। हो हल्ला होने पर उसी वक्त ग्रामीणों ने आपत्तिजनक स्थिति मे दोनो को पकड़ लिया।। सोमवार की सुबह महिला ने केतार थाना में जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाने का प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने तत्काल जांच पड़ताल कर आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।

### प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूली पर कार्रवाई

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक राशि लेकर शराब बिक्री किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। गढ़वा जिले के उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने अपनी टीम के साथ भवनाथपुर सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी ग्राहक ने लिखित रूप में कोई शिकायत प्रस्तुत नहीं की, बावजूद इसके उत्पाद अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाते हुए दुकान के सेल्स मैन को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शिकायत के आलोक में गंभीरता से जांच की गई, लेकिन मौके पर कोई ठोस सबूत या ग्राहक की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार शराब दुकान में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
आमजन की शिकायत को देखते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

---

### अबुआ आवास में अयोग्य लाभुकों के चयन पर हुई कार्रवाई, पंचायत सचिव बर्खास्त

# योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अबुआ आवास योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24) के अंतर्गत गढ़वा जिला के डंडा प्रखंड में लाभुकों के चयन में अनियमितता प्रकाश में आया है। जांच में पाया गया कि तत्कालीन पंचायत सचिव शंभु प्रसाद ने विभागीय निदेशों का उल्लंघन करते हुए अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों की जगह पर अयोग्य व्यक्तियों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया।
मामला संज्ञान में आने पर उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा जांच कराई गई। जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई। इस अनुचित कृत्य से योजना की पारदर्शिता प्रभावित हुई और पात्र लाभुकों के अधिकारों का हनन हुआ है।



निरीक्षण करते गढ़वा उपायुक्त।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शंभु प्रसाद को झारखंड सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के अंतर्गत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।
उपायुक्त ने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक जरूरतमंद को मिलनी चाहिए। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र लाभुकों को मिले। उन्होंने कहा है कि योजनाओं का लाभ देने में अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अनियमितता की स्थिति में दोषियों के विरूद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

**उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण :** समाहरणालय भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज, कार्यपालिका अभियंता भवन प्रमंडल प्रेमलाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त के द्वारा ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति अग्निशमन प्रणाली सहित अन्य की बारीकी से जांच की गई। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसी भी संभावित चूक या तकनीकी समस्या से समय रहते निपटा जा सके।

---

# गढ़वा एसडीएम ने संजीवनी अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को चिनिया रोड स्थित संजीवनी अल्ट्रासाउंड सेंटर के अल्ट्रासाउंड कक्ष को अगले आदेश तक के लिए बंद करा दिया। दरअसल औचक जांच के क्रम में यहां पर अनुज्ञप्ति/पंजीकरण के अनुसार अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक कई दिनों से अनुपस्थित थे किंतु अल्ट्रासाउंड कार्य बिना डॉक्टर के भी लगातार जारी था, बुधवार को इस औचक निरीक्षण के क्रम में एसडीएम को अल्ट्रासाउंड केंद्र पर लगभग एक दर्जन महिलाएं अपने अल्ट्रासाउंड की बारी का इंतजार करते हुए दिखीं। ज्यादातर महिलाएं पूछने पर हिचकिचाने लगीं, किंतु जब अल्ट्रासाउंड कक्ष में रखी कुछ रिपोर्ट और पर्चे देख मिलान किया गया तो वे बाहर बैठी कुछ महिलाओं के ही मिले। बिना डॉक्टर की मौजूदगी में करेंट डेट और टाइम की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट वहां मिलने से मामला संदिग्ध लगने पर एहतियात के तौर पर एसडीएम ने उक्त अल्ट्रासाउंड कक्ष में अगले आदेश तक ताला लगवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सरकारी अस्पताल की एक महिला चिकित्सा पदाधिकारी भी निजी तौर पर मरीजों को देखती हैं। वहां मौजूद स्टाफ एवं अन्य कर्मी यह नहीं बता पाए कि अल्ट्रासाउंड किसने किया है, इसलिए मामले को संदिग्ध पाते हुये एसडीएम ने एहतियात के तौर पर अगले आदेश तक इस अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालन पर रोक लगाते हुए इसमें ताला डलवा दिया तथा चाबी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के स्टाफ जयेंद्र शंभू के पास ही रहने दी। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि जब तक सिविल सर्जन के स्तर से इस केंद्र की समुचित जांच न हो जाए तब तक इस अल्ट्रासाउंड सेंटर को न ही खोला जाए और न ही इसका संचालन किया जाए। उल्लंघन की स्थिति में संचालक और स्टाफ सभी पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



---

### विधायक अनंत प्रताप देव ने छात्रों के बीच किया साइकिल वितरण, कहा-

# विधानसभा में नगर को जिला व रमना को अनुमंडल बनाने की मांग उठायेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** प्रखंड कार्यालय परिसर में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव, जीप अध्यक्षा शांति देवी, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी थे। साइकिल वितरण से पूर्व प्रखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस सभा का संचालन सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि वंशीधर नगर को जिला और रमना को अनुमंडल बनाने की मांग विस सत्र उठाऊंगा। साथ ही प्रमुख द्वारा उठाया गया मुद्दा के बारे में कहा कि वर्षात का मौसम हैं, हर गली मुहल्ला में साफ सफाई होगी। फंड की कोई कमी नहीं है, स्वछता के लिए कचरा गाड़ी चलाया जाय। साथ ही सरकार द्वारा छात्रों के लिए चलाये जा रहे उन्नति की पहिया के बारे में बताया की विद्यालय आने-जाने की समस्या के कारण अधिकांशतः बच्चियां अमृत रूपी शिक्षा से बंचित रह जाती थी,लेकिन इस योजना से अब कोई भी बच्ची का विद्यालय नहीं छूटेगा। जल्द ही क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को जीप अध्यक्षा शांति देवी, मुकतेश्वर पांडेय ने भी संबोधित किया। जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रखंड कार्यालय कर्मी द्वारा जेएमएम प्रखंड प्रतिनिधि को नहीं पहचानने और अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन का काम में देरी होने पर कड़ा नाराजगी जतायी, साथ ही आवास, राशन वितरण में किसी भी प्रकार के धांधली करने वालों को सीधे बर्खास्त करें, चाहे वह कोई भी हो। सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कहा की फंड एवं कर्मी के आभाव के कारण इसमें समस्या हो रही है, फिर भी इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, भागोडीह मुखिया पति शैलेंद्र सिंह, प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल एवं जेएमएम जिलाध्यक्ष श्रवन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर मेहता, चितरंजन सिंह, अनिल कुमार गुप्ता,लालमन सिंह कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



छात्रों को साइकिल वितरण करते विधायक अनंत प्रताप देव।

---

# लगातार हो रहे इस्तीफे लोकतंत्र के लिए खतरनाक : धीरज दुबे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संवैधानिक संस्थानों के प्रमुखों और उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार दिए जा रहे इस्तीफे इस बात का संकेत हैं कि देश एक अघोषित आपातकाल की स्थिति में प्रवेश कर चुका है। धीरज दुबे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र संस्थानों की निष्पक्षता और स्वायत्तता से होती है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार से चुनाव आयोग, विश्वविद्यालय, सूचना आयोग, न्यायपालिका और अन्य संस्थानों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां अपने पदों से अचानक त्यागपत्र दे रही हैं, वह चिंताजनक है। यह दशार्ता है कि सरकार की नीतियों और दबावों के कारण स्वतंत्र कार्य करना संभव नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि देश में डर और दबाव का माहौल बनाया जा रहा है, जहां संस्थान अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं और पदाधिकारी या तो सरकार के आगे झुकने को मजबूर हैं या इस्तीफा देकर पीछे हट रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक स्थिति है। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से अब तक कई लोगों ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। धीरज दुबे ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होता है, लेकिन आज जो भी आवाज उठाता है, उसे या तो दबा दिया जाता है या बदनाम कर किनारे कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दौर लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती साख का है, और जनता को सतर्क होकर संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ा होना होगा।




---

## न्यूज बॉक्स

### उत्कृष्ट कार्य करने पर बीपीएम सम्मानित



**केतार।** प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि कुमार वैद्य को एफएलएन चैंपियनशिप के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा के द्वारा सम्मानित किया गया। एफएलएन कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक प्रमुख हिस्सा है जिसके तहत वर्ग दो से पांचवीं तक के छात्रों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का कौशल विकास करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें पढ़ना लिखना एवं गणित का संख्या ज्ञान की प्रतियोगिताएं होती है। उक्त कार्यक्रम के केतार प्रखंड में सफल क्रियान्वयन एवं बेहतर कार्य करने के लिए बीपीएम रवि कुमार वैद्य को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सिल्वर मेडल, मोमेंटो डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। बीपीएम रवि कुमार पिछले तीन वर्षो से प्रखंड में बेहतर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक कुमार अग्रवाल, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, कानन कुमार पात्रा, विजय पांडे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अर्सी मुतुर्जा, इंदु विश्वकर्मा, कविता कुमारी, रवि शंकर, चितरंजन कुशवाहा, नवीन प्रकाश, सुदीप श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है : रितेश

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है यह बात खुद झामुमो के भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने स्वीकार किया है। जब एक विधायक को अपने ही सरकार को भ्रष्टाचार को लेकर बोलना पड़ रहा है तो बाकी जनता का कौन सुनेगा। जनता अपने काम के लिए भटक रहा है। उन्होंने कहा कि जब सत्ता में बैठे विधायक खुद अपनी ही सरकार में भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं तो इससे यह साबित होता है कि झामुमो सरकार सबसे कमजोर सरकार है। जिसके शासन में जनता लूट रही है। हेमंत सरकार मुकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अबुआ राज में बबुआ सरकार कि यही उपलब्धि है प्रखंड/अंचल जगह भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। जनता त्राहिमाम कर रही है उन्होंने कहा कि गढ़वा सहीत पुरे झारखंड में भ्रष्टाचार अपना पांव पसार चुका है। छोटा से छोटा काम के लिए भी जनता को भ्रष्टाचार के रास्ते गुजरना पड़ रहा है। झामुमो सरकार जनता को रुला रही है, हेमंत सरकार में जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है ऐसा लगता है कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार एक शिष्टाचार बन चुका है। सरकारी कार्यालयों में जाने से पहले जनता को भ्रष्टाचार का भय सताने लगता है, अबुआ राज में जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर झामुमो विधायक को भ्रष्टाचार को लेकर सदन में भी आवाज उठाना चाहिए। जनता ने इसलिए विधायक बनाया है ताकि उनकी आवाज को सदन पटल पर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार से जनता का उम्मीद उठ चुका है। सरकार जनता को ठग कर ज्यादा दिन तक सत्ता में कायम नहीं रह सकती है।

### कुएं से बरामद छात्रा का शव, युवक गिरफ्तार

**चिनिया (गढ़वा)।** चिनियां थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जब चिनिया निवासी विजय कुमार साव की 17 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी का शव स्थानीय शिव कुआं से बरामद किया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के पिता विजय कुमार साव ने चिनिया थाना में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि भवनाथपुर के कैलान निवासी प्रेम सिंह ने उनकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर आत्महत्या के लिए उकसाया। उन्होंने बताया कि प्रेम सिंह पिछले तीन वर्षों से प्रिया के साथ प्रेम प्रसंग में था और कई बार मना करने के बावजूद उसका पीछा नहीं छोड़ा। पिता के अनुसार, आरोपी ने यहां तक धमकी दी थी कि जैसे ही वह मैट्रिक पास करेगी, उसे छोड़ेंगे नहीं। मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी मानसिक रूप से परेशान थी और आरोपी की धमकियों व दबाव के कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया।

### आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र का निरीक्षण

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के बाना गांव हरादाग मोड़ स्थित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र को बुधवार को एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय संस्थापक राजलाल सिंह पटेल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सेन्टर के प्रबंधक कार्यालय, प्लेसमेंट ऑफिस, काउंसलिंग ऑफिस और सेंटर के सभी पांच जॉब रोल का निरक्षण किया गया। जिसमें कंप्यूटर का क्लास और लैब, इलेक्ट्रीशियन का क्लास और लैब,सिलाई का क्लास और लैब, अकाउंट असिस्टेंट का क्लास और लैब और नर्स का क्लास और लैब शामिल हैं। साथ ही राष्ट्रीय संस्थापक ने बच्चों का रहने का हॉस्टल और बच्चों का खाने का डायनिंग हॉल एवं मेस का निरक्षण किया। तत्पश्चात केंद्र के सभागार में आईसेक्ट के सभी स्टॉफ और बच्चों से वातार्लाप किया गया। जिसमें बच्चों को मन से मेहनत कर अपने जीवन को उज्वल बनाने एवं अपने परिवार के सहारे के रूप में खड़े होने हेतु सीख दी गई। आईसेक्ट गढ़वा केंद्र प्रबंधक कुमारी दीपशिखा ने बताया कि आने वाले समय में और भी अधिक युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और उद्यमिता की राह पर अग्रसर किया जाएगा। प्रबंधक ने बताया कि हमारा इस केंद्र में 18 से 35 वर्ष के युवक-युवतियों को सिलाई, कंप्यूटर, नर्सिंग, इलेक्ट्रीशियन, ब्यूटीशियन, अकाउंटेंट असिस्टेंट, के क्षेत्र में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्यक्रम भी किया जाता है।

---

# कानून के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: उपेंद्र कुमार



नगर उंटारी थाना में पकड़े गए युवक।

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में बाजार के समीप के समीप एनएच 75 पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों से अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। घटना सोमवार (22 जुलाई 2025) की है, जब चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे तीन युवक बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के पकड़े गए। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान कमलेश कुमार, शशिकांत कुमार और कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। वे दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो तीनों ने न केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया बल्कि पुलिस कर्मियों से उलझ गए और अभद्र व्यवहार की, वर्दी खींचने का प्रयास किया और उन्हें धमकी दी कि उनकी वर्दी उतरवा दी जाएगी। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि पुलिस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार का गैरकानूनी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

### सार्वजनिक स्थलों एवं नदी नालों का उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

# शहरी क्षेत्रों में चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान

**आमजनों से सार्वजनिक स्थलों एवं नदी नालों का अतिक्रमण न करने की अपील : उपायुक्त**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अंचल अधिकारी गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ अतिक्रमण, यातायात जाम की समस्या, कचरा प्रबंधन, शहरी क्षेत्रों में व्याप्त अन्य अव्यवस्थाओं आदि से निबटने एवं शहरों का सौंदरीकरण करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों, चौक चौराहों, मुख्य सड़क एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, नदी नालों आदि का स्थल निरीक्षण किया। आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।उपायुक्त द्वारा गढ़वा शहर के बीच से गुजरी सम्पूर्ण सरसतिया नदी का स्थल निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार उन्होंने शहर के तिलैया नदी, कर्बलाह स्थित तेतरियाटांड़ मैदान एवं मुख्य बाजार स्थित खादी बाजार के मैदान का भी स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शहर से गुजरे सरसतिया नदी के अधिकांश भागों में आमजनों के द्वारा अतिक्रमण करके घर एवं प्रतिष्ठान आदि बना दिए गए हैं, जो एक खेद का विषय है। तेतरियाटांड़ मैदान एवं खादी बाजार के मैदान में भी इसी प्रकार का नजारा देखने को मिला। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं शहर के नदी नालों का अतिक्रमण किये जाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां नदी नालों को स्वच्छ बनाने एवं अतिक्रमण मुक्त करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ आमजनों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं नदी नालों का ही अतिक्रमण कर दिया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।



शहर का निरीक्षण करते गढ़वा उपायुक्त।

---

### हरियाली | 76वां वन महोत्सव जासा सुरक्षित वन क्षेत्र में मनाया गया

# जब तक पेड़-पौधे रहेंगे, तब तक धरती पर जीवन : अनंत

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर उंटारी प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को जासा सुरक्षित वन क्षेत्र में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 76वां वन महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव एवं गढ़वा उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी अंशुमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, गुब्बारा उड़ाने और पौधरोपण कर की। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं के बीच पौधों का वितरण भी किया गया।
इस अवसर पर बरगद, आम, सागवान जैसे 20 पौधे लगाए गए, वहीं आम, जामुन, अमरूद, आंवला और कटहल के करीब 200 पौधे ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए।
छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे माहौल में ऊर्जा का संचार हुआ।
विधायक अनंत प्रताप देव को डीएफओ ने रबर प्लांट भेंट कर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पांडेय ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अन्य अतिथियों को भी रबर प्लांट उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस वर्ष श्री बंशीधर नगर वन क्षेत्र में कुल 2,65,000 पौधे लगाए जाने की योजना है, जिसमें सागवान, शीशम, बकाइन और चकुंदी जैसे वृक्ष शामिल हैं। विधायक ने वन महोत्सव आयोजन के लिए वन विभाग का आभार जताते हुए कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल वायु प्रदूषण और मिट्टी का कटाव रोका जा सकता है, बल्कि जल चक्र भी संतुलित रहता है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील करते हुए कहा कि जब तक जंगलों में पेड़-पौधे रहेंगे, तब तक धरती पर जीवन संभव है। साथ ही हाथियों और नीलगायों द्वारा हो रही फसल और जान-माल की क्षति पर चिंता जताई और कहा कि इस मुद्दे को वे विधानसभा में उठाएंगे। उन्होंने बताया कि हाथी भगाने के लिए बंगाल से विशेषज्ञों की टीम भी बुलाई जाएगी।
डीएफओ अंशुमान ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार पौधा लगाना और उसका संरक्षण करना चाहिए। पौधा लगाना जितना आसान है, उसका देखभाल उतना ही जिम्मेदारी का कार्य है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय, पूर्व मुखिया सोहन उरांव, वनपाल प्रमोद यादव, वनरक्षी शशि कुमार, अर्पण कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण और वनकर्मी उपस्थित थे।



पौधरोपण करते भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव।

## वज्रपात से पूजारी का निधन गांव में शोक की लहर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत के फूलबसिया शिव मंदिर के मुख्य पुजारी अर्जुन पंडित (65वर्ष)का निधन हो गया है। अर्जुन पंडित फुल बसिया शिव मंदिर में 20 वर्षों से पुजारी थे। परिजन और ग्रामीणों ने बतलाया कि पुजारी मंगलवार शाम को गाय बांधने के लिए बाहर पेड़ के पास गए थे कि इसी दरमियान बरसात के साथ बिजली चमकी और व्रज्रपात हुई इसके चपेट में पुजारी आ गए, वहीं गिर उनका निधन हो गया।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान नरेश मुंडा (46) पिता गैब्रियल मुंडा, ग्राम बंदुआ, थाना महुआडांड़ के रूप में हुई है। महुआडांड़ थाना कांड संख्या 38/06 में वांछित आरोपी नरेश मुंडा काफी समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम जाता में एक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेश मुंडा एक पुराने मामले में स्थाई वारंटी था और काफी समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे ग्राम जाता से गिरफ्तार कर लिया गया।

### कांग्रेस के संगठन सृजन, प्रशिक्षण व मंथन कार्यक्रम

# नगर निकायों में कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाना है : इरफान अंसारी

नवीन मेल संवाददाता




**बेतला (लातेहार)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन, प्रशिक्षण एवं मंथन कार्यक्रम का आयोजन पलामू प्रमंडल स्तर पर बेतला स्थित जनता लॉज में भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा जारी परिपत्र संख्या-108 के आलोक में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगरीय निकाय क्षेत्रों में नगर एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड सह प्रभारी डॉ. सिरीवेलेना प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, एन त्रिपाठी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, स्थानीय विधायक रामचन्द्र सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत किया।

कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश जारी परिपत्र के अंतर्गत नगरीय निकायों में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने हेतु नगर एवं वार्ड स्तर की समितियों के गठन की प्रक्रिया पर विशेष चर्चा की गई। परिपत्र के अनुसार, नगर/वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष चयन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष, स्थानीय विधायक/पूर्व प्रत्याशी, सांसद/पूर्व प्रत्याशी, पूर्व निकाय चुनाव उम्मीदवार, एवं नगर निकाय क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष शामिल होंगे. यह समिति योग्य एवं सक्रिय नेताओं के नामों की अनुशंसा करेगी। संगठन में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं एवं युवाओं को सुनिश्चित करने का स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है।

मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस एक विचारधारा है और हमारी जिम्मेदारी है कि इस विचारधारा को गांव, पंचायत से लेकर शहर के वार्ड स्तर तक मजबूती से स्थापित करें। संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही मजबूती से जनसेवा की राजनीति आगे बढ़ेगी। नगर निकायों में कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाने के लिए हम सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा बरवाडीह जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी निकायों तक कांग्रेस को एकजुट और सशक्त बनाना समय की मांग है संगठन सृजन की यह पहल स्वागतयोग्य है। मैं हर स्तर पर कार्यकतार्ओं के साथ खड़ा हूं और जनता के विश्वास को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी गहन समीक्षा की गई नगर अध्यक्षों के कार्यों की रिपोर्टिंग, कमेटी गठन की प्रगति, एवं क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा की गई। साथ ही, पार्टी कार्यकतार्ओं को प्रशिक्षित कर जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। इस कार्यक्रम ने कांग्रेस संगठन के अंदरूनी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध किया। बेतला की यह बैठक न केवल संगठन विस्तार का माध्यम बनी, बल्कि आगामी चुनावों की तैयारियों के लिए भी दिशा तय की मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष औबेदुल्ला अंसारी, पलामू जिला प्रभारी विनय सिंह दीपू, गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह लातेहार जिला सह प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्णिमा पांडेय, रुद्र शुक्ला, जिला अध्यक्ष गुजर उरांव, पलामू जिला अध्यक्ष बीटू पाठक, जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, विजय चौबे, सुरेंद्र भारती, लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव असगर खान, आमिर हयात, लाडले हसन, रेगन कुमार, दरोगी यादव, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), विजय बहादुर सिंह, रंजीत कुमार (राजू), हेसामुल अंसारी, शिवानंद तिवारी, अनिल सिंह, रविंदर राम, शहीद अंसारी, अजीत कुमार समेत तीनों जिला के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का चंदवा में भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**चंदवा।** उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का बुधवार को चंदवा में भाजपा कार्यकतार्ओं ने जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास पलामू दौरे पर रांची से मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी दौरान इंदिरा गांधी चौक के समीप वरिष्ठ भाजपाई महेंद्र साहू व भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद की अगुवाई में भाजपाइयों ने फूल माला के साथ उनका अभिनन्द किया। इस दौरान रघुवर दास ने कार्यकतार्ओं की बातों को सुना व उनका हौसला भी बढ़ाया। मौके पर भाजपा नेता देव मोहन सिंह,मनोज पाठक,मनीष कुमार चांदो,मंटू केसरी,प्रेम नाथ साहू समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

### छात्रों के बीच साइकिल का वितरण

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार एवं जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, चतरा लोकसभा शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि प्रफुल्ल रंजन, हेरहंज भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार जायसवाल, समाजसेवी शिवनाथ रजक, हेरहंज के प्रधानाध्यापक अंजनी सिन्हा, अजय राम, शोएब अख्तर के द्वारा आठवीं कक्षा के बच्चे एवं बच्चियों को साइकिल वितरण किया गया जिसमें हेरहंज केदु सेरदाग नवादा अगल-बगल स्कूल के बच्चों को साइकिल वितरण किया गया साथ में अपने-अपने स्कूल के टीचर भी आए हुए थे और बाकी बचे हुए बच्चे को भी दिया जाएगा साइकिल वितरण किया जाएगा।

### विधिक शिविर का हुआ आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला सचिव चतरा के निदेशार्नुसार कुंदा थाना में निःशुल्क विधिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकार मित्र अजित कुमार के द्वारा लोगों को विधिक से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। वहीं स्वास्थ् केंद्र में लोगों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई और डालासा कोर्ट से मिलने वाली सहायता के बारे में बताया गया। मौके पर लोगों को आयुष्मान कार्ड समेत कई तरह की अन्य सरकारी स्वास्थ सुविधाओं के बारे में बताया गया। विधिक शिविर में लोगों को उनके अधिकारों और कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता व जानकारी प्रदान करना है। मौके पर अधिकार मित्र मुन्ना दास, अमलेश यादव, समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### हाइवा चोरी में शामिल तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**टंडवा (चतरा)।** पिछले दिनों 20 जुलाई को मां तारा पेट्रोल पंप के परिसर में खड़े हाइवा चोरी की घटना को महज तीन दिनों के अंदर टंडवा पुलिस ने बुधवार को उद्भेदन कर दिया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले गिरफ्तार तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू निवासी मो. शराफत उर्फ सरफराज हुसैन पिता मो. मुबारक अंसारी एवं निरंजन तुरी उर्फ करुआ पिता शनिचर तुरी तथा सिमरिया थाना क्षेत्र के एदला निवासी संजय कुमार पिता दशरथ महतो वाहन चोरी की घटना अंजाम देने में शामिल थे।

## कब्रिस्तान की चारदीवारी चंद माह में गिरा, ग्रामीणों ने विभाग पर अनियमितता का लगाया आरोप

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मासियतू ग्राम स्थित कब्रिस्तान का चारदीवारी योजना चंद महीनों में ही एक तरफ का हिस्सा गिर गया है। कल्याण विभाग द्वारा निर्माण बीते कुछ माह पूर्व कराई गई थी। चार दिवारी निर्माण को लेकर आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में उपयोग किए गए सामग्री में गुणवत्ता नहीं थी किसी भी सामग्री का मानक के हिसाब से मिलाया नहीं गया था। इसका खामयाजा चंद माह में ही बाउंड्री गिरने लगा है. ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और निर्माण कार्य करा रहे अध्यक्ष सहित समिति पर अनियमितता का आरोप लगाया है और बताया कि निर्माण योजना की राशि का बंदर बांट किया गया है। जिससे योजना भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित पदाधिकारी एवं निर्माण कार्य करा रही समिति पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### भाटचतरा में बायोवृद्ध शिविर का आयोजन

**बारियातू।** स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार ग्राम भाटचतरा बाजार टांड मे स्वास्थ्य जाँच व निशुल्क दवा वितरण को लेकर बायोवृद्ध शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे आयुष पद्धति से इलाज कर 126 मरीजों को मुफ्त दवा वितरण किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से डॉ सुरेंद्र कुमार डॉ सुरभि,नीरज कुमार,अलोक कश्यप ने चिकितसीय कार्य किया। वहीं शिविर को जिला आए डीएमओ ओम प्रकाश, सीएचओ मुकेश उरांव,सुमित, संजय सिंह सिंह ने सभी तरह के लगाए गए स्टॉल को निरिक्षण किया। जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ के आयुष चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार ने बताया की शिविर मे मुख्य रूप से बीपी शुगर जाँच व अन्य कई रोगियों को आयुष पद्धति से उपचार कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से सिबला, राजगुरु, मकरा, बेसरा, कुशमाहा भाटचतरा व झीरमतकोमा क्षेत्र के सहिया गांव के लोग पहुंचे जहाँ इसका लाभ लिया। मौके पर कई सहिया व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### थाना चौक से जर्री तक सड़क निर्माण की मांग

**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना चौक से बड़का बालूमाथ होते हुए जर्री तक की जर्जर सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग को लेकर बालूमाथ मुखिया साहित ग्रामीणों ने तेतरियाखाड़ के परियोजना पदाधिकारी जयप्रकाश रावत को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि यह सड़क अत्यंत ही खराब अवस्था में है। जिससे रोजमर्रा के जीवन में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है, कि बालूमाथ थाना चौक से जर्री तक की सड़क जर्जर अवस्था में है। जिससे हजारों की संख्या में ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चे-बच्चियां स्कूल जाने में, अस्वस्थ लोगों को जाने में,साथ ही छोटे बड़े उद्योग को संचालन करने मे साथ ही यह मार्ग दर्जनों गांव के साथ साथ टंडवा जाने का मुख्य मार्ग है। और इसका सुंदरीकरण जनहित में अत्यंत आवश्यक है। इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर सीएसआर योजना में शामिल किया जाए ताकि लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

### बीडीओ ने प्रखंडकर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज ने पंचायत व रोजगार सेवक व अन्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने बारी-बारी से पंचायतों में चल रहे मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास, अबुवा आवास, बिरसा हरित क्रांति योजना, आम बागवानी, आपूर्ति, कृषि गड्ढा खोदो अभियान आदि योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। बीडीओ ने पंचायत व रोजगार सेवक को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य में तेजी लाएं। कहा कि पंचायत में चल रही योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर क्लोज करें। साथ ही रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया कि सभी पुराने योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए क्लोज करें। सभी पंचायत सचिव जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन अनावश्यक लंबित नहीं रखेंगे. सभी आवेदनों का त्वरित एवं नियमानाकुल निष्पादन करेंगे.इसमें कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अबुआ आवास योजनाओं 23-24, एवं 24-25 के लंबित आवास को ससमय पूर्ण करने निर्देश भी दिया. जिन लाभुकों ने राशि लेकर काम नहीं किया है उन्हें नोटिस निर्गत करें अथवा राशि वापसी की प्रक्रिया का पालन करें।सभी पंचायत सचिवों को इस वर्ष अत्यधिक वषार्पात के मद्देनजर ऐसे ग्रामीण जिनका कच्चा मकान है, गिरने या क्षतिग्रस्त की संभावना है, उन्हें नजदीक के पक्का भवन में शिफ्ट करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया. बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आपूर्ति पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

### 76 वें वन महोत्सव का आयोजन

# अगली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण दें : विधायक


नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** वन प्रमंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को वन प्रमंडल, लातेहार अन्तर्गत वन प्रक्षेत्र, लातेहार के रा+2 उच्च विद्यालय पांडेयपुरा, लातेहार में 76 वें वन महोत्सव कार्यक्रम झ 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक, प्रकाश राम, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया।इ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वही लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, जलवायु संतुलन और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से वृक्षारोपण में भागीदारी करने का आह्वान किया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए, तभी इस अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी।

### मां उग्रतारा मंदिर परिसर पहुंचे एसडीओ अजय रजक, कहा-

# चोरों को जल्द करें गिरफ्तार

- पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मंदिर प्रबंधन समिति के साथ की बैठक
- जारी किए कई आवश्यक दिशा निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव की पहल पर बुधवार को लातेहार जिले के अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक नगर स्थित माँ उग्रतरा मंदिर परिसर पहुँचे। उनके साथ चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद,अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक,चंदवा थाने के सहायक अवर निरीक्षक श्रवण कुमार आदि पदाधिकारी भी मौजूद थे। मंदिर पहुंचकर अधिकारियों ने सर्वप्रथम मां उग्रतारा की पूजा अर्चना की। पूजा के उपरांत शाहदेव के द्वारा उन्हें मंदिर परिसर में रखे दान पेटी का अवलोकन कराया गया। ज्ञात हो कि गत्त दिनों मंदिर परिसर में रखे दान पेटी का ताला तोड़ कर अज्ञात अपराधियों ने रुपए चुरा लिए थे जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। चंदवा शहर में एक के बाद एक विरोध प्रदर्शन हुए और कई महतपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने मंदिर का दौरा भी किया था। झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से आग्रह किया था कि मंदिर संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयास किए जाएं। मंदिर भ्रमण के बाद परिसर में ही महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित लोगों ने तथा मंदिर के पुजारी अश्विनी मिश्रा ने मंदिर की प्रमुख समस्याओं से अनुमंडलाधिकारी को अवगत कराया।

वहीं बैठक में उपस्थित मोती लाल नाथ शाहदेव ने अपने निजी खर्च से मंदिर परिसर में तत्काल सीसीटीवी की व्यवस्था करने की बात कही। जिसका उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। झामुमो युवा मोर्चा की ओर से मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में जरूरी सूचनाओं के सूछनापट्ट लगाने पर सहमति दी। अगले एक हफ्ते के अंदर इस कार्य को सम्पन्न कराने की भी बात कही गई।

अनुमंडल अधिकारी ने पुलिस से मंदिर के आसपास गश्ती बढ़ाने और मंदिर में हुई चोरी की घटना का जल्द उद्वेदन करने का आदेश दिया। जिस पर चंदवा थाने के सहायक अवर निरीक्षक श्रवण कुमार ने कहा कि चंदवा पुलिस जल्द ही चोरी के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का उद्वेदन कर देगी और वह इसके बेहद करीब है। वहीं उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्ती की प्रक्रिया को भी प्रारंभ कर दिया गया है।

# तीन वर्षों के बाद फिर से जगमगाया हारुल गांव, ग्रामीणों में खुशी की लहर

- ग्रामीणों ने सांसद, विधायक व बिजली विभाग के प्रति जताया आभार
- पहले भी आई थी बिजली, तार चोरी होने की वजह से हुआ था अंधेरा

नवीन मेल संवाददाता




**कुंदा (चतरा)।** वर्षों के इंतजार के बाद आखिरकार प्रखण्ड के सुदूरवर्ती गांव चाया और हारूल में फिर से बिजली पहुंचने की उम्मीद जग गई है। बीते कुछ दिनों से इन गांवों में विद्युत आपूर्ति को बहाल करने का कार्य तेजी से चल रहा है। लंबे समय से अंधेरे में डूबे इन गांवों में एक बार फिर रौशनी लौटने वाली है, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई, गर्मी में पीने का पानी, मोबाइल चार्जिंग और रात की सुरक्षा जैसे अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब जब गांव में बिजली आने वाली है तो सभी बेहद उत्साहित हैं। ग्रामीणों ने सांसद, विधायक एवं बिजली विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की परेशानी अब खत्म होने वाली है। गौरतलब है कि लगभग तीन वर्ष पूर्व गांव में पहली बार बिजली पहुंची थी, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा केबल चोरी कर लेने से गांव पुनः अंधेरे में डूब गया था। अब दोबारा बिजली बहाल होने पर ग्रामीण उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार ऐसा नहीं होगा और उनका गांव स्थायी रूप से रोशन रहेगा।इस मौके पर आभार व्यक्त करने वालों में विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार सौंडीक, जसवंत कुमार, रघु कुमार समेत कई स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### लातेहार जिला के मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 10 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के मत्स्य पालकों को **फीड बेस्ड फिशरीज योजना** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है –

तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना

| क्र0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष | | विवरणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 796 | 789 | | |
| 1 | 2 mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 10 | 2 | i) इस योजना अंतर्गत मत्स्य कृषकों को मछली उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत अथवा मो0 25/– रु0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्ता युक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक का फिश फीड सपलब्ध कराया जायगा। ii) मत्स्य पालकों को 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर भी 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 25/– रु0 प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से देय होगा। iii) एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर अधिकतम मो0 25/– रु0 प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से देय होगा। | पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य कृषकों को फीड के क्रय पर निर्धारित अनुदान की राशि देय होगा। |
| 2 | झास्कोफिश / विभागीय फिश फीड मिल / PMMSY अंतर्गत निर्मित फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 8 | 3 | | |
| 3 | 2 mm से बड़े 4 mm तक के फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 10 | 1 | | |

नोट : उपरोक्त योजना हेतु आवेदन फार्म जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,लातेहार

PR 357984 Fish(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
E-Mail Id :- chatra_rwd@redifffmail.com

### –: कोटेशन आमंत्रण सूचना (तृतीय कॉल) :–

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA & PMGSY-III) अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तों के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है।

| Sl. No. | Description of Item | Work Time Period |
|---|---|---|
| 1. | Work regarding preparation, application and follow up of Wild Life Clearance proposal for the PMGSY Scheme (RCPLWEA) "Lawalong, Rimmi, Rampur, Jharania to Panki". Package No.:- JH02RCPL-CHA-06 Length:- 35.05 Km, Block:- Lawalong, District:- Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 2. | Work regarding preparation, application and follow up of Wild Life Clearance proposal for the PMGSY Scheme (RCPLWEA) "Kenduasahor to Sisiyatari"., Package No.:- JH-LWE-CHA-01/2021-22 Length:- 1.00 Km, Block:- Chatra Sadar (Kanhachatti) District:- Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 3. | Work regarding preparation, application and follow up of Forest Clearance proposal for the PMGSY Scheme (PMGSY-III) "MRL08-Kanhachatti PWD Road to Haug". Package No.:- JH02P3-22-23-CHA-01, Length:- 6.280 Km Block:- Chatra Sadar (Kanhachatti), District:- Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 4. | Work regarding preparation, application and follow up of Forest Clearance proposal for the PMGSY Scheme (PMGSY-III) "T09-T03 Adauriya More to T03 Humra More via Lipta, Fagua". Package No.:- JH02P3-22-23-CHA-05, Length:- 10.300 Km Block:- Pratappur, District:- Chatra (Jharkhand) | 30 Working Days |

**नियम एवं शर्तें** :– 1. कोटेशन दाता झारखण्ड राज्य का होना चाहिए।
2. कोटेशन दाता को पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
3. कोटेशन दाता को झारखण्ड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु GST निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा। GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्श का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए। इस हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए।
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्तों में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 23.07.2025 से 01.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 357957 Rural Work Department(25-26)#D

# न्यूज बॉक्स

## झारखंड के राज्यपाल से मिले गुरुकुल शांति आश्रम का प्रतिनिधि मंडल




**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं लोहरदगा जिला सेवा भारती का एक प्रतिनिधि मंडल राज भवन रांची में झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उन्हें अशोक स्तंभ की स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छा, राम दरबार की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किये। गुरुकुल में निर्मित कई पौष्टिक चीजें, एवं आयुर्वेदिक दवा भी भेंट किये। इस शिष्टाचार मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने लोहरदगा जिला में संस्कृतिक समस्याओं के साथ-साथ इस क्षेत्र के कई गतिविधियों की जानकारी दी। महामहिम को लोहरदगा आने का भी निमंत्रण दिए। महामहिम ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक सुने। प्रतिनिधिमंडल में गुरुकुल आश्रम के आचार्य शरदचंद्र आर्य, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, अजय पंकज, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ सम्मिलित थे।

## मुखिया ने बीडीओ से नाले पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की



**भंडरा।** प्रखंड के भैंसमुंदो पाड़ेबांध डैम के किनारे चावरा के खेतों तक बनाया गया नाला को अतिक्रमण करने की शिकायत पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी से की है। साथ ही कच्चा नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी को दिए आवेदन में उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा है कि भैसमुंदो गांव स्थित पाड़ेबांध डैम से भैयागांव चावरा खेतों में सिंचाई के लिए एनएच 143 एजी से होकर कच्चा नाला बना हुआ है। जिसे बेदाल दांड़ टोली निवासी कृष्णा साहू की पत्नी कलावती देवी द्वारा नाला को अतिक्रमण कर भैयागांव में आवास निर्माण कराया जा रहा है। इससे खेतों तक नहर का पानी जाना बंद हो गया है। इससे बारिश नहीं होने पर किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचना तय है। पांडेबांध डैम के भरोसे ही भैयागांव चावरा में सैकड़ों एकड़ भूमि पर धान की खेती होती है। बीडीओ को सौंपे गए आवेदन में पंचायत समिति सदस्य अनीता पन्ना, बालकृष्णा सिंह, तिलका भगत, बासुदेव उरांव, अनमोल कुमार सिंह, करमचंद उरांव, राजकुमार उरांव सहित किसानों का हस्ताक्षर शामिल है।

## आपसी विवाद में युवती ने खाया जहर गंभीर हालत में रांची रिम्स रेफर



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के जुरिय गांव में बुधवार दोपहर एक घरेलू विवाद के बाद एक युवती द्वारा जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार किसी पारिवारिक बात को लेकर दो बहनों के बीच कहासुनी हो गई थी। उसी दौरान युवती ने मानसिक तनाव और आक्रोश में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत उसे लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. केके मिश्रा ने प्राथमिक इलाज के बाद युवती की हालत नाजुक बताई और उसे बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिवारवालों का कहना है कि दोनों बहनों के बीच बहस किसी सामान्य विषय को लेकर हुई थी, लेकिन युवती ने बात को दिल से लगा लिया और भावनात्मक रूप से टूटकर यह कदम उठा लिया। इस तरह की घटनाएं पारिवारिक माहौल में संवाद और समझ की अहमियत को दर्शाती हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो वह बड़ी मानसिक पीड़ा का कारण बन सकती हैं। जरूरी है कि परिवार के सदस्य एक-दूसरे की भावनाओं को समझें और हर परिस्थिति में आपसी भरोसे और सहारे का वातावरण बनाए रखें।

## जिला आपूर्ति शाखा के निर्देश पर नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्यर्गत उरु चटकपुर में और झलजमीरा पंचायत ग्राम में जिला आपूर्ति शाखा के निर्देश पर नाटक के माध्यम से कार्डधारियों को राशन नही मिलने पर शिकायत करने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। पेशरार प्रखंड क्षेत्र के दुंदरु निवासी लोकनाथ लोहरा कला जत्था दल के कलाकारों द्वारा चटकपुर और झलजमीरा में नाटक का मन्वह्न कर राशन की कालाबाजारी का रोकथाम और कार्डधारियों को राशन नही मिलने पर जानकारी देते हुए बताया गया की राशन की कालाबाजारी होने और राशन नही मिलने पर कार्ड धारियों द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास आवेदन दे कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। सरकार का उद्देश्य है की कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे जिसके लिए सरकार मुफ्त में चावल गेंहू दे रही है। कोई भी पीडीएस दुकानदार कार्डधारियों को राशन नही दे कर राशन की कालाबाजारी करता है तो शिकायत मिलने से उस पर नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर कला जत्था दल के सचिव लोकनाथ लोहरा, भंडारी उरांव, रमेश महली, आकाश लोहरा,सुशांती देवी,विजय असुर, सुजीत सिंह समेत अन्य कलाकार और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थिग थे।

## चलो चले सुल्तानगंज, कांवर यात्रा आज

**लोहरदगा।** कांवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के तत्वावधान में आगामी सोमवार, 28 जुलाई 2025 को विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा घाघरा स्थित देवाकी बाबा धाम मंदिर (गुमला जिला) तक पैदल जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांवरिया संघ के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल ने बताया कि यात्रा हेतु 24 जुलाई को एक टोली सुल्तानगंज से गंगाजल लेने के लिए रवाना होगी, जिसके लिए अब भी 15 सीटें खाली हैं। इच्छुक श्रद्धालु मोबाइल नंबर 6203163101 पर संपर्क कर सकते हैं। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर शिव-पार्वती की भव्य झांकी और रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ श्रद्धालु भी भक्ति रस में झूमेंगे।

## भंडरा से देवघर के लिए शिव भक्तों का जत्था हुआ रवाना



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड बस्ती से बुधवार को भंडरा कांवरिया बम का एक जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। बाबा नगरी रवाना होने से पूर्व शिवभक्तों ने गेरुआ वस्त्र धारण कर अखिलेश्वर धाम के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की और देवताओं का दर्शन किए।जत्था का नेतृत्व कर रहे अनुज गुप्ता ने कहा कि सुल्तानगंज से गंगा का पवित्र जल लेकर देवघर व बासुकीनाथ का दर्शन पूजन करेंगे और बाबा से क्षेत्र सहित देशवासियों की सुख शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। बाबा नगरी जानेवालों में अनुज गुप्ता, राहुल गुप्ता, संजय साहू,आकाश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### प्रत्येक परिवार को मिले स्वच्छ पेयजल, बचे हुए घरों में नल कनेक्शन का कार्य शीघ्र करने का निर्देश

# आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों तक पेयजल आवश्यक रूप से पहुंचे

- जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों तक पेयजल पहुंचाएं

नवीन मेल संवाददाता



### प्रत्येक पंचायत में जलकर समिति का गठन हो

उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में जलकर समिति बनाने का निर्देश दिया। यह समिति पंचायत स्तर पर जलकर का निर्धारण और वसूली करेगी। आने वाले दिनों में संग्रहित इसी टैक्स की राशि का व्यय नल जल योजना के मरम्मती और रख रखाव में की जाएगी। कनीय अभियंताओं द्वारा गठन कर ली गयी जल कर समितियों की जानकारी उपायुक्त को दी।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत संचालित जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और बचे हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन का कार्य बाकी है, कार्ययोजना बनाते हुए उन गांवों में कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जलजीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज स्कीम में जहां कार्य अंतिम चरण में है वहां प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए उनको पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में जलजीवन मिशन अंतर्गत सभी घरों में शत प्रतिशत पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। ऐसा कोई परिवार नही हो जो पीने का साफ पानी से वंचित रहे। जिला प्रशासन की प्राथमिकता ऐसे वंचित परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने कहा कि जहां जल जीवन मिशन की योजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उनका जल्द से जल्द आवश्यक रूप से सर्टिफिकेशन करा लें। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा समेत सभी अन्य सहायक अभियंता व कनीय अभियंता उपस्थित थे।

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने वैसे आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालय, जहां तक नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है, उनका जल्द से जल्द सर्वे कराने का निर्देश दिया ताकि जल जीवन मिशन से जोड़कर ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया गया। साथ ही गोबर गैस के इस्तेमाल और प्लास्टिक कचरा उठाव व प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

## झारखंड की खुशहाली व संगठन की मजबूती ही हमारा लक्ष्य : धीरज साहू

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** पलामू प्रमंडल के संगठन, सृजन, मंथन कार्यक्रम में उपस्थित हुए लातेहार जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया जा रहे संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम 2025 में हमारा एक ही लक्ष्य है संगठन की मजबूती, मै पुनः सभी कार्यकर्ताओं को कहना चाहता हूं कि हम सभी कांग्रेस के सिपाहियों को एकजुट होकर अपनी एकता का परिचय देना होगा,जिससे हमारा संगठन और भी सुदृढ़ हो सके इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होगा,मैं हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ हूं जब जहां जैसा जरूरत पड़ेगा मैं हमेशा आपके बीच उपस्थित रहूंगा क्षेत्र की जनता की सेवा करना कांग्रेस पार्टी का धर्म है और कांग्रेस पार्टी वर्षों से देश की जनता की सेवा करती आ रही है,हमारे राज्य झारखंड की खुशहाली, विकास और संगठन की मजबूती ही हमारा लक्ष्य है हमें एकजुट होकर आने वाली चुनौतियों का सामना करना है और जनमानस के विश्वास को सुदृढ़ करते हुए देश की सर्वश्रेष्ठ पार्टी कांग्रेस को पुनः केंद्र की सत्ता में लाना है। मौके पर झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक बादल पत्रलेख, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, डॉ. अजय नाथ शाहदेव, दीपू सिन्हा, सत्यनारायण सिंह, निशीथ जयसवाल, युनुस अंसारी, एकरामुल अंसारी, निश्चय वर्मा, रौनक इकबाल, रेयाज अंसारी, उदय गुप्ता,अंसार सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए।

## राजू महतो का आरोप - चिन्हितीकरण आयोग में सरलीकरण के नाम पर हुआ फर्जीवाड़ा

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** झारखंड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को नीरू शांति भगत के आवासीय परिसर में जिलाध्यक्ष सह केन्द्रीय समन्वय समिति सदस्य अनिल कुमार भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत, केन्द्रीय महिला संयोजिका विनिता खलखो, एरेन कच्छप, मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि चिन्हितीकरण आयोग में सरलीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर फरजीकरण हुआ है। इससे वास्तविक आंदोलनकारी का चयन नहीं होकर फर्जी आंदोलनकारियों को चिन्हित किया गया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। राज्य निर्माण कर्ताओं के पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकारें विफल रहे। सरकार को आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने सहित 14 सूत्री मांग पत्र दिया गया है। सरकार को कम से कम गुरुजी मॉडल लागू करना चाहिए। प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश के खिलाफ आन्दोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन करे, ताकि आंदोलनकारियों की सभी तरह के समस्याओं का समाधान हो सके। उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं दिशोम गुरु झारखंड आंदोलनकारी के पुत्र हैं। वे झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और हक अधिकार देने के लिए पहल करते हुए जल्द से जल्द आंदोलनकारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। विनिता खलखो ने कहा कि केन्द्रीय समिति द्वारा सरकार को मांग पत्र दी गई है, उसे सरकार को मनवाने के लिए लगातार संघर्ष की आवश्यकता है। बैठक का संचालन सचिव विशेषण भगत और धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो ने किया। संबोधित करने वालों में एरेन कच्छप, उपाध्यक्ष उषा रानी लकड़ा, सहसचिव सोमनाथ भगत, दशरथ उरांव, मंगलेश्वर उरांव, विलियम कुजूर, सुख विलाश उरांव, सुशीला लकड़ा आदि शामिल थे। बैठक में जगदीश उरांव, मनोज उराँव, रामधनी भगत, सालेन लकड़ा, लौलेन तिर्की, तारा खलखो, सूरज मोहन लकड़ा, गंगा उराँव, रूदन उराँव, पिरिस्का कुजूर, अजय लोहरदगा आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। आगामी बैठक 20 अगस्त को किया जाएगा। 01 अगस्त को झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत जी की जयंती मनाई जाएगी। उपस्थित आंदोलनकारियों ने गंभीर रूप से बीमार चल रहे दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन, केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, अभय कुजूर जी के शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। अंत झारखंड आंदोलनकारी अरूण साहू, अमर कुजूर, नंदकिशोर सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजली दी गई। साथ उनके आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की गई।


कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या – 01/2025–26 (DE) दिनांक 23.07.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | किस्को | ग्राम नारी में मुरेरा खातुन के घर से सबीरूल अंसारी के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 642400.00 | 1250.00 | 12900.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | लोहरदगा | ग्राम नदिया में आर्मी कॉलोनी में चन्दर उराँव के घर से कमला उराँव के घर होते हुए मेन रोड की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1159100.00 | 2500.00 | 23200.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | ग्राम कुटमू जेलखाना में मंटू सिंह के घर से संजय उराँव के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1320500.00 | 2500.00 | 26500.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | पेषरार | ग्राम हुसरू में कविता लोहरा के घर से शमषान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1428100.00 | 2500.00 | 28600.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | सेन्हा | ग्राम डॉडू में जोभी बर से लेकर कोना खलिहान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2247900.00 | 5000.00 | 45000.00 | 03(तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.07.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 31.07.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 01.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा
PR 358009 (Lohardaga) 25-26 (D)



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)
जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 11 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिले के मत्स्य पालकों को निम्नलिखित लाभुक जनित योजनाओं हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है –

मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना

| क्र0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष | | विवरणी | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 796 | 789 | | |
| 1 | जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसान) के लिए पहचान–पत्र | 10 | – | इस योजना अंतर्गत जलाशय स्तर पर गठित/निबंधित मछुआरों/मछुआ सदस्यों को पहचान–पत्र निर्गत किया जायगा। | 21.08.2025 तक |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 02 | – | इस योजना अंतर्गत प्रति हे0 मो0 4.00 लाख रु0 मात्र महाझींगा पालन हेतु निर्धारित है। इस हेतु राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं महिला कोटि के लाभुकों को राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत अधिकतम मो0 128000/– रु0 मात्र प्रति ए0 देय है। शेष अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत अधिकतम मो0 112000/– रु0 मात्र देय होगा। शेष अंशदान लाभुक का होगा। | 21.08.2025 तक |
| 3 | मत्स्य कृषकों (बिरसा मत्स्य किसान) की गोष्ठी | 800 | 60 | इस योजना अंतर्गत राज्य से पंचायत स्तर तक मत्स्य पालकों के बीच जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष में दो बार गोष्ठी का आयोजन किया जायगा जिसपर मो0 100/– रु0 प्रति दिन प्रति बिरसा मत्स्य किसान की दर से राशि का भुगतान किया जायगा | माह अक्टूबर 2025 से माह फरवरी 2026 तक मत्स्य मित्रों के द्वारा गोष्ठी संपन्न किया जायगा। |
| 4 | पुरस्कार / सम्मान | 2 | 1 | इस योजना अंतर्गत उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरुप / सम्मानित करने हेतु अधिकतम राशि मो0 30000/– रु0 मात्र प्रति चयनित कृषक पुरस्कार के रुप में 12 paddle wheel aerator अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिंडर के लिए प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में DBT के माध्यम से दी जायगी। | 21.08.2025 तक |

नोट : उपरोक्त योजनाओं हेतु आवेदन फार्म जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। क्रमांक 1, 2 एवं 4 के लाभुकों का चयन राज्यादेश के आलोक में गठित समिति के द्वारा किया जायगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।
PR 357987 (Fish) 25-26 (D)



उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(सामाजिक सुरक्षा)
जिला बाल संरक्षण इकाई
Email:dcpslohardaga@gmail.com
–:आवश्यक सूचना:–

परिवार विहिन बच्चों के पालन–पोषण देखरेख (Foster Care) करने हेतु इच्छुक दंपत्ति/सामुहिक पालन–पोषण देखरेख (Group Foster Care) हेतु उपयुक्त सुविधा से संबंधित आवश्यक सूचनाः–

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प सं0–912/दिनांक–22.03.2018 के आलोक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिले में प्रायोजन (Sponsorship) एवं पालन–पोषण देखरेख (Foster Care) योजना संचालित है, जिसमें देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को इस योजना से लाभांन्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत् बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु आर्थिक सहायता एवं परिवार विहिन बच्चों का अल्पकाल/मूल्यांकन के आधार पर दीर्घकाल हेतु परिवार उपलब्ध कराना है। चूंकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हेतु परिवार अत्यंत महत्तवपूर्ण है, इसलिए परिवार विहिन बच्चों के सम्पूर्ण विकास हेतु किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं सरंक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत पंजीकृत जिले के विभिन्न बालगृहों में रहने वाले वैसे बच्चे जिसने 18 वर्ष की उम्र पूरी नहीं की है/वैसे बच्चें जिनके अभिभावक गंभीर बिमारी से ग्रसित है और उन्होनें बाल कल्याण समिति या जिला बाल संरक्षण ईकाई से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ है/वैसे बच्चे जो JJ Act के अनुसार देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले यथा– बेघर/प्राकृतिक आपदा से प्रभावित बच्चें/बाल श्रमिक/बाल विवाह से पीड़ित बच्चे/पलायन के शिकार बच्चें/HIV/AIDS से पीड़ित बच्चें/विशेष आवश्यकता वाले बच्चें/गुमशुदा या घर से भागे बच्चें/भीख मांगने वाले बच्चें/सड़क पर रहने वाले बच्चें/किसी प्रकार के हिंसा या शोषण के शिकार बच्चों को अल्पकाल/मूल्यांकन के आधार पर दीर्घ काल हेतु पालन–पोषण देखरेख (Foster Care) योजनान्तर्गत परिवार/सामुहिक पालन–पोषण देखरेख सुविधा से लाभांन्वित किया जाना है। इस कार्यक्रम के तहत् अनुरोध करने पर बच्चों के पालन–पोषण देखरेख के लिए सिमित अवधि हेतु प्रत्येक माह 4000/– अनुदान राशि नियमानुसार प्रदान की जा सकती है।

अतः लोहरदगा जिले के वैसे दंपत्ति/सामुहिक पालन–पोषण देखरेख वाले उपयुक्त सुविधा, जो उपरोक्त श्रेणी के बच्चों को प्राथमिकता के साथ अल्प अवधि/दीर्घ अवधि के लिए अपने परिवार/उपयुक्त सुविधा में रखकर उनका पालन–पोषण एवं देखरेख करना चाहते हैं। कृपया जिला बाल संरक्षण ईकाई, लोहरदगा के कार्यालय में आवेदन/विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते है।

कार्यालय पता:–कार्यालय, जिला बाल संरक्षण ईकाई, लोहरदगा,
द्वितीय तल, पाण्डेय गणपत राय भवन, समाहरणालय
परिसर, लोहरदगा।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा।
PR 358014 Lohardaga(25-26)D



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)
जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 10 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिले के मत्स्य पालकों को निम्नलिखित लाभुक जनित योजनाओं हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है –

तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना

| क्र0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष | | विवरणी | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 796 | 789 | | |
| 1 | तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता (एकड़ में) | 100 | 20 | इस योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र के तथा बंदोबस्त सरकारी तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु सीलीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अधिकतम मो0 1875/– रु0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र लगभग 5000 मत्स्य बीज प्रति एकड़ हेतु अनुदान | 17.10.2025 तक |
| 2 | पुराने आर0एफ0एफ0 / ओपन एरिया फार्मिंग (इकाई) | 10 | – | जलाशयों में स्थापित पुराने आर0एफ0एफ0 हेतु इनपुट पर मत्स्य बीज, पूरक आहार आदि पर अधिकतम मो0 25000/– प्रति यूनिट | 17.10.2025 तक |
| 3 | मत्स्यजीवी समितियों /सदस्यों के लिए नाव (इकाई) | 2 | 1 | मत्स्यजीवी सहयोग समिति / सदस्यों को एक अदद् नाव के क्रय पर अधिकतम मो0 30000/– रु0 मात्र अनुदान | 21.08.2025 तक |
| 4 | मत्स्यजीवी समितियों /सदस्यों के लिए गिल नेट (संख्या में) | 10 | – | जलाशयों में मछली की शिकारमाही करने वाले मत्स्यजीवी सहयोग समिति / सदस्यों /विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों के लिए प्रति लाभुक अधिकतम 5 कि0ग्रा0 गिल नेट पर 90 प्रतिशत की आर्थिक सहायता अधिकतम मो0 2655/– रु0 मात्र देय होगा | 21.08.2025 तक |
| 5 | नए आर0एफ0एफ0 / ओपन एरिया फार्मिंग (संख्या में) | 4 | – | नए आर0एफ0एफ0 के लिए प्रति चालीस मी0 X पाँच मी0 के नेट के साथ इनपुट व्यय सहित इकाई लागत मो0 86000/– रु0 अनुमानित है। | 21.08.2025 तक |
| 6 | समेकित मत्स्य पालन | 2 ST/ 2 Others | – | इस योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र के लिए मछली–सह–बत्तख पालन हेतु अ0ज0जा0 एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए निर्धारित इकाई लागत मो0 1,53,350/– रु0 पर 80 प्रतिशत राज्य सरकार का अंशदान। शेष अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत होगा। शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायगा। प्राथमिकता 1ए0 अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को दी जायगी किन्तु एक स्थल/ लाभुक पर एक यूनिट (160 ducklings) ही स्वीकृत किया जायगा। | 21.08.2025 तक |

नोट : उपरोक्त योजनाओं हेतु आवेदन फार्म जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। लाभुकों का चयन राज्यादेश के आलोक में गठित समिति द्वारा किया जायगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार
PR 357986 (Fish)25-26*D

# साइबर सुरक्षा को लेकर 'डिजिटल रक्षा पाठशाला' आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध, फर्जी वेबसाइट, फेक न्यूज़ और ऑनलाइन ठगी जैसे खतरों से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम "डिजिटल रक्षा पाठशाला" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्तिक उरांव कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसकी पहल उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मान, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक व अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएँ, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य, समाज कल्याण विभाग के कर्मी समेत 1000 से अधिक नागरिक उपस्थित थे। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की जैसे बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है, वैसे ही साइबर अपराध से बचने के लिए भी सतर्क रहना आवश्यक है।" उन्होंने एक व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्हें एक फर्जी टिकट बुकिंग लिंक मिला था, जिससे उनका डिवाइस हैक हो सकता था। उन्होंने फेक न्यूज़ को भी एक खतरनाक साइबर अपराध बताया, जो सामाजिक नुकसान पहुँचा सकता है। विशेषज्ञ पैनल में शामिल थे - शुभांगी शिफा (साइबर पीस फाउंडेशन), देशबंधु मिश्रा (गूगल डेवलपर ग्रुप, रांची), विवेक सिंह (आईटी मैनेजर एवं सीईओ), सुनील कुजूर (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, साइबर पीस)। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया। फर्जी वेबसाइट की पहचान- ओटीपी और फर्जी लिंक से जुड़ी धोखाधड़ी से बचाव, लाइव डेमो के ज़रिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की विधि, सोशल मीडिया पर जागरूक व्यवहार की आवश्यकता, साइबर पीस हेल्पलाइनः 9570000066।

एसपी हरीश बिन ज़मान ने बताया कि अब साइबर अपराधी ओटीपी, लिंक, वॉयस सैंपल और फोटो तक का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्होंने 1930 हेल्पलाइन नंबर की महत्ता पर जोर देते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। अपर समाहर्ता ने कहा कि यह पाठशाला गुमला जिले में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित की गई है और इसका उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं बल्कि डिजिटल रूप से सशक्त समाज का निर्माण है। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें कई नागरिकों ने अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड के अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। इस सत्र में प्रभावशाली वीडियो फुटेज के माध्यम से साइबर क्राइम के खतरे को और अधिक स्पष्ट किया गया।

मंच संचालन डीएमएफटी फेलो अविनाश पाठक ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राजीव रौशन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जनसंपर्क पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, ईडीएम गुमला सहित अन्य अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

### साइबर सुरक्षा के लिए अपनाएं ये सावधानियां

- संदिग्ध लिंक/वेबसाइट पर क्लिक न करें
- ओटीपी, पासवर्ड या बैंक जानकारी किसी से साझा न करें
- लॉटरी, इनाम या मुफ्त ऑफर वाली कॉल/मैसेज पर विश्वास न करें
- फेक न्यूज़ को आगे बढ़ाने से पहले सत्यता की पुष्टि करें
- मजबूत पासवर्ड बनाएं और नियमित रूप से बदलें
- सोशल मीडिया पर अपनी जानकारी सीमित करें
- धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें
- महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
- गुमला साइबर सेल: 7909098129, साइबर पीस हेल्पलाइन: 9570000066, राष्ट्रीय साइबर पोर्टल: www.cybercrime.gov.in, आपातकालीन हेल्पलाइन : 1930

## सदर अस्पताल में मासूम की मौत का मामला गरमाया



- **कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने अस्पताल पहुंच कर जताई चिंता, व्यवस्था सुधार की मांग**

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में डेढ़ वर्षीय मासूम खुशी कुमारी की मौत के मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। इलाज में हुई देरी और एसएनसीयू वार्ड के मॉनिटरिंग डिवाइस के खराब रहने की खबरों के बीच कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने अपनी जिला टीम के साथ अस्पताल पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। जिलाध्यक्ष ने सिविल सर्जन अनुपम किशोर से उनके कार्यालय कक्ष में भेंट कर मामले की वस्तुस्थिति समझी। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि बच्ची की मौत अस्पताल लाए जाने से पूर्व ही हो चुकी थी, जबकि पर्ची कटाने में हुई देरी और इलाज की प्रक्रिया में खामियों को लेकर उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने की बात स्वीकार की। एसएनसीयू वार्ड के मॉनिटरिंग डिवाइस की खराबी पर सिविल सर्जन ने बताया कि एक मामूली तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसे ठीक करने के लिए रांची से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बुलवाई गई है। देर रात तक डिवाइस के पुनः चालू होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर अन्य मशीनों की सर्विसिंग भी करवाई जा रही है। जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अस्पताल में किसी भी मरीज की मृत्यु किसी तकनीकी गड़बड़ी या लापरवाही के कारण न हो। अस्पताल में कार्यरत सभी मशीनों और विशेष रूप से एसएनसीयू वार्ड की सभी डिवाइसेज़ की समय-समय पर जांच और रखरखाव अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न घटें।" इसके बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों से उनकी समस्याएं, मिल रही सुविधाएं और इलाज की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव फिरोज आलम, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, गुलाम सरवर, रामनिवास प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यह दौरा न केवल प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आम जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका कितनी जरूरी है।

### 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाने का लिया गया निर्णय

**सिसई।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रधान कार्यालय सिसई में मंगलवार की दोपहर को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष सिसई में 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया था। वहीं इस वर्ष भी आगामी 8 अगस्त 2025 को पुराने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई परिसर में भव्य तरीके से शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। शहादत दिवस कार्यक्रम में गुमला जिला के सभी चिन्हितीकरण झारखंड आंदोलनकारियों की उपस्थिति रहेगी।

## बंद पड़ा इंडोर स्टेडियम, मायूस लौट रहे है बैडमिंटन खिलाड़ी

**बसिया।** बैडमिंटन खिलाड़ियों के अरमान को दिशा दिखाने के लिए बसिया में बना इंडोर स्टेडियम भ्रष्टाचार और लालफीताशाही प्रतीक बनकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के दावों के साथ बने इस स्टेडियम को अब लगभग एक वर्ष पूरे हो रहे हैं परंतु अभी तक इसे आम नागरिकों के लिए नहीं खोला जा सका है। मिली जानकारी के अनुसार इस स्टेडियम पर भ्रष्टाचार की काली छाया पड़ गई है और लाखों रुपयों के प्राक्कलन पर अब लीपापोती का परत चढ़ाया जाना शेष रह गया है। ऐसा तब है जबकि बतौर उपायुक्त जिले की कमान उस अधिकारी के हाथों में है जो खुद बैडमिंटन की अच्छी खिलाड़ी है और जिले में बैडमिंटन को पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत भी दिखाई पड़ रही है। बसिया में बना यह स्टेडियम इसलिए भी चर्चा में है कि इसके आधारभूत संरचना को मुख्य कोर्ट के निर्माण और मुख्यद्वार की औपचारिकता के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ रहा है। संदर्भवश दिलचस्प तथ्य यह भी है कि विभागीय अधिकारियों को स्टेडियम के प्राक्कलन राशि की कोई जानकारी ही नहीं है परन्तु संवेदक को दिए जाने वाले बकाए राशि का पूरा ज्ञान है। इस संबंध में पूछे जाने पर स्टेडियम निर्माण के कार्य पूर्ण हो जाने का दावा तो कर दिया जाता है परन्तु बैडमिंटन के शौकीन खिलाड़ियों को महीनों से ताला खुलवाने के सवाल पर चुप्पी साध ली जाती है। विडंबना यह कि बसिया दौरे आई उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा एलआरडीसी शेखर कुमार के माध्यम से स्टेडियम चालू करके टूर्नामेंट आयोजित करने हेतु दिया गया आदेश भी नाकाम साबित हो चुका है।

## जौली प्राथमिक विद्यालय में किताबों को जलाकर पकाया गया मिड-डे मील

### बच्चों की शिक्षा से हो रहा खिलवाड़

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो।** भरनो प्रखंड के सुदूरवर्ती जौली गांव स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। विद्यालय में मिड डे मील (मध्यान्ह भोजन) तैयार करने के लिए लकड़ी के चूल्हे का उपयोग किया जा रहा था, और ईंधन की कमी के चलते स्कूली किताबों को फाड़कर जलाया जा रहा था। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को विद्यालय परिसर में रसोईया द्वारा चावल, दाल, सोयाबीन बरी और आलू की सब्जी बनाई जा रही थी। इसी दौरान लकड़ी की आंच तेज करने के लिए बच्चों की किताबों को फाड़कर जलाया जा रहा था। रसोईया बिरसमुनी देवी ने बताया कि गैस सिलेंडर खत्म हो गया है, इसलिए लकड़ी जलाकर खाना पकाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि किताबें उन्हें प्रभारी शिक्षक द्वारा ही दी गई थीं। यह विद्यालय प्रखंड मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। विद्यालय में कुल 45 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, किंतु बुधवार को मात्र 6 बच्चे ही उपस्थित थे। स्कूल में एक स्थायी शिक्षक राजेश खेस प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में पदस्थापित हैं जबकि एक पारा शिक्षक कुचडू उरांव भी कार्यरत हैं। घटना के दिन प्रभारी शिक्षक कार्यालयीय कार्य के लिए बीआरसी भरनो गए हुए थे और स्कूल में केवल पारा शिक्षक द्वारा शिक्षण कार्य किया जा रहा था। विद्यालय में शिक्षा की अनदेखी और संसाधनों की इस प्रकार की घोर लापरवाही बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि मिड डे मील केवल गैस चूल्हे पर ही पकाया जाए, इसके बावजूद लकड़ी के चूल्हे का उपयोग और उसमें पाठ्यपुस्तकों को जलाना गंभीर लापरवाही को उजागर करता है।

## न्यूज बॉक्स

### राशन डीलरों ने की घर-घर ई-केवाईसी अभियान तेज, बीडीओ ने किया निरीक्षण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने और लाभार्थियों की सुविधा के लिए, राशन डीलर अब फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से डोर-टू-डोर ई-केवाईसी कर रहे हैं। इसका मतलब है कि राशन कार्ड धारकों को अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए जनवितरण प्रणाली की दुकान पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि डीलर स्वयं उनके घर जाकर फेस स्कैनिंग के जरिए ई-केवाईसी पूरा कर रहे हैं।आज, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने इस महत्वपूर्ण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने कई जनवितरण प्रणाली दुकानों और उनके द्वारा चलाए जा रहे घर-घर केवाईसी कार्यों का जायजा लिया। बीडीओ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह लाभार्थियों के लिए बेहद सुविधाजनक है और इससे केवाईसी प्रक्रिया में तेजी आएगी।यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि सभी पात्र लाभार्थी अपनी राशन सुविधाओं का बिना किसी बाधा के लाभ उठा सकें। फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक से फर्जीवाड़ा रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

### बिरसा पीएम फसल बीमा योजना को लेकर सिसई प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित

**सिसई।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसल 2025 के लिए अधिसूचित धान और मकई फसलों का फसल बीमा योजना से किसानों को लाभ पहुंचाने को लेकर बुधवार की दोपहर को सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में विशेष बैठक किया गया। बैठक में बताया गया कि मात्र 1 में किसान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन कराकर अपने खरीफ फसलों की सुरक्षा का लाभ ले सकते हैं। इस संबंध में किसान मित्र, जनप्रतिनिधि और प्रज्ञा केन्द्र के संचालकों को आवेदन उपलब्ध कराया गया है। बीमा कराने के लिए किसानों को अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, जमीन की रसीद, वार्ड एवं मुखिया, से सत्यापित वंशावली और आवेदन लेकर जाना होगा। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। बीमा करने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालकों को बीमा कंपनी और सरकार के द्वारा राशि भुगतान किया जाएगा। इस लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क मात्र एक रूपए में ही बीमा करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए सभी प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को कहा है कि सरकार द्वारा निर्धारित राशि पर ही बीमा करें। वहीं अधिक राशि लेने की जानकारी होने पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है।

### मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मान के निर्देशानुसार पालकोट थाना में सड़क सुरक्षा के तहत विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं सड़क सुरक्षा टीम द्वारा थाना परिसर में मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के दौरान 35 ऐसे वाहन चालकों की काउंसलिंग की गई जो वाहन चेकिंग के क्रम में पकड़े गए थे। उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया गया कि हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग कैसे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक होता है। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं की और अन्य लोगों की जान की रक्षा के लिए यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 'गुड सेमेरिटन योजना' की जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। यह राशि उस व्यक्ति को दी जाती है जो दुर्घटना के बाद घायल को एक घंटे के अंदर यानी गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाता है। इसके लिए अस्पताल में मददकर्ता का नाम पंजीकृत कराया जाना आवश्यक है ताकि प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म 14 वर्षीय किशोर पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां जयरागी आनाबीरी की साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। इस जघन्य अपराध के आरोप में 14 वर्षीय एक किशोर पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।बच्ची के परिजनों ने डुमरी थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है। डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत मिलते ही तत्काल पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस इस गंभीर मामले की गहनता से जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और स्थानीय लोग बच्ची के लिए तत्काल न्याय की मांग कर रहे हैं।

### देवाकी बाबाधाम मंदिर में 26 व 27 जुलाई को रूद्रभिषेक का आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर परिषर में आगामी 26 एवं 27 जुलाई को 24 घंटे का अखंड महारुद्राभषेक का आयोजन किया जाना है। घोर अघोर अवधूत भगवान के शिष्य कल्याण बाबा एवं काशी से आये ब्राह्मणों की टोली उक्त महारुद्राभिषेक कार्यक्रम को सम्पन्न कराएंगे। महारुद्राभिषेक में शामिल होने वाले श्रद्धालु आगामी 26 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे देवाकी बाबाधाम पहुँच जाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुवे कल्याण बाबा ने बताया कि काशी के पंडित मधुकर दुबे, आदर्श दुबे, शिखर त्रिपाठी, हर्ष पांडेय, अभिषेख शास्त्री, यश शुक्ला शास्त्री, राम इकबाल एवं लगन दुबे द्वारा अखंड महारुद्राभिषेक कराया जाएगा। इस कार्य मे भाग लेने के लिए इच्छुक श्रद्धालु यजमान प्रदीप प्रसाद के मोबाइल नम्बर 9308411143 पर सम्पर्क कर सकते है। कल्याण बाबा ने श्रावण मास में अखंड महारुद्राभिषेक में भाग लेने से मनोकामना पूर्ण होने एवं सभी रोगों से मुक्ति प्राप्त होने की बात कही।

### जन शिकायत निवारण दिवस पर पेंशन व प्रमाण पत्र से संबंधित दर्जनों आवेदन प्राप्त

**भरनो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी (सीओ) अविनाश कुजर द्वारा की गई। जनसमस्याओं के समाधान और योजनाओं से संबंधित आवेदन को लेकर आयोजित इस शिविर में प्रखंड कार्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता की शिकायतें और आवेदन प्राप्त किए गए। कार्यक्रम के दौरान कुल 7 लाभार्थियों द्वारा वृद्धा पेंशन और मईंया सम्मान योजना के लिए आवेदन जमा किए गए, जिससे समाज के वंचित वर्ग को लाभ दिलाने की दिशा में सार्थक पहल मानी जा रही है। अंचल विभाग में भी लोगों ने जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जमीन से संबंधित दाखिल-खारिज, ऑनलाइन रसीद, नया राशन कार्ड बनवाने एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने जैसे मामलों में आवेदन किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी रामकृष्णा ओहदार, ललिता मिंज, बलराम भगत, और राजीव कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तत्परता से जनता की समस्याओं को सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा।

### –: आम सूचना :–

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत थाना रोड, सिमरिया में स्थित बन्हे आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति के स्थान पर प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, सिमरिया का संचालन किया जा रहा है। प्रखण्ड के सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं का चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच एवं पशुपालन की योजनाओं से संबंधित लाभ हेतु उक्त स्थान पर संपर्क करें। पशु चिकित्सालय का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.358022 Animal Husbandry(25-26):D

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, लातेहार

### रिक्ति की सूचना
### दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला : 2025 (दिनांक : 26/07/2025)

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 26.07.2025 दिनः शनिवार के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुल मैदान में एक दिवसीय **दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025** का आयोजन किया जा रहा है। **रोजगार मेला** : 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Place | Pay |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | Indian Institute Of Skill Development Pvt. Ltd, Gurgaon, Haryana | Trainee | 100 | 10th | - | - | 18-21yrs | - | 14167/- |
| 2 | Sheetla Associates Gurgaom | Helper | 40 | 10th | - | - | 18 yrs+ | - | 13258/-PM |
| | | ITI | 25 | ITI Dip. | - | - | 18 yrs+ | - | 17000- |
| 3 | Premsons Motors Udyog Pvt. Ltd Ranchi, Jharkhand | Field Sales Executive | 05 | 12th | - | - | - | Latehar | 17000/- |
| 4 | Distil Education & Technology Pvt. Ltd. Aurangabad, M.H. | NAPS Trainee | 200 | 10th | I.T.I. | - | 18-26 Yrs. | – | 17250-19906/- |
| 5 | SBI Life Insurance Co. Ltd. Latehar | Sales Manager | 10 | - | - | - | - | Latehar | 2L-3L |
| | | Life Mitra | 50 | - | - | - | - | Latehar | Commission Base |
| | | Office Staff | 02 | - | - | - | - | Latehar | 2L-3L |
| 6 | Vision India Pvt. Ltd | Trainee Operator Apprenticeship | 100 | ITI Technical Trades (2 Yrs –NCVT) | - | - | - | - | 16000 /-+1000 Bonus |
| 7 | CAIT EDUSYS PVT. LTD. | NATS/PRODUCTION/QUALITY /CASHIER/DATA OPERATOR | 120 | BE/B.TECH/DIP, ITI, Non-Technical, 12th, Graduation | - | - | 18-34 Yrs. | - | 15K – 28k |
| 8 | Edique Solution pvt. Ltd. Kadru, Ranchi | ICT Instructor | 25 | PGDCA, BCA,MCA, | Graduation | - | 18-35 Yrs. | - | - |
| 9 | Rajasthan Textile Mills Bhawanmandi | Machine Operator | 250 | 5th – 12th | - | - | 18-35 Yrs. | - | 15967/- |
| | | | 100 | 5th -12th | - | - | 18-30 Yrs. | - | 8053/- |
| 10 | Yashaswi Group | | | 10th & Above | - | | 18-30 Yrs. | - | 19000-21000 |
| | Tirth Agro Technology Pvt. Ltd. | Apprenticeship | 400 | | | | | - | 19000-21000 |
| | Satyam Auto Components Ltd. | | | | | | | - | 17800-2100 |
| | Havmor Ice-Cream | | | | | | | - | 13000/- |
| | Krishna Maruti Ltd. | Learn & Earn | 150 | | | | | - | 15000 |
| 11 | SIS BELCHAMPA GARHWA | SECURITY GUARD | 250 | 10TH | - | - | 19-40 | - | 15000-25000 |
| | | SECURITY SUPERVISOR | 25 | 12TH | - | - | 21-40 | - | 21500-30500 |
| | | DOG HANDLER | 25 | 10TH | - | - | 21-35 | - | 15500-22500 |
| | | CASH CUSTODIAN | 100 | 10TH | - | - | 19-35 | - | 14500-20000 |
| | | SIS CO SECURITY | 100 | 10TH | - | - | 19-45 | - | 19500-22500 |
| | | GTO | 250 | GRADUATE | - | - | 21-35 | - | 27500-34000 |
| 12 | Frontline Globel Services4th Floor, Pragati Enclave, Ishwari Niketan, New Alkapuri, Ranchi-834002 | Trainer-Phlebotomy | 5 | Dip. in GNM | - | - | | - | 300000-360000 Annually |
| | | I.T Trainer | 5 | BCA/BSCIT/PGDCA | - | - | 25-35 | - | 180000-240000 Annu |
| | | Soft skill Trainer | 5 | Graduate & Above with good communication skill | - | - | 25-35 | - | 180000-240000 Annually |
| | | H.R Executive | 5 | Graduate and above | - | - | 25-35 | - | 240000-300000 Annu. |
| | | Project Coordinator | 5 | Graduate and above | - | - | 25-35 | - | 240000-300000 Annu. |
| | | Medical Lab Technician | 100 | Inter pass with Science | - | - | 18-35 | - | 144000-180000 Annu. |
| 13 | Pranabnaman Minerals Pvt. Ltd. Ranchi | Tipper Driver | 100 | Driving License of Heavy & Transport Vehicle | - | 24 month | 20 yr+ | Balumath | 20K-22K |
| 14 | City Hospital, Latehar | Lab Technician | 01 | DMLT | - | - | 20-30 | Latehar | 15000/- |
| | | Nursing (GNM) | 02 | GNM | - | - | 20-35 | Latehar | 12000/- |
| | | Nursing (ANM) | 02 | ANM | - | - | 20-35 | Latehar | 10000/- |
| | | Marketing Executive | 02 | Graduation | - | - | 20-30 | Latehar | 18000/- |
| 15 | Credit Access Graeme Ltd Ranchi | TKM | 30 | 12th ITI | 12th, ITI, Grad. | - | 18-30 | - | 12250/- CTC |
| 16 | Daksya Academy Pvt. Ltd, Latehar | Trainer CCE (Customer Care Executive) | 02 | Graduate | - | 2 Yrs. | 23-35 | - | 12K- 20K |
| | | Trainee MST –Food Processing | 02 | Diploma Hotel Management | - | 4 Yrs. | 23-35 | - | 15K- 25K |
| | | Trainee ST – Sample Tailoring | 01 | Graduate | - | 2Yrs. | 23-32 | | 10K 15K |
| | | Worden Girls Hostel | 01 | 10th | - | Basic Know. of Computer | 25-35 | - | 10K 12K |
| 17 | VPR-VGR-PLR CONSORTIUM, MAGADH OCP BALUMATH | Surface miner ASSISTANT MECHNIC | 01 | ITI | - | 1YR. | 22 | Balumath | 13000+FOOD+ACCOM |
| | | Dozer Mechanic | 02 | ITI | - | 1Yr | 22 | Balumath | 13000+FOOD+ACCOM. |
| | | Data Entry | 01 | Ms. Office, Google Sheet | - | 3yrs | 22 | Balumath | 13000+FOOD+ACCOM. |
| | | Dozer Mechanic | 05 | ITI | - | 2yrs. | 22 | Balumath | 13000+FOOD+ACCOM. |
| 18 | Maett Skill Ranchi | District Manger | 01 | Master Degree | - | 1yr. | 25+ | Latehar | 25K + T.A. |
| | | Block Co-coordinator | 7 | Graduate | - | Fresher | 20+ | Latehar | 20K + T.A. |
| | | Mobiliser | 50 | 12th | - | Fresher | 18+ | Latehar | 18K + T.A. |
| | | SMO Trainee | 90 | 5th | - | Fresher | 18-28 | - | 13K |
| | | Computer trainee | 60 | 10th | - | Fresher | 18-28 | - | 14K |
| | | GDA Trainee | 60 | 10th | - | Fresher | 18-28 | - | 10K |
| | | Electrician Trainee | 60 | 10th | - | Fresher | 18-28 | - | 14K |
| 19 | LIC of India, Latehar | L.I.C. Agent | 100 | 10th | - | Fresher | 18+ | Latehar | 7000/- |
| 20 | Navedha Knittsv Vijayapuram, Tirupur | SMO (Tailor) | 100 | 8th | 10th | Fresher | 18-30 | - | 10000-15000/- |
| | | SET | 200 | 8th | 10th | Fresher | 18-30 | - | 10000-15000/- |
| | | Helper | 100 | 8th | 10th | Fresher | 18-35 | - | 10000-15000/- |
| | | GNM/ANM | 04 | GNM/ANM | | Fresher | 18-35 | - | 10000-15000/- |
| 21 | Satin Credit Care Network Ltd. Daltonganj | TSCO | 50 | 12th above | – | Fresher | 18-30 | Latehar/ Palamu/ Garhwa | 19k+CTC+Accomodation |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त **रोजगार मेला – 2025** में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।**

**आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामनाओं के साथ,**

**दिनांकः 26.07.2025, दिनः शनिवार**

**समय : पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक।**

**स्थान : जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार।**

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 358013 (Labour Employment and Traning)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

“धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।” - प्रेमचंद

## संपादकीय


### इंडिया आउट से चीफ गेस्ट तक

भारत से घृणा का सार्वजनिक प्रदर्शन करने वाले प्राकृतिक सौंदर्य से मालामाल मालदीव के रुख में अंतर भारत की विजय या मालदीव की हार नहीं बल्कि एक व्यावहारिक कदम है। पीएम मोदी की मालदीव यात्रा, दोनों देशों की पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों की पुष्टि करेगी। यह यात्रा कई कारणों से महत्वपूर्ण है। नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से यह मोदी की पहली मालदीव यात्रा होगी। मोदी को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह के लिए 'मुख्य अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया गया है। वर्ष 2025, राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ भी है। गौरतलब है कि मुइज्जू राष्ट्रपति चुनाव से पहले तथाकथित 'इंडिया आउट' अभियान से जुड़े थे, लेकिन उन्होंने ही दिसंबर 2023 में दुबई में कॉप28 के दौरान मोदी से मुलाकात के बाद आधिकारिक बयान में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, आर्थिक सहयोग और संपर्क विकसित करने की बात की। दोनों पक्ष एक कोर ग्रुप बनाने पर भी सहमत हुए थे। इस बीच मीडिया रिपोर्टों में मुइज्जू की उस टिप्पणी को खूब प्रचारित किया गया, जिसमें उन्होंने भारतीय सेना के उन तकनीकी कर्मियों को वापस बुलाने की बात कही थी, जो डोर्नियर विमान और भारत द्वारा उपहार में दिए गए दो हेलिकॉप्टरों का परिचालन कर रहे थे। मार्च 2024 तक, दोनों पक्षों ने इस मुद्दे को चतुराई से सुलझा लिया था। जून 2024 में मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुइज्जू की भारत यात्रा और उसके बाद अक्तूबर में उनकी राजकीय यात्रा अत्यधिक सफल रही। इस दौरान मुइज्जू ने न केवल आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त विजन दस्तावेज को अंतिम रूप दिया, बल्कि इस बात को भी दोहराया कि रक्षा व समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण भागीदार देश है। भारत 1981 से ही मालदीव को खाद्यान्न और निर्माण सामग्री समेत कई आवश्यक वस्तुएं प्रदान करता रहा है। 2024 की पहली तिमाही में मालदीव का ऋण भार असामान्य रूप से अधिक था। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 40 करोड़ डॉलर, 3,000 करोड़ रुपए की आपातकालीन बजटीय सहायता के साथ-साथ 10 करोड़ डॉलर मूल्य के ट्रेजरी बिलों के ब्याज-मुक्त रोल-ओवर के लिए एक मुद्रा विनिमय समझौता किया। इस वर्ष भी, मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी पांच करोड़ डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए स्वीकार कर लिया है। 'सबका साथ, सबका विकास' केवल एक नारा नहीं है; यह भारत के अपने पड़ोस के साथ जुड़ाव का मार्गदर्शक सिद्धांत है। बीते वर्ष कई उच्चस्तरीय संपर्कों ने मोदी की यात्रा की नींव रखी है। मालदीव के विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ-साथ मालदीव मजलिस के अध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधिमंडलों ने भी भारत का दौरा किया है। भारतीय विदेश मंत्री ने भी अगस्त 2024 में मालदीव की यात्रा की थी। पिछले साल मुइज्जू की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने रक्षा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी, जिसमें मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) की निगरानी क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इसमें रडार प्रणाली और अन्य उपकरण देने की व्यवस्था भी शामिल थी। संयुक्त विजन दस्तावेज में भारत द्वारा मालदीव की जरूरतों के अनुसार क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सहित जल सर्वेक्षण मामलों पर मालदीव के समर्थन की भी बात कही गई थी।

*मोदी को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह के लिए 'मुख्य अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया गया है।*

# आर्थिक ईमानदारी का राष्ट्रीय उत्सव

## ईमानदारी से भरा रिटर्न, समृद्ध भारत की दिशा में कदम




भारत की प्रगति की नींव में प्रत्येक नागरिक का योगदान एक सुनहरी कड़ी है, और 24 जुलाई को मनाया जाने वाला आयकर दिवस इस सत्य को गर्व के साथ उजागर करता है। यह दिन केवल कर भुगतान की औपचारिकता नहीं, बल्कि एक प्रेरक आह्वान है—एक ऐसा आह्वान जो हर करदाता को राष्ट्र के स्वप्नों का साझेदार बनाता है। 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा प्रस्तुत आयकर अधिनियम ने भारत की आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ा था। यह वह बीज था, जिसने आज एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैश्विक मंच पर अग्रणी भारत की नींव रखी। 2025 में, जब देश डिजिटल क्रांति और आर्थिक नवाचार के शिखर पर खड़ा है, आयकर दिवस एक राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है, जो नागरिकों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागृत करता है। इस वर्ष की थीम “सशक्त करदाता, समृद्ध राष्ट्र” हर करदाता के दिल में यह विश्वास जगाती है कि उनका योगदान देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है। आयकर प्रणाली भारत की आर्थिक रीढ़ की तरह है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों को पोषित करती है। प्रत्येक करदाता का योगदान, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, राष्ट्र के विकास में एक मजबूत ईंट जोड़ता है। यह केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रतिबद्धता है, जो हर नागरिक को देश के सपनों से जोड़ती है। जब एक करदाता अपनी आय का हिस्सा सरकार को सौंपता है, तो वह न केवल आर्थिक प्रगति में योगदान देता है, बल्कि सामाजिक समानता और कल्याण की नींव को भी सुदृढ़ करता है। 2025 में, जब भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, करदाताओं की यह भूमिका एक प्रेरक कहानी बन चुकी है।

हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने आयकर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और करदाता-अनुकूल बनाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया के तहत फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील, प्री-फिल्ड आईटीआर फॉर्म और नई कर प्रणाली जैसे नवाचारों ने कर प्रक्रिया को न केवल सहज बनाया, बल्कि भ्रष्टाचार और मानवीय त्रुटियों को भी न्यूनतम किया है। 2025 में, एआई-सक्षम टैक्स पोर्टल और एकीकृत टैक्सपेयर हेल्पडेस्क ने करदाताओं को अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है। अब कर रिटर्न दाखिल करना एक समयबद्ध, तकनीकी और उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रक्रिया बन चुकी है। छोटे करदाताओं के लिए विशेष छूट और डिजिटल स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहन योजनाओं ने औपचारिक अर्थव्यवस्था में अधिक लोगों को शामिल किया है। ये सुधार सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाते हैं, जो आर्थिक समावेशन और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है।

आयकर प्रणाली का एक अनूठा आयाम यह है कि यह प्रत्येक नागरिक को वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाती है, जो आर्थिक जागरूकता का दीपक जलाती है। कर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया व्यक्ति को अपनी आय, व्यय, निवेश और बचत का सूक्ष्म लेखा-जोखा रखने के लिए प्रेरित करती है, जिससे वह न केवल आर्थिक रूप से अनुशासित बनता है, बल्कि अपने भविष्य के प्रति सजग और सशक्त भी होता है। सरकार द्वारा संचालित 'साक्षर करदाता अभियान' स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक संगठनों में वित्तीय शिक्षा की अलख जगा रहा है, जो युवा पीढ़ी को जिम्मेदार और दूरदर्शी नागरिक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। एक वित्तीय रूप से साक्षर समाज ही वह मजबूत नींव है, जो एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकारी भारत का निर्माण करता है। 2025 में, आयकर प्रणाली ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी गले लगाया है। ग्रीन टैक्स इंसेंटिव्स और सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट छूट जैसी नीतियों ने हरित ऊर्जा, ई-मोबिलिटी और पुनर्नवीकरणीय संसाधनों में निवेश करने वालों को प्रोत्साहित किया है। यह न केवल आर्थिक विकास को गति देता है, बल्कि पर्यावरणीय नैतिकता को भी बढ़ावा देता है। इस तरह, आयकर प्रणाली अब केवल वित्तीय योगदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और पर्यावरणीय प्रगति का एक समग्र मॉडल बन चुकी है।

आज की बात



प्रो. आरके जैन

आयकर प्रणाली का ऐतिहासिक विकास इसके महत्व को और भी स्पष्ट करता है। 1922 के आयकर अधिनियम ने एक संगठित कर प्रणाली की नींव रखी, जिसे 1961 के आयकर अधिनियम ने और मजबूत किया। 1964 में केंद्रीय राजस्व बोर्ड का विभाजन, 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत और 2009 में बेंगलुरु में केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) की स्थापना ने कर प्रशासन को डिजिटल और कुशल बनाया। ई-सत्यापन योजना और विवाद से विश्वास योजना जैसे कदमों ने कर चोरी को कम करने और लंबित विवादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये योजनाएँ न केवल राजस्व संग्रह को बढ़ाती हैं, बल्कि करदाताओं और सरकार के बीच विश्वास को भी सुदृढ़ करती हैं।

आयकर दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह करदाताओं और सरकार के बीच एक जीवंत संवाद का मंच है। इस दिन देशभर में साक्षरता शिविर, आईटीआर फाइलिंग कैम्प, ऑनलाइन वेबिनार, क्विज़ प्रतियोगिताएँ और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं। उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित करने से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि अन्य नागरिकों को भी कर प्रणाली से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा अवसर है, जो करदाताओं को उनके योगदान के लिए गर्व का अनुभव कराता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की याद दिलाता है।

कर चोरी और अवैध धन संग्रह जैसी समस्याएँ आर्थिक असमानता को बढ़ाती हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बाधित करती हैं। आयकर दिवस इस बात पर जोर देता है कि प्रत्येक नागरिक की ईमानदारी और सक्रिय भागीदारी ही समावेशी विकास की कुंजी है। जब करदाता अपनी आय को पूरी पारदर्शिता के साथ घोषित करते हैं, तो यह न केवल सरकार के राजस्व को बढ़ाता है, बल्कि सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता को भी सुनिश्चित करता है। आयकर दिवस एक प्रबल राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक के हृदय में कर्तव्य, उत्तरदायित्व और गौरव की ज्वाला प्रज्वलित करता है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि भारत का वैभवशाली भविष्य केवल सरकारी नीतियों के कंधों पर नहीं टिका, बल्कि यह हर करदाता की ईमानदारी और समर्पण से रचा जाता है। 2025 में, जब भारत आत्मनिर्भरता के शिखर पर चढ़कर वैश्विक मंच पर अपनी नेतृत्वकारी पहचान स्थापित कर रहा है, आयकर दिवस एक प्रेरक संदेश के रूप में गूंजता है—हर करदाता एक राष्ट्रनिर्माता है, जो अपने योगदान से न केवल आर्थिक समृद्धि का दीप जलाता है, बल्कि एक समावेशी, पर्यावरणीय रूप से सजग और सशक्त भारत का निर्माण करता है। यही चेतना भारत को विश्व में एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करने का आधार बनेगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## विज्ञान में लोक को प्रतिष्ठित करने की मुहिम

विज्ञान को आधुनिक युग में तेज़ी से धर्म का दर्जा दिया जा रहा है। लोगों में सबकुछ को वैज्ञानिक घोषित करने की ललक बढती जा रही है। ऐसा हो भी क्यों न? विज्ञान विश्वसनीय, पूर्वाग्रहमुक्त और पक्षपातहीन अंतिम सत्य का पर्यायवाची जो हो गया है। हालांकि सदैव ऐसा नहीं होता और स्वयं विज्ञान के अर्थ भी बदल रहे हैं। तब भी 'आँखिन देखी' पर विश्वास करने वाली विज्ञान की विधि ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक भरोसेमंद आधार के रूप में सुबुद्ध लोगों की अभी भी पहली पसंद बनी हुई है। टोना-टोटका, झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और ओझा–सोखा को ले कर लोग हिचकने लगे हैं। आमतौर पर विज्ञान की बढ़ती साख का ही नतीजा है कि विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लगातार प्रयास हो रहे हैं ताकि आम जनों में वैज्ञानिक मानसिकता (साइंटिफिक टेम्पर) का विकास हो सके और वे खुशहाल जीवन बिता सकें। भारत में होशंगाबाद और केरल में समाज को विज्ञान से जोड़ने की पहल शुरू हुई थी जिसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार न हो सका। यहाँ एक जुड़ा सवाल वैज्ञानिक साक्षरता का भी है क्योंकि विज्ञान के प्रति भावनात्मक रुझान ही काफ़ी नहीं हो सकती उसकी मुलभूत जानकारी भी आवश्यक है। चूँकि विज्ञान का क्षितिज निरंतर विस्तृत हो रहा है इसलिए वैज्ञानिक साक्षरता का स्तर भी बढ़ता रहता है और उसे नए ज्ञान के आलोक में बार-बार परिभाषित और पुर्नपरिभाषित किए जाने की ज़रूरत पड़ती है। गौरतलब है कि दुनिया और उसमें होने वाली घटनाओं को लेकर उत्सुकता सदा से वैज्ञानिकों के अध्ययन और विज्ञान के विकास के लिए एक बड़ा प्रेरक स्रोत रही है। परंतु विकसित हो रहे ज्ञान तक पहुँच सिर्फ बिरले और चुनिंदा लोगों की ही हो पाती है जो पहले से विशेष प्रकार का अध्ययन और औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके रहते हैं। यह बात एक हद तक तो समझ में आती है पर इस तरह विकसित होता ज्ञान-सृजन व्यापक लोक-जीवन से प्रायः अछूता ही बना रहता है। ज्ञान और समाज के बीच में एक बड़ी खाई या दूरी बनी रहती है जिससे ज्ञान पर कुछ लोगों या समूहों का एकाधिकार और वर्चस्व समाज में शोषण और असंतुलन पैदा करता है। मानवता का इतिहास इसका गवाह है कि ज्ञान में जिसे बढ़त रही वही विजयी रहा। आज भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उन्नत रूप को लेकर विकसित राष्ट्रों के द्वारा इसी युक्ति से दबदबा बनाया जा रहा है। सत्य यही है कि समाज का बहुलांश या कहें एक बहुत बड़ा तबका ज्ञान-विज्ञान से अनभिज्ञ और ज्ञान-प्रक्रिया से बहिष्कृत-सा ही बना रहता है। इस तरह के अपरिचय के कारण उनको उस ज्ञान से लाभ मिलना एक बड़ी चुनौती हो जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



गिरीश्वर मिश्र

## सावन मिलन : भक्ति का पर्व या फैशन की प्रदूषणकारी परछाईं?

आजकल जब से सावन लगा है हर जगह सिर्फ सावन मिलन ही दिखाई पड़ता है क्या हम जानते हैं इसका आध्यात्मिक अर्थ क्या है? भारतीय संस्कृति में हर पर्व का एक गहरा आध्यात्मिक, सामाजिक और नैतिक उद्देश्य होता है। श्रावण मास, जिसे हम स्नेहपूर्वक सावन कहते हैं, ऐसा ही एक महीना है - जब प्रकृति हरियाली ओढ़ लेती है, मन शिवभक्ति में डूब जाता है और स्त्रियों की श्रद्धा, भक्ति और ऊर्जा जाग्रत हो जाती है। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज कई स्थानों पर हम देख रहे हैं कि सावन का मिलन कार्यक्रम अब भक्ति का नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन का मंच बन गया है। भक्ति का माध्यम या फैशन की होड़? पारंपरिक रूप से महिलाओं का श्रृंगार - चूड़ियां, बिंदी, हरे वस्त्र, मेंहदी -एक अंतर्मन की पवित्रता और उल्लास का प्रतीक था। मूल रूप से यह शिव-पार्वती जैसे सुंदर, संतुलित और सकारात्मक गृहस्थ जीवन की कामना का माध्यम था। लेकिन अब सावन मिलन में ब्रांडेड कपड़े, थीम बेस्ड ड्रेसिंग, ब्यूटी कॉम्पिटीशन और फोटोशूट का बोलबाला है। कई बार महिलाएं हर सावन मिलन के लिए नई ड्रेस, नई थीम, नया लुक की तैयारी में लग जाती हैं - और यहीं से शुरू होता है अनदेखा पर गंभीर खतरा - फैशन इंडस्ट्री से होने वाला कार्बन उत्सर्जन। बहुत कम लोग जानते हैं कि फैशन इंडस्ट्री दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रदूषण करने वाली इंडस्ट्री है। हर साल दुनिया में लगभग 92 मिलियन टन कपड़े फेंके जाते हैं। एक कॉटन की ड्रेस को बनाने में औसतन 2700 लीटर पानी लगता है - जितना एक इंसान 2.5 साल में पीता है। फैशन इंडस्ट्री अकेले दुनिया के 10% कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है - यानी एविएशन और शिपिंग इंडस्ट्री को मिलाकर जितना प्रदूषण होता है, उससे भी ज्यादा। अब सोचिए, हर बार एक नए “सावन मिलन” के लिए अगर हज़ारों महिलाएं नई-नई ड्रेस और एक्सेसरीज़ खरीदती हैं, सिर्फ एक दिन की फोटो के लिए, तो उसका असर पर्यावरण पर कितना गंभीर होता है? हमारे पूर्वजों ने हमें सजने, सँवरने की परंपरा दी थी - लेकिन वह स्थिरता, आत्म-संतोष और सामूहिक आनंद के लिए थी। आज का फैशन-उन्माद कई बार नैतिक और पर्यावरणीय दोनों स्तरों पर संकट पैदा कर रहा है। क्या हम एक पावन मास को कार्बन फुटप्रिंट बढ़ाने वाले समारोह में बदल रहे हैं? सजना-संवरना स्त्री का स्वभाव है, उसे रोका नहीं जाना चाहिए। लेकिन यदि हम सावन मिलन को सच में सार्थक बनाना चाहते हैं, तो हमें कुछ बदलाव अपनाने चाहिए:

1. **हर बार नई ड्रेस खरीदने के बजाय – पुरानी ड्रेस को नया लुक दें।**
2. **मिलन समारोहों में फैंसी थीम के बजाय भक्ति थीम अपनाएं-शिव भजन, कथा वाचन, आध्यात्मिक चिंतन, पर्यावरण सेवा।**
3. **एक छोटा सा हरियाली संकल्प हर मिलन कार्यक्रम में हो-जैसे एक पौधा लगाना, कपड़ों का पुन: उपयोग, जल संरक्षण।**

श्रृंगार तब सार्थक है जब उसमें भक्ति का भाव, पर्यावरण की चिंता और आत्मिक संतुलन हो। सावन मिलन सिर्फ रंगों और रैंप वॉक का नहीं, बल्कि रिश्तों, श्रद्धा और शिव की स्मृति का उत्सव होना चाहिए। तो आइए–सजें भी, संवरें भी, पर साथ में पर्यावरण का भी ध्यान रखें। शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रृंगार करें-न कि प्रकृति को हानि पहुँचाकर।

(veenavlogs@gmail.com)

आपकी बात



वीणा देवांगन



फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

नया दौर है, क्या कहें, कांटों संग गुलाब।
रावण घर मंदोदरी, अब भी होती सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## सोशल मीडिया में स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर मजाक के लिए किसे मानें दोषी ?

इन दिनों स्वास्थ्य के क्षेत्र को लेकर सोशल मीडिया में एक नया सा माजरा खूब ट्रेंड में है। ट्रेंड कर रहे इस नये से ट्रेंड की मानें तो “मेडिकल किडनैपिंग” के नाम पर आज हमारे शब्दकोश में एक नया सा शब्द जुड़ चुका है और अब तो किडनैपिंग के इस गोरखधंधे के विरुद्ध एक सर्जिकल स्ट्राइक की मांग तक की जाने लगी है। ऐसा इसलिए कि किए जा रहे दावों के अनुसार एक पचास वर्षीया माँ के पेट में मरोड़ के साथ दर्द हो रहा है। उसे लेकर आप किसी एक नामी गिरामी अस्पताल या उच्च योग्यताधारी डॉक्टर के पास पहुँचते हैं। कब इस दर्द के लिए उन्हें अल्ट्रासाउंड की सलाह दी जाती है और अंततः गॉल ब्लाडर में पथरी का डायग्नोसिस सामने आता है। इस रिपोर्ट के साथ आस यह जग जाती है कि एक छोटा सा ऑपरेशन होगा और माँ फिर से पूरी तरह खिलखिला उठेगी। दुर्भाग्यवश यह पूर्ण सत्य नहीं था और खेल अभी बाकी था। इस खेल की पहली पाली तब शुरू होती है जब ऑपरेशन के लिए वह अपनी माँ को लेकर अस्पताल पहुँचता है। ऑपरेशन की औपचारिकता शुरू करने के पहले उससे सेल्फ डिक्लीयरेंस फॉर्म पर हस्ताक्षर कराया जाता है और अब उसे जाँच की एक लंबी फेहरिस्त पकड़ा दी जाती है। तमाम तरह के खुन पेशाब की जाँच के साथ ईआरसीपी की सलाह भी थमा दी गई ताकि पैनक्रियाज कैंसर की आशंका पर विराम लग सके। जाँच की मजबूरी थी क्योंकि डॉक्टर तो भगवान का रूप होता है। वह झूठ तो बोलेगा नहीं और इस अवधारणा के कारण गॉल ब्लाडर और पैंक्रियाज की बायोप्सी भी कर दी गई। राहत भरी बात निकल कर यह आई कि ईएसआर को छोड़कर सभी रिपोर्ट नेगेटिव आए परन्तु जाँच के इस कष्टप्रद प्रक्रिया के बाद माँ के पेंट दर्द में भयंकर उफान आ गया। बदले हुए हालात में अब गॉल ब्लाडर के ऑपरेशन की बात पीछे छुट गई और वह इंफेक्शन व इंटर्नल ब्लीडिंग आदि की संभावनाओं के कारण आईसीयू जा पहुंची। अब तक आई रिपोर्टों के अनुसार माँ का लिवर, हार्ट व किडनी आदि तो पूरी तरह सामान्य थे परंतु आईसीयू में जाते ही अब लिवर भी संक्रमित हो चुका था, किडनी भी डायलिसिस मांग रही थी, ऑक्सीजन लेवल गिर रहा था और रक्तचाप भी नीचे आ रहा था! पेट का दर्द अभी भी यथावत था परन्तु आईसीयू कक्ष से पेस मेकर लगवाने को तैयार रहने की बातें सामने आ गई। इन सब बातों में एक महिने का सफर पूरा हो चुका था और अब आनन फानन में पेस मेकर लगाने के लिए होने वाले ऑपरेशन के लंबे चौड़े इस्टीमेट की कॉपी हांथ में आ गई। इस एक महीने के दौरान बैंक बैलेंस पहले ही समाप्त हो चुका था और तमाम रिश्तेदारों, जान पहचान वालों और मित्रों के सामने गिड़गिड़ाने की औपचारिकता भी पूरी कर ली गई थी। गांव में कुछ पुश्तैनी संपत्ति थी तो आनन-फानन में उन्हें भी सलटा कर समय रहते मांगी गई राशि जमा कर दी गई। जैसे तैसे पैसे तो जमा हो गए तो तथाकथित ऑपरेशन को ही कैंसल कर दिया गया। किसी के पास इस बात का जवाब नहीं था कि हालात क्यों बिगड़ रहे हैं और मरीज को आखिर कौन सा रोग है? दवा, ड्रिप और खून की बोतलें अबतक बेअसर थीं। बेहोश माँ की बेचैनी के साथ अब वह खुद आर्थिक व मानसिक तौर पर टूट चुका था। एक बार तो ऐसा लगा मानों उसकी खूबसूरत व हंसमुख माँ को अस्पताल की ही नजर लग गई हो। आखिरकार पचास दिनों तक पेट दर्द से कराहती माँ ने आईसीयू और वेंटीलेटर की जद्दोजहद के साथ इस दुनिया को ही अलविदा कह दिया। अब इर्द-गिर्द मंडराते बाउंसरों की उपस्थिति में बकाया राशि लेकर शवगृह का ताला खोल दिया गया और शव के साथ जाँच रिपोर्ट की फाईलें भी थमा दी गई। सर्वस्व लुटा देने के बाद भी न पेट दर्द गया और न यह स्पष्ट हुआ कि माँ के गॉल ब्लाडर में पथरी था भी या नहीं? सवाल यह भी सामने था कि जब अस्पताल बड़ा है और डॉक्टर साहब बड़े हैं तो सिस्टम, प्रोटेक्शन एक्ट व इंश्योरेंस कंपनियां उनकी सुरक्षा में खड़े हैं परन्तु उसका क्या जो खुद “मेडिकल किडनैपिंग” का शिकार हो कर आज सड़क के किसी कोने में कराह रहा है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**




अलग बात



केदारनाथ दास

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

30 बुलडोजर लेकर पहुंचे अधिकारी, भड़क उठे सीजेआई ने कहा

# विकास जरूरी, पर क्या रातोंरात...



● मैं स्वयं सतत विकास का समर्थक हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप रातोंरात 30 बुलडोजर लगा दें और सारा जंगल साफ कर दें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली में वन भूमि को साफ करने के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल पर तीखी असहमति जताते हुए कहा कि रातोंरात किए गए ऐसे कार्यों को सतत विकास के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही पीठ का नेतृत्व कर रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कार्यवाही के दौरान टिप्पणी की कि वे सतत विकास के पक्ष में तो हैं, लेकिन इस मामले में वनों की कटाई की प्रकृति और गति अस्वीकार्य है।

मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि मैं स्वयं सतत विकास का समर्थक हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप रातोंरात 30 बुलडोजर लगा दें और सारा जंगल साफ कर दें। यह मामला तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना के विकास के लिए कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र में लगभग 400 एकड़ हरित क्षेत्र की कटाई से संबंधित है। कथित तौर पर एक लंबे सप्ताहांत में पेड़ों की तेज़ी से कटाई से व्यापक जन चिंता और न्यायिक हस्तक्षेप हुआ था। मामले में न्यायमित्र नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने न्यायालय को सूचित किया कि कुछ निजी हस्तक्षेपकर्ता राज्य सरकार के हलफनामे पर जवाब देना चाहते हैं। पीठ ने इन जवाबों के लिए समय देने पर सहमति व्यक्त की और मामले को 13 अगस्त को विस्तृत सुनवाई के लिए पुनः सूचीबद्ध कर दिया। इससे पहले हुई एक सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिकारियों की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की थी।

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच हुई तीखी नोक-झोंक

# महिलाओं और मुसलमानों के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने कुछ नहीं किया : नीतीश कुमार

**एजेंसी। पटना**



संविधान में 18 साल से ऊपर के नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम एसआईआर के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया का हम विरोध करते हैं : **तेजस्वी**

बिहार विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। तेजस्वी यादव विधानसभा में एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग को भी घेरा। इसी बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को टोकते हुए उनके आरोपों का जवाब दिया।

बिहार विधानसभा में तेजस्वी यादव ने कहा कि संविधान में 18 साल से ऊपर के नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम एसआईआर के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया का हम विरोध करते हैं। पारदर्शिता होनी चाहिए और ईमानदारी से निष्पक्ष होकर चुनाव आयोग को काम करना चाहिए था, लेकिन वह नहीं हो रहा है।

'बाहरी वोटर' के विषय पर तेजस्वी यादव ने कहा, "चुनाव आयोग ने दावा किया कि कुछ बाहरी लोग भी मतदाता सूची में शामिल हैं, इसकी जानकारी उन्हें सूत्रों से मिली। शर्म की बात है कि एसआईआर ड्राइव चल रहा है और चुनाव आयोग ने बाहरी वोटर्स पर सामने आकर जवाब नहीं दिया है।"

उन्होंने सदन में दावा करते हुए कहा, "सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और मंगलवार को चुनाव आयोग ने 780 पेज का हलफनामा दिया। उसमें कहीं भी बाहरी लोगों का जिक्र नहीं है। भाजपा के 52986 पंजीकृत बीएलए ने विदेशी नागरिकों के मामले चुनाव आयोग के सामने नहीं उठाए।"

तेजस्वी यादव को सदन में जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा, "आप बिहार की जनता को बरगला रहे हैं। जनता को भ्रमित करने का खेल बंद करें। आप सूत्र के आधार पर क्या-क्या शब्द बोलकर बिहार को लज्जित करते हैं।"

इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में खड़े हुए और तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के कार्यकाल का याद कराया। नीतीश कुमार ने कहा, "जब आपकी उम्र कम थी, तब आपके पिताजी (लालू प्रसाद यादव) मुख्यमंत्री थे। तुम्हारी माता भी मुख्यमंत्री रहीं। उस समय क्या स्थिति थी?"

## यूट्यूबर अरमान की पत्नी पायल को सात दिन मंदिर में सफाई की सजा

**चंडीगढ़।** बिग बॉस ओटीटी सीजन थ्री में भाग लेने वाली यूट्यूबर अरमान मलिक की पत्नी पायल मलिक को मोहाली के मंदिर में सात दिन तक सफाई करने की सजा सुनाई गई है। आठवें दिन कंजक पूजन के बाद उनकी यह सजा पूरी होगी। इससे पहले मंगलवार को पायल एवं अरमान ने पटियाला स्थित ऐतिहासिक काली माता मंदिर में धार्मिक सजा भुगती थी। पायल ने हाल ही में मां काली के वेश में एक वीडियो बनाई थी, जिसका पंजाब में कई धार्मिक संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई संगठनों ने इसे लेकर मोहाली पुलिस को भी शिकायत देते हुए अरमान मलिक एवं उसकी पत्नी को मंगलवार तक माफी मांगने का समय दिया था। मंगलवार को यूट्यूबर जोड़ा पटियाला स्थित काली माता मंदिर में पहुंचा।

# गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा नकली 'राजदूत' गिरफ्तार, कैश बरामद

**एजेंसी। नोएडा**



उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद में चल रहे एक फर्जी दूतावास का भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने एक शातिर ठग हर्ष वर्धन जैन को गिरफ्तार किया है, जो खुद को वेस्ट आर्कटिक, सबोरगा, पोल्विया और लोडोनिया जैसे तथाकथित छोटे देशों का एम्बेसडर बताकर लोगों को धोखा देता था। गिरफ्तार आरोपी हर्ष वर्धन गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र में किराए पर मकान लेकर लंबे समय से कथित 'दूतावास' चला रहा था। वह खुद को विभिन्न देशों का कॉन्सुल जनरल या एम्बेसडर बताता था। इतना ही नहीं, वह प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य गणमान्य नेताओं के साथ अपनी मॉर्फ की हुई फोटो का प्रयोग कर खुद को प्रभावशाली साबित करता था। एसटीएफ की छापेमारी में हर्ष वर्धन के पास से बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और नकदी बरामद हुई है। आरोपी की गतिविधियां केवल दिखावे तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय हवाला रैकेट में भी सक्रिय था। वह विभिन्न कंपनियों के माध्यम से प्राइवेट व्यक्तियों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम वसूलता था और इसके बदले ब्रोकरेज के रूप में कमीशन लेता था। बताया गया कि हर्ष वर्धन का संपर्क चर्चित अंतरराष्ट्रीय हथियार डीलर अदनान खगोशी और चंद्रास्वामी जैसे विवादित व्यक्तियों से भी रहा है। वर्ष 2011 में उसके कब्जे से एक अवैध सैटेलाइट फोन भी बरामद हुआ था, जिस संबंध में थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज है। नोएडा एसटीएफ को उसके पास से डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी 4 गाड़ियां, विभिन्न देशों के 12 डिप्लोमैटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे कूटरचित दस्तावेज, 2 फर्जी पैनकार्ड, 34 अलग-अलग कंपनियों और देशों की मोहरें, 2 फर्जी प्रेस कार्ड, 44.70 लाख रुपये नकद, कई देशों की विदेशी मुद्रा, 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट और कई कंपनियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं।

# बिहार में एक लाख मतदाताओं के बारे में पता नहीं चल सका: निर्वाचन आयोग

**एजेंसी**





**पटना।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में लगभग एक लाख मतदाताओं का पता नहीं चल पाया है, जबकि 7.17 करोड़ लोगों के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं जिन्हें डिजिटल रूप से दर्ज किया जा चुका है।

इसने यह भी कहा कि 20 लाख मतदाताओं की मौत होने की सूचना अब तक मिली है, जबकि 28 लाख अन्य मतदाता अपने वर्तमान पते से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। आयोग ने बताया कि 15 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र स्थानीय चुनाव अधिकारियों को वापस नहीं किए गए हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के पहले चरण के पूरा होने के बाद एक अगस्त को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। यदि मसौदा मतदाता सूची में कोई त्रुटि है, तो मतदाता या राजनीतिक दल एक सितंबर तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के पास आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियां प्रस्तावित मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति के नाम को शामिल करने या किसी भी पात्र व्यक्ति के नाम को बाहर करने से संबंधित हो सकती हैं।

## कांग्रेस ने बिहार में 52 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान राज्य के 52 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाया है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई और पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा कि बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। गोगोई ने आरोप लगाया कि भाजपा इसके जरिए चुनावों को प्रभावित करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा से बचना चाहती है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि यह पहली बार है जब सत्तापक्ष ही खुद संसद को सुचारू रूप से चलने नहीं दे रहा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 52 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर मतदाताओं के नाम काटना सीधे तौर पर लोकतंत्र से नागरिकों की भागीदारी को खत्म करने जैसा है।

'बाप' शब्द पर बिहार विधानसभा में बवाल, भाई वीरेंद्र बोले-

# माफी नहीं मांगूंगा, डिप्टी सीएम का पलटवार

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। आज सत्र का तीसरा दिन था और कार्यवाही भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया। स्पेशल इलेक्टोरल रिवीजन मुद्दे पर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस दौरान राजद विधायक भाई वीरेंद्र के एक बयान पर हंगामा और बढ़ गया। दरअसल, तेजस्वी यादव सदन में बोल रहे थे।

वही सरकार को निशाना साध रहे थे। हालांकि, इस दौरान सत्ता पक्ष के कुछ सदस्य बीच में शोर करने लगे। इसी बात पर राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि सदन किसी के बाप का नहीं है। विपक्ष को भी यहां पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। भाई वीरेंद्र के इतना कहते ही सदन का माहौल पूरी तरह से गरम हो गया। इसके बाद पक्ष और विपक्ष, दोनों के सदस्य आपस में ही भिड़ गए।

गुजरात में अलकायदा के मॉड्यूल का भंडाफोड़

# चार आतंकियों को एटीएस ने कर लिया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) से कथित रूप से जुड़े चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने गिरफ्तारियों की पुष्टि की और कहा कि मॉड्यूल और उसके संचालन के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए जल्द ही एक विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये गिरफ्तारियाँ आतंकवाद-रोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता हैं। माना जा रहा है कि यह समूह AQIS के गुर्गों के संपर्क में था। आगे की जाँच के बाद संदिग्धों की पहचान और उनकी गतिविधियों का खुलासा होने की उम्मीद है। रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए लोगों को चरमपंथी समूहों से जोड़ रहे थे। गुजरात एटीएस की टीमों ने इन प्लेटफॉर्म्स से आपत्तिजनक चैट बरामद की थीं, जिससे संदिग्ध कुछ समय से रडार पर थे। लगातार निगरानी के बाद, गुजरात एटीएस ने एक अभियान शुरू किया और आज चार आतंकवादियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गुजरात एटीएस के सूत्रों ने बताया कि चारों काफी समय से अल-कायदा के नेटवर्क के संपर्क में थे। कथित तौर पर वे ऑनलाइन समूहों में शामिल हो रहे थे और अपने आकाओं के साथ नियमित संपर्क बनाए हुए थे, चरमपंथी विचारों को साझा और फैला रहे थे।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा।

**वृष :** बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

**मिथुन :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**मकर :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

धनखड़ सरकारी बंगले के हकदार

# 15 महीने तक रह सकते हैं उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद से एक दिन पहले इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ सरकारी बंगले के हकदार हैं। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। धनखड़ (74) पिछले साल अप्रैल में संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड पर नवनिर्मित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में स्थानांतरित हो गए थे। उपराष्ट्रपति के आवास और कार्यालय वाले एन्क्लेव का निर्माण सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत किया गया था। धनखड़ को लगभग 15 महीने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रहने के बाद उसे छोड़ना होगा। अधिकारी ने कहा, उन्हें लुटियंस दिल्ली या किसी अन्य इलाके में टाइप आठ का बंगला देने की पेशकश की जाएगी। टाइप आठ का बंगला आमतौर पर वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों या राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों को आवंटित किया जाता है। धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, कांग्रेस ने कहा है कि धनखड़ के इस्तीफा देने के पीछे उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं।

## बेकाबू कार ने कांवड़ियों को कुचला, चार की मौत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार ने कांवड़ियों को कुचल दिया और बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में कांवड़ियों सहित 4 लोगों की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है। कार सवार लोग भी हादसे में घायल हैं। मौके पर पहुंची चार थानों की पुलिस ने घायलों को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जानकारी अनुसार हादसा गिरवाई थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे के शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर गेट के पास मंगलवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। पुलिस बताया कि मंगलवार देर रात शीतला माता मंदिर तिराहा पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रहे कांवड़ियों के समूह को कुचल दिया।

# बंगाल के नागरिकों को एनआरसी नोटिस भेजना उनकी पहचान पर हमला : ममता

● आज भी मणिपुर जल रहा है। वह डर के मारे मणिपुर का दौरा भी नहीं कर सकते

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि असम की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार बंगाल के वास्तविक नागरिकों को ''एनआरसी नोटिस'' भेज रही है। उन्होंने भाजपा पर बांग्ला पर हमला करने का भी आरोप लगाया। बनर्जी ने अलीपुरद्वार जिले के एक निवासी और कूचबिहार के एक अन्य व्यक्ति को कथित तौर पर भेजे गए ऐसे नोटिस का उदाहरण दिया।

सोमवार को यहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शहीद दिवस रैली में मुख्यमंत्री ने असम के अपने समकक्ष हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और बंगाल के निवासियों को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) नोटिस भेजने के उनके अधिकार पर सवाल उठाया तथा मांग की कि वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर के मामलों में दखल देना बंद करें। बनर्जी ने मंगलवार को राज्य सचिवालय में कहा, ''ऐसी कार्रवाइयां अस्वीकार्य हैं और बंगाल के निवासियों के अधिकारों का उल्लंघन करती हैं।'' पिछले हफ्ते दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच तब वाकयुद्ध छिड़ गया।





## ममता ने 2026 के चुनावों से पहले 8,000 करोड़ रुपये के जनसंपर्क कार्यक्रम की घोषणा की

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को वृहद स्तर के संपर्क कार्यक्रम की घोषणा की। यह 2021 के चुनावों से पहले शुरू की गई एक अन्य कल्याणकारी पहल के समान है। पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**

नाम–(1) नाजीर खान, पिता–स्व0 अमिनुदीन खान, सा0–पिपरा, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–92/2020 दिनांक–03.09.2020 धारा–414/34 भा0द0वि0 एवं 12(1)(2)पशु हत्या प्रति0 अधि0 एवं 11(A)(B) पशु कुरता निवारण अधि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री शैलेन्द्र कुमार नापित, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नगर उँटारी, जिला– गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–02.07.2025 को आपके स्थानीय पता ग्राम–पिपरा के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय श्री शैलेन्द्र कुमार नापित, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नगर उँटारी, जिला– गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 358023 Police(25-26).D

## समाहरणालय, गढ़वा

(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)

**आदेश**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत कार्यालय ज्ञापांक–693 दिनांक–23.06.2025 से विज्ञापन संख्या–01/2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक–12.07.2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्यूटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक–24.07.2025 से दिनांक–31.07.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते है। दावा आपत्ति निम्नलिखित E-Mail ID के माध्यम से पदवार प्राप्त किया जाएगा।

| क्र0 | पद का नाम | E-Mail ID |
|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | computeroperatordistrictlevel@gmail.com |
| 2 | प्रखण्ड समन्वयक | blockcgarhwa@gmail.com |
| 3 | प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | computeroperatorblocklevel@gmail.com |

अंतिम तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जाएगा। दिए गए E-Mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र जो आवेदन के साथ online Uploaded नही है किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किए जाऐंगे।

उप विकास आयुक्त,
गढ़वा

PR 357996 Rural Development(25-26)D

### आरबीआई के प्रयासों के बावजूद कई क्षेत्रों में विकास धीमा

# भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत

ब्यूरो




- टॉप 7 शहरों में प्रॉपर्टी की बिक्री 28% से घटकर 4% हो गई है
- **बैंकों से लोन लेने की गति 16% थी, अब घटकर 9% रह गई है**
- जीएसटी कलेक्शन की रफ्तार पहले 11% थी, जून 2025 में 6.2% रह गई है

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल सर्विसिज फर्म नुवामा की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत दिख रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, ब्याज दरें घटाई हैं , बाजार में पैसे की उपलब्धता बढ़ाई है, इसके बाद भी कई सेक्टरों में ग्रोथ की रफ्तार धीमी हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर आर्थिक आंकड़े, जो एक साल पहले डबल डिजिट में थे, अब सिंगल डिजिट में आ गए हैं। यह स्थिति कोरोना महामारी से पहले जैसी ही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के हाई फ्रीक्वेंसी डेटा अब धीमे हो रहे हैं। उनमें से ज्यादातर सिंगल डिजिट में चले गए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की यह सुस्ती वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, विशेषकर अमेरिका व चीन के साथ उसके संबंधों से अछूती नहीं है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच का व्यापार युद्ध और उनकी अपनी आर्थिक चुनौतियां भारत पर सीधे व अप्रत्यक्ष दोनों तरह से प्रभाव डाल रही हैं। नुवामा की रिपोर्ट में है कि भारत में बैंकों से लोन लेने की गति सुस्त पड़ी है। यह पहले 16% थी, जो अब घटकर 9% रह गई है। जीएसटी कलेक्शन की रफ्तार भी कम हुई है। यह पहले 11% थी, जो जून 2025 में 6.2% रह गई है। निर्यात में भी कमी आई है। कुल निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं) में मात्र 6% की बढ़ोतरी हुई है। कई महत्वपूर्ण संकेतकों का 12 महीने का औसत लगातार नीचे की ओर जा रहा है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में कमजोरी आ रही है। लोग कम चीजें खरीद रहे हैं। पैसेंजर व्हीकल (की बिक्री में गिरावट आई है। यह बीते साल 7% थी, जो अब 2% रह गई है। रियल एस्टेट सेक्टर में भी बड़ी गिरावट आई है। टॉप सात शहरों में प्रॉपर्टी की बिक्री 28% से घटकर 4% हो गई है। बीएसई 500 कंपनियों में वेतन वृद्धि भी आधी हो गई है। यह पहले 12% थी, जो अब 6% रह गई है। आठ प्रमुख क्षेत्रों में विकास दर 3% है। जबकि एक साल पहले यह 8% थी। डीजल की खपत 1% है। मीडियम और हैवी कमर्शियल व्हीकल की बिक्री में 3% की गिरावट आई है। वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात केवल 6% बढ़ रहा है। बीएसई 500 कंपनियों का लाभ (तेल मार्केटिंग कंपनियों को छोड़कर) अब 10% है। जबकि एक साल पहले यह 21% था।रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर अब सिंगल-डिजिट ग्रोथ में वापस आ गए हैं। यह 2018-19 के प्री-पैंडेमिक वर्षों के समान है। इसका मतलब है कि आर्थिक गतिविधियां धीमी हो रही हैं।

ऐसे में विकास को बढ़ावा देने के लिए और कदम उठाने की जरूरत है। रही बात इस मंदी की अमेरिका व चीन से कनेक्शन की तो इस आर्थिक नरमी का वैश्विक अर्थव्यवस्था, विशेषकर अमेरिका और चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों पर क्या असर हो सकता है, यहां यह समझना महत्वपूर्ण है। अमेरिका व यूरोप में उपभोक्ता खर्च में कमी और चीन में औद्योगिक मुनाफे में गिरावट से ग्लोबल मांग कम हो रही है। इसका सीधा असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है, जैसा कि 6% की धीमी निर्यात बढ़ोतरी से साफ है। जब अमेरिका व चीन जैसे प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की अर्थव्यवस्थाएं धीमी होती हैं तो वे भारत से कम आयात करते हैं। इससे भारत के निर्यात-आधारित उद्योगों को नुकसान होता है।चीन की आर्थिक सुस्ती से ग्लोबल सप्लाई चेन पर असर पड़ता है। इससे भारत के कुछ क्षेत्र भी प्रभावित हो सकते हैं जो चीनी कम्पोनेंट्स पर निर्भर हैं, जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल। अमेरिका व चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध व टैरिफ की होड़ से वैश्विक व्यापार में अस्थिरता बढ़ी है। यदि अमेरिका व चीन में मंदी आती है तो इसका पूरी दुनिया पर और भारत पर भी गंभीर असर होगा। वजह यह है कि चीन भारत का सबसे बड़ा व अमेरिका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित होकर कुछ कंपनियां चीन से अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भारत में ट्रांसफर करने पर विचार कर सकती हैं। इससे भारत को एक वैकल्पिक सप्लाई केंद्र के रूप में लाभ मिल सकता है। हालांकि, यह प्रक्रिया बहुत धीमी व जटिल है।क्योंकि ज्यादातर कच्चा माल चीन से ही आना है , और इन्फ्रास्ट्रक्चर व पूंजी की आसान सुलभता जितनी चीन में है, भारत में उसका 10% भी नहीं है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशकों का व्यवहार भी प्रभावित होता है। यदि अमेरिका व चीन में मंदी की आशंका बढ़ती है तो निवेशक उभरते बाजारों जैसे भारत से पूंजी निकालते हैं। इससे भारत में निवेश प्रवाह पर नकारात्मक असर पड़ता है।इस वजह से भारत की स्थिति फिलहाल नाज़ुक हो गई है।

## चीन बना रहा दिमाग की पावर को मशीनों के साथ मिलाकर एक 'सुपर-सोल्जर'

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ अमेरिका जैसे देश ऐसे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स ला रहे हैं, जो लोगों के काम को आसान बना रहे हैं। वहीं, चीन एक ऐसे उत्पाद पर काम कर रहा है, जिसके तहत दिमाग व कंप्यूटर को एक साथ लाया जाएगा। यानि वे इंसान व मशीन को एक साथ लाने की कोशिश में हैं। यह स्मार्टफोन या फिर रोबोट बनाने से बहुत अलग है। इस तरह चीन इंसान व मशीनों को जोड़ने पर काम कर रहा है। चीन का उद्देश्य इंसान व मशीन को एक साथ मिलाना है। ऐसा वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दौड़ में सबसे आगे निकलने के लिए कर रहा है। चीन के इस प्रोजेक्ट के बारे में अभी बहुत कुछ छुपे तौर पर चल रहा है , इसलिए पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। वाशिंगटन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ रिसर्च पेपर, सरकारी दस्तावेज व विशेषज्ञों के जरिए चीन के इस उत्पाद के बारे में पता चला है। चीन का लक्ष्य दिमाग की पावर को मशीनों के साथ मिलाकर एक "सुपर-सोल्जर" बनाना है।



- **आदमी के दिमाग व कंप्यूटर के एआई को मिलाकर चीन रेस में आगे**
- **इसके लिए वैज्ञानिक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस पर कर रहे हैं रिसर्च**

चीन दिमाग व कंप्यूटर को मिलाकर एक नया भविष्य बनाने की कोशिश कर रहा है। वे चाहते हैं कि इंसान व मशीन एक साथ मिलकर काम करें। ऐसा करके चीन एआई की दुनिया में सबसे आगे निकल सकता है। इस काम में सबसे जरूरी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस पर रिसर्च है। ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस एक ऐसा साइंस है, जो दिमाग की तरंगों को सीधे कंप्यूटर से जोड़ता है। उदाहरण के लिए आप ईमेल लिखने के बारे में सोचते हैं और कंप्यूटर उसे तुरंत लिख देता है। आपको कीबोर्ड पर टाइप करने की या फिर कोई प्राम्प्ट देने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, चीन इससे आगे की भी सोच रखता है। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के अनुसार, चीनी के वैज्ञानिक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) के सभी तरीकों पर काम कर रहे हैं। वे दिमाग को सीधे कंप्यूटर से जोड़कर दिमाग की क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं। इससे इंसान व मशीन मिलकर बेहतर तरीके से काम कर सकेंगे। केवल इंसान ही नहीं बल्कि मशीन भी इंसानों की तरह काम करेंगी। चीनी वैज्ञानिक दिमाग व सर्किट को इस तरह मिलाना चाहते हैं कि दोनों एक ही बन जाएं। हालांकि, इससे इंसान मशीनों पर और भी ज्यादा निर्भर हो जाएंगे।इस मामले में जहां एक तरफ अमेरिका में ओपन एआई व मेटा जैसी कंपनियां बड़े-बड़े लैंग्वेज मॉडल बनाने में लगी हैं। वहीं, चीन इस रेस में सबसे आगे निकलने के लिए एक अलग ही रास्ता अपना रहा है। पश्चिमी देशों ने चीन पर चिप को लेकर कई पाबंदियां लगा दी हैं। इस कारण चीनी वैज्ञानिक दिमाग से प्रेरित सिस्टम बना रहे हैं। क्योंकि इसके लिए उन्हें बहुत ज्यादा कंप्यूटिंग पावर की जरूरत ही नहीं है।यह हो गया तो इस मामले में अमेरिका से बहुत ही आगे निकल जाएगा।

## गाजा युद्ध में पूरी जीत जरूरी : इजरायली रक्षा मंत्री

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि गाजा में चल रहे युद्ध में पूरी तरह से जीत हासिल करना जरूरी है। मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, काट्ज ने मंगलवार को इजरायली सेना प्रमुख इयाल ज़मीर और अन्य वरिष्ठ कमांडरों के साथ हालात की समीक्षा के दौरान यह बात कही। काट्ज ने कहा, "हम युद्ध के लक्ष्यों को पाने के सबसे क़रीब हैं। अभी दो जगह बची हैं – गाजा और यमन। हमें दोनों मोर्चों पर पूरी जीत के लिए काम करना होगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह बयान ऐसे समय आया है जब कतर की राजधानी दोहा में गाज़ा युद्ध विराम को लेकर बातचीत चल रही है और इजरायली मीडिया में कुछ प्रगति की खबरें भी आई हैं।

## इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन शांति वार्ता का तीसरा दौर आज से संभव

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के तहत शांति वार्ता का तीसरा दौर इस्तांबुल में बुधवार शाम से शुरू हो सकता है। रूसी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस का प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल रवाना हो चुका है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति के सहायक व्लादिमीर मेडिंस्की कर रहे हैं, जबकि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं। उमेरोव पहले यूक्रेन के रक्षा मंत्री रह चुके हैं और इससे पहले मई 16 और जून 2 को इस्तांबुल में हुई दो वार्ताओं में भी यूक्रेनी दल का नेतृत्व कर चुके हैं।

## यूक्रेन ने खोया फ्रांस का मिराज 2000 लड़ाकू विमान, उड़ान मिशन के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को पुष्टि की कि यूक्रेन ने फ्रांस द्वारा आपूर्ति किया गया एक मिराज 2000 लड़ाकू विमान खो दिया। जेलेंस्की ने कहा, "दुर्भाग्य से, आज हमने अपना लड़ाकू विमान खो दिया, एक फ्रांसीसी विमान, एक बेहद प्रभावी विमान- हमारा एक मिराज जेट। जेलेंस्की ने कहा कि पायलट सफलतापूर्वक विमान से बाहर निकल गया और उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना रूसी हमले के कारण नहीं हुई थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, विमान एक उड़ान मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### भारत से पंगा ईयू को महंगा पड़ेगा

## 70 हजार करोड़ का निवेश ले आया, 27 देशों की उड़ाई नींद

नई दिल्ली । एजेंसी

भारत से पंगा यूरोपियन यूनियन को महंगा पड़ गया है। रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने नायरा एनर्जी भारत में 70 हजार करोड़ का विशाल निवेश करने जा रही है। जिस कंपनी पर यूरोपीय संघ यानी ईयू ने एकतरफा प्रतिबंध लगाए। उसी नायरा ने ईयू को दो टूक जवाब देते हुए भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर एक नया इतिहास रचने का ऐलान कर दिया। नायरा एनर्जी वही कंपनी है पहले जिसे इजर ऑयल के नाम से जाना जाता था। आज ये रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट के स्वामित्व में है। नायरा एनर्जी गुजरात के वाडीनार में 2 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता वाली तेल रिफाइनरी संचालित करती है। कंपनी के देशभर में करीब 6,800 फ्यूल आउटलेट हैं। नायरा भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता का 8% और फ्यूल रिटेल नेटवर्क का 7% हिस्सा संभालती है।



### ईयू ने क्यों लगाया नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध?

रूस यूक्रेन युद्ध के चलते ईयू ने रूस की कंपनियों पर 18 वां प्रतिबंध पैकेज जारी कर दिया। इसमें भारत की कंपनी नायरा एनर्जी को भी शामिल कर लिया गया। ईयू का दावा है कि नायरा एनर्जी रूसी क्रूड प्रोसेसेज करती है। लेकिन हकीकत तो ये है कि भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्र है और उसका तेल खरीदना नीतिगत अधिकार है। नायरा सिर्फ घरेलू जरूरतों के लिए क्रूड आयात करती है। न कि यूरोप को सप्लाई करती है।

## पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

तेल अवीव । एजेंसी

इजराइल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश करने के शक में गिरफ्तार किया है। इजराइली पब्लिक ब्रॉडकास्टर कान के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी। कान ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी कार्रवाई करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। वहीं, पुलिस के मुताबिक, यह महिला "जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी" है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया।



### दहेज प्रताड़ना केस में गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की नई गाइडलाइन

## दहेज एक्ट में 2 महीने तक न हो गिरफ्तारी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न मामलों में दुरुपयोग रोकने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट की गाइडलाइन को मंजूरी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (पत्नी के साथ क्रूरता) के दुरुपयोग को रोकने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा फैमिली वेलफेयर कमेटी के गठन संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को अपनी मंजूरी दे दी। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई व न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने आदेश दिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 13 जून 2022 को क्रिमिनल रिवीजन नंबर 1126 ऑफ 2022 में दिए गए फैसले के पैरा 32 से 38 तक जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, वे प्रभाव में रहेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा लागू किए जाएं।इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि धारा 498ए के मामलों में तुरंत गिरफ्तारी न हो, बल्कि पहले उन्हें फैमिली वेलफेयर कमेटियों के पास भेजा जाए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच और सुलह-सफाई का अवसर मिल सके। अदालत ने एक महिला आईपीएस अधिकारी से जुड़े मामले में कहा कि दहेज प्रताड़ना के केस में पुलिस को दो महीने तक गिरफ्तारी नहीं करनी चाहिए।इस अहम फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2 साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब कोई महिला अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना एक्ट के तहत केस दर्ज कराए तो पुलिस दो महीने तक पति या उसके रिश्तेदारों को गिरफ्तार न करे।



- सुलह-सफाई व निष्पक्ष जांच के लिए फैमिली वेलफेयर कमेटियों को शामिल करने के निर्देश

कोर्ट ने कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी को अलग हुए पति और उसके रिश्तेदारों से उत्पीड़न के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित करके माफी मांगनी होगी। सीजेआई बी आर गवई व न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने 2022 बैच की आईपीएस अधिकारी शिवांगी बंसल और उनके पति के बीच शादी के बाद तलाक को लेकर समझौते का फैसला सुनाया। सुनवाई को दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी इसलिए जरूरी थी, क्योंकि शिवांगी के दायर किए गए मामलों के कारण उनके पति 109 दिन और उनके पति के पिता 103 दिन जेल में रहे और पूरे परिवार को शारीरिक और मानसिक आघात और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उन्होंने जो कुछ सहा है, उसकी भरपाई किसी भी तरह से नहीं की जा सकती। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इसका इस्तेमाल शिवांगी बंसल/ शिवांगी गोयल के खिलाफ किसी भी अदालत प्रशासनिक/ नियामक/ अर्ध-न्यायिक निकाय/ ट्रिब्यूनल में उनके हितों के खिलाफ अब या भविष्य में कभी नहीं किया जाएगा।




## पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' का क्रेज बढ़ा

### प्रीमियर टिकट 600 रुपये तक में बिके

कहानी फिल्म जगत की



उपमुख्यमंत्री और अभिनेता के. पवन कल्याण ने कहा कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित 'हरि हर वीरा मल्लू' कोई राजनीति से प्रेरित फिल्म नहीं है, बल्कि एक एक्शन थ्रिलर और संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन है। मंगलवार (22 जुलाई) को मंगलागिरी स्थित जन सेना पार्टी (जेएसपी) कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए पवन कल्याण ने फिल्म की रिलीज़ पर खुशी जताई, जिसमें कई बार देरी हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दो प्राकृतिक आपदाओं (महामारी) और एक मानव निर्मित आपदा (पिछली सरकार के कथित कुशासन पर एक व्यंग्य) के कारण फिल्म की रिलीज़ में देरी हुई।

### हरि हर वीरा मल्लू 23 जुलाई को प्रीमियर कीमत 600 रुपये

देश भर के जाने-माने अभिनेता और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का फ़िल्मी करियर पिछले कुछ सालों से बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया है। हो सकता है कि इसकी वजह कोविड का असर हो या पिछली सरकार द्वारा टिकट की कीमतों पर लगाई गई पाबंदियाँ। हालाँकि, उनकी आगामी फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। इस फिल्म के प्रीमियर टिकट 600 रुपये तक में बिक चुके हैं और इसे लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पवन कल्याण एक डाकू की भूमिका में हैं।

### सीएम ने अस्पताल पहुंच कर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा का जाना हाल, कहा

# राज्य में होगी न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर की स्थापना

- मुख्यमंत्री ने लकड़ा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां इलाज करा रहे पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उन्हें दी जा रही चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। हेमंत सोरेन ने मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने मौके पर घोषणा की कि झारखंड में जल्द ही न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी, ताकि न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि हम सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दिशोम गुरु जल्द हमारे बीच स्वस्थ होकर लौटेंगे। क्यूरेस्टा अस्पलात के डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि विमल लकड़ा की हालत में लगातार सुधार हो रहा है। अगले तीन से चार दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं, लेकिन उनकी स्थिति संतोषजनक है। ज्ञात हो कि विमल लकड़ा करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती है। वे सिमडेगा स्थित अपने पैतृक गांव में खेत में काम करने के दौरान गिरकर बेहोश हो गए थे। इसके बाद उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया था।

वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया। इसके बाद रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उनको भर्ती किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उनके सिर में खून के थक्के जम गए हैं। क्यूरेस्टा अस्पताल के डॉ संजय कुमार ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहद संवेदनशील हैं और राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# राज्यपाल ने अस्पताल जाकर कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को रांची स्थित भगवान महावीर मणिपाल (मेडिका) अस्पताल पहुंचे और वहां इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की स्थिति एवं उपचार की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि कड़िया मुंडा सादगी और जनसेवा के प्रतीक हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ईश्वर से कड़िया मुंडा के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

## सीएम व बाबूलाल ने कड़िया मुंडा से अस्पताल में की मुलाकात





**रांची।** पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और पद्म भूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई अन्य नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनके मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने मेडिका अस्पताल पहुंचकर कड़िया मुंडा का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने इलाज कर रहे चिकित्सकों से भी कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, सोमवार की शाम कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें भर्ती कर लिया गया। फिलहाल उनका इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कड़िया मुंडा झारखंड के खूंटी लोकसभा क्षेत्र से आठ बार सांसद रह चुके हैं।

# दलित व गरीबों को वोट देने से रोकना चाहती है भाजपा : कैलाश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बुधवार को कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक तौर पर निष्पक्ष संस्था होती है। लेकिन, इन दिनों आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार के दलित, मजदूर, किसान और कमजोर परिवार के लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर कर रहा है। कैलाश यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एसआईआर के डॉक्यूमेंट्री आधार पर बड़ी संख्या में पलायन किए गए लोगों को भी वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। इससे करोड़ों गरीब और मजदूर वोट नहीं दे पाएंगे। कहा कि चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण में नागरिकों को आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को मान्यता नहीं देने का घोषणा की गई है। जो 11 डॉक्यूमेंट्स मांगे गए हैं, वह रोज कमाने खाने वाले और गरीब कहां से दे पाएंगे। इसलिए चुनाव आयोग का एसआईआर प्रक्रिया अनुचित है। यादव ने कहा कि देश का संवैधानिक संस्थान चुनाव आयोग आखिरकार इतनी हठधर्मिता क्यों दिखा रहा है। निश्चित रूप से चुनाव आयोग कहीं न कहीं केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दलित, मजदूर, किसान और दबे कुचले वर्ग के लोग राजद के समर्थक और वोटर्स हैं। ऐसे में भाजपा चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर दलित और गरीब तबके लोगों को वोट देने से रोकना चाहती है।



विभिन्न मांगों को लेकर फार्मेसी काउंसिल रांची गेट के समक्ष कार्यकर्ताओं के साथ धरना-प्रदर्शन करते जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो।

### 10 अगस्त से नौ जिलों में आयोजित होगा एमडीए कार्यक्रम

# फाइलेरिया की दवा का हो व्यापक प्रचार : अजय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के निर्देश पर अब देश में फाइलेरिया से प्रभावित सभी राज्यों में प्रत्येक वर्ष दो चरणों में 10 फरवरी और 10 अगस्त को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) यानि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम के अब दूसरे चरण में आगामी 10 अगस्त से नौ जिलों (चतरा, गोड्डा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार, दुमका) में तीन दवाओं डीईसी, अल्वेंडाजोल और आइवरमेक्टिन के साथ आईडीए राउंड चलाया जाएगा। झारखंड सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के तहत राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट टास्क फोर्स की बैठक बुधवार को हुई। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह साथ ही अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि 10 अगस्त से आयोजित होने वाले एमडीए कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तर से प्रखंड के हर गांव की आबादी तक होनेवाली वाली सभी गतिविधियां सही रूप से संपन्न कराएं। ताकि, कार्यक्रम की सफलता में कोई भी कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण बिल्कुल नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी लाभार्थी, फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन प्राशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रहने के लिए एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवा खाना कितना महत्वपूर्ण है, इसका प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से होना चाहिए ताकि, समुदाय में इसके प्रति जागरूकता बढ़े। अजय कुमार सिंह ने शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, शहरी विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग से एमडीए राउंड में सहयोग करने की अपील की। साथ ही, अन्य विभाग जैसे आजीविका, पीएचईडी और अन्य सहयोगी विभागों की सहायता लेने की भी बात कही। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राज्य स्तरीय सलाहकार के साथ ही अन्य सहयोगी संस्थाओं विश्व स्वास्थ्य संगठन, पीरामल स्वास्थ्य और ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**1.27 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य : डॉ बीरेंद्र**

बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 10 अगस्त से नौ जिलों में चलने वाले अभियान में 80 चिह्नित प्रखंड की लगभग 1.42 करोड़ आबादी में से 1.27 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि एमडीए की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना और मॉनीटरिंग एवं सपोर्टिव सुपरविजन पर विशेष बल दिया जा रहा है। एमडीए राउंड के दौरान प्रत्येक दिन शाम में जिला और प्रखंड स्तर पर दवा सेवन की स्थिति पर बैठक कर जायजा लिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### विरोध, सवाल और संवाद हर छात्र का मौलिक अधिकार : गौतम सिंह



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची में बुधवार को छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा, जब अबुआ अधिकार मंच समेत अन्य छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश को अनुचित और अलोकतांत्रिक बताते हुए रजिस्ट्रार कक्ष का घेराव किया। इस आदेश में छात्रों द्वारा किए जाने वाले शांतिपूर्ण विरोध, धरना या प्रदर्शन को अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, जिसे छात्रों ने तुगलकी फरमान करार दिया। छात्रों ने न सिर्फ आदेश की प्रतियां फाड़कर रजिस्ट्रार कक्ष में फेंकीं, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन करीब दो घंटे चला, जिसमें छात्रों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की आजादी पर किसी भी प्रकार के हमले को अस्वीकार्य बताया।अबुआ अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा, यह लोकतंत्र है या राजतंत्र? छात्रों की आवाज को दबाना, असहमति को अपराध बताना बेहद निंदनीय है। विश्वविद्यालय कोई राजदरबार नहीं है। विरोध, सवाल और संवाद हर छात्र का मौलिक अधिकार है। हम इस आदेश की कड़ी भर्त्सना करते हैं और इसे वापस लेने की मांग करते हैं। छात्रों के दबाव और तर्कसंगत विरोध को देखते हुए अंततः विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी गलती मानी और आश्वासन दिया कि विवादित आदेश को वापस लिया जाएगा।

### सीसीएल की राजेंद्र नगर डिस्पेंसरी बनी पूर्ण रूप से महिला संचालित



**रांची।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने मंगलवार को राजेंद्र नगर डिस्पेंसरी को पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी के रूप में औपचारिक रूप से शुरू किया। इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल को कोयला उद्योग में महिलाओं के नेतृत्व विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। डिस्पेंसरी का संचालन अब पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा, जिनमें डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ और अन्य सहयोगी कर्मी शामिल हैं। इस टीम का नेतृत्व डॉ नेहा अग्रवाल कर रही हैं, जबकि उनके सहयोग में डॉ पायल मिश्रा और अराधना बिरुआ जैसे समर्पित महिलाकर्मी भी शामिल हैं। मौके पर दीप प्रज्ज्वलन और शिलापट्ट अनावरण कर इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई। सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने उपस्थित डॉक्टरों और स्टाफ से संवाद कर डिस्पेंसरी के सुचारु संचालन के लिए सुझाव लिए और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। निदेशक (एचआर) ने भी इस पहल को हर स्तर पर समर्थन देने की बात कही। वर्तमान में डिस्पेंसरी में उपलब्ध प्रमुख सेवाओं में ओपीडी, ओपीडी फार्मेसी और ड्रेसिंग रूम शामिल हैं। इस अवसर पर सीएमएस - सीसीएल डॉ रत्नेश जैन, डॉ भरत सिंह, डॉ दीपाली, डॉ रत्नेश सिंह, प्रीति तिग्गा, डॉ सत्य प्रकाश रंजन सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### डबल इंजन वालों ने जो हाथी उड़ाया है उसका खामियाजा पूरा राज भुगत रहा है : कांग्रेस



**रांची।** साहिबगंज की एक दुखद घटना को राजनीतिक हथियार बनाकर झूठा नैतिक आवरण ओढ़ने वाले बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने करारा जवाब देते हुए कहा है कि जिन लोगों ने राज्य की बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्था को जानबूझकर जर्जर हालत में छोड़ा, वे आज सबसे ज़्यादा शोर मचा रहे हैं। जिस बाबूलाल मरांडी की सरकार ने 18 वर्षों तक शासन किया, वे बताएं कि कितने अस्पताल बनाए, कितने नए डॉक्टर नियुक्त किए और कितनी एंबुलेंस ग्रामीण झारखंड को उपलब्ध करवाई? आलोक दूबे ने कहा कि झारखंड में अगर आज किसी बीमार को खाट पर ढोकर अस्पताल ले जाना पड़ रहा है, तो उसके लिए जिम्मेदार वही लोग हैं जो वर्षों तक सत्ता में रहकर भी सिर्फ़ घोषणाएं करते रहे। हेमंत सोरेन की सरकार ने उस बर्बादी के ढांचे को सुधरने का बीड़ा उठाया है, जिसे बाबूलाल और उनकी सहयोगी सरकारों ने चौपट किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की सतत निगरानी में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा दी जा रही है। जिस राज्य में एक समय लोगों को बुनियादी इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता था, अब वहां रिम्स-2 के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह अस्पताल न केवल झारखंड का बल्कि पूरे एशिया का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थान होगा। यह हेमंत सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है जो स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्राथमिकता दे रही है।इतना ही नहीं कल ही संथाल परगना के गोड्डा जिला में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के कर कमलों से 50 बेड के एक बड़े अस्पताल का निर्माण कराया गया जिससे वहां के लोगों में अपार खुशी देखी जा सकती है।

### सीयूजे के 4 विद्यार्थी चीन के यून्नान विवि में स्कॉलरशिप के लिए चयनित

# यह सीयूजे की अंतरराष्ट्रीय पहचान की दिशा में सशक्त कदम : कुलपति

- छात्र एक वर्ष तक चीन में रहकर चीनी भाषा का गहन अध्ययन करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के सुदूर पूर्व भाषा विभाग (चीनी भाषा) के छात्रों ने एक बार फिर अपने विश्वविद्यालय, राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। विभाग के चार होनहार छात्रों — शांतनु कुमार, खुशी कुमारी, कुमारी पूर्णिमा रंजन और अंशु कुमार — ने चीन की प्रतिष्ठित यून्नान विश्वविद्यालय में एक वर्षीय स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए चयनित होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह छात्रवृत्ति पूरी तरह से वित्त सहायता प्राप्त है, जो कि भाषा अध्ययन का अवसर प्रदान करती है। यह छात्रवृत्ति दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र एक वर्ष तक चीन में रहकर न केवल चीनी भाषा का गहन अध्ययन करेंगे, बल्कि वे चीन की सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और पारंपरिक विविधताओं को भी प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त करेंगे। चीन की संस्कृति, जैसे- ताई ची, पारंपरिक खानपान, चीनी त्योहारों (जैसे चंद्र नववर्ष) और स्थानीय रीति-रिवाजों से परिचय भारतीय छात्रों को एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करेगा। साथ ही, यह अनुभव भारत लौटने के बाद उनकी भाषा-कौशल, अनुवाद-क्षमता और अंतरराष्ट्रीय संवाद में दक्षता को भी सशक्त करेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ क्षिति भूषण दास ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने इस अवसर को भारत और चीन के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग का एक उज्ज्वल उदाहरण बताया। विभागाध्यक्ष डॉ रवींद्र नाथ शर्मा ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अवसर न केवल छात्रों के व्यक्तिगत विकास में सहायक होते हैं, बल्कि यह भारत की भाषा-नीति, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक समझ को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का भी माध्यम बनते हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विभाग के शिक्षकों, डॉ अर्पण राज, डॉ संदीप विश्वास और सुशांत कुमार को भी बधाई दी। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम से स्पष्ट होता है कि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय अब न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है।

### यह विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल : प्रो श्रेया





इस उपलब्धि पर भाषा संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर श्रेया भट्टाचार्जी ने भी छात्रों एवं संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण और विभागीय सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि यह छात्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। बल्कि यह संपूर्ण भाषा संकाय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पुनीत अग्रवाल की जमानत पर अब 26 को होगी सुनवाई

**रांची।** बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपी राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई आगामी शनिवार (26 जुलाई) को होगी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई का नई तारीख निर्धारित की। इसी मामले के दो अन्य आरोपियों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी शनिवार (26 जुनाई) को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है। पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया था। पुनीत अग्रवाल, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि इन्होंने राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ 40 लाख रुपए का भुगतान किया था। आरोपों के अनुसार, बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया।

### स्वास्थ्य सहियाओं के लिए हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# समुदाय तक पहुंचाने में सहिया की भूमिका अहम : डॉ सिद्धार्थ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में बुधवार को स्वास्थ्य सहियाओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सहियाओं के जेंडर बेस्ड वॉयलेंस और होम बेस्ड नीयोनेटल केयर के बारे में बताया गया। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने सहियाओं को कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को समुदाय स्तर पर सहज तरीके से पहुंचाने में स्वास्थ्य सहियाओं की भूमिका अहम है। बिना आपकी सहायता के एनएचएम के लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम में समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमलेश, आईईसी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लाल माझी, मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग की डॉ पुष्पा, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आदिम जनजाति समुदाय की सहियाओं को सम्मानित किया गया। इनमें साहेबगंज बोरियो प्रखंड की आठ पहाड़िया सहिया तथा गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड की दो असुर एवं दो कोरवा सहिया शामिल हैं। साथ ही, धनबाद जिले की एक ट्रांस सहिया को भी उसके उत्कृष्ट कार्यों के लिए निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा सम्मानित किया गया। आमलोगों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों और उद्देश्यों से अवगत कराने के लिए नामकुम स्थित आरसीएच परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में एनएचएम के कुल 43 स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें एलोपैथ और आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों को स्वास्थ्य सलाह और निःशुल्क दवाएं भी दी जा रही हैं। चिकित्सा शिविर में ईसीजी, बीपी, शुगर जैसे जांच भी किए जा रहे हैं। बुधवार को मेले का दूसरा दिन था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आज 92 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है। आयुष शिविर में करीब 400 लोगों की जांच और उन्हें दवा उपलब्ध कराई गई। 25 लोगों को आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया गया।

**अवसर** खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन, बोली ग्रामीण विकास मंत्री

# 32 लाख ग्रामीण महिलाएं राज्य में बदलाव की घटक

- 14 राज्यों से आए अधिकारी व प्रतिभागियों ने कार्यशाला में लिया भाग
- स्वस्थ भविष्य की ओर संगठित ग्रामीण महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक सामाजिक संकेतक (सोशल इंडिकेटर) नहीं बल्कि देश के आर्थिक विकास का भी दर्पण है। झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसे योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही है। इन योजनाओं को सखी मण्डल के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है। हेल्थ, पोषण के साथ-साथ अब मेंटल वेल-बीइंग पर भी फोकस करना समय की ज़रूरत है। एक स्वस्थ नागरिक ही शिक्षित,सशक्त और आत्मनिर्भर समाज की नींव रख सकता है। सेतु दीदियां और सखी मंडल की महिलाएं अब न केवल स्वयं जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने समुदाय को भी संगठित और सशक्त कर रही हैं। यह परिवर्तन अब गांव-गांव तक पहुँच रहा है और यही झारखंड की वास्तविक ताक़त है। उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कही। वह बुधवार को संगठन,स्वास्थ्य,समृद्धि,खाद्य, पोषण,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर महिला समूहों की सहभागिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। यह कार्यशाला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं झारखंड स्टेट लाईवलीहुड सोसाईटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। हमारा संकल्प हर गांव स्वस्थ, हर महिला सक्षम, हर घर समृद्ध। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता ये सभी विषय आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं और इन पर प्रभावशाली कार्य तभी संभव है इनसे से जुड़े संबंधित विभाग आपस में समन्वय बना कर काम करें। झारखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका से स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, ऊर्जा और आजीविका के क्षेत्र में नया परिवर्तन दिख रहा है। मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम,पोषण वाटिका जैसी योजनाएं नारी नेतृत्व को सशक्त बना रही हैं। अब महिलाएं ग्राम विकास की धूरी हैं। उनका पोषण और स्वास्थ्य बेहतर होगा तभी समाज सशक्त होगा। हमारा संकल्प है हर गांव स्वस्थ, हर महिला सक्षम, हर घर समृद्ध।

**सरकार ने संचालित योजनाओं से महिलाएं ही रही हैं सशक्त**

ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण ही स्वस्थ समृद्ध और विकसित समाज की नींव है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना, पीवीटीजी परिवारों तक राशन पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित डाकिया योजना ,फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से महिलायें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध हो रही हैं। श्री श्रीनिवासन ने बताया कि फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत अब तक 36000 महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि जोहार परियोजना का दूसरा चरण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा, जिस पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला केवल चर्चा का मंच नहीं बल्कि एक प्रेरणादायक कार्य योजना का प्रारूप है जिसे हम धरातल पर लागू करने का प्रयास करेंगे। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े सामाजिक बदलावों की नींव रखते हैं।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना ओपन में जीती

### सिंधु ने टोमोका मियाजाकी को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली । एजेंसी**

चांगझोउ में खेले जा रहे चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी और पीवी सिंधु ने जीत के साथ शुरुआत की। रेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ने जापान के हिरोकी ओकामुरा और केन्या मित्सुहाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-13-21-9 से हराया। यह मैच 31 मिनट तक चला।

**सिंधु ने जापानी खिलाड़ी को हराया :** पीवी सिंधु ने सिंगल्स में शानदार शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21 और 21-17 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सिंधु दूसरे गेम में 8-21 से हार गईं। हालांकि, निर्णायक तीसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। इससे पहले सिंधु जापान ओपन में पहले ही राउंड में बाहर हो गईं थी। इस साल सिंधु 5 टूर्नामेंट में पहले दौर और तीन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में बाहर हुई हैं।

**रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सफर समाप्त :** विमेंस डबल्स में भारत की रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों को हॉन्गकॉन्ग की अनुभवी जोड़ी से 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा और उनका सफर समाप्त हो गया।



## प्रणय चाउ टीएन-चेन प्री क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे

एचएस प्रणय ने पहले ही राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 8-21, 21-16, 23-21 से हराकर प्री- क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहला गेम 8-21 से गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और इसे 21-16 से जीता। तीसरे और निर्णायक गेम में वे 1-7 और फिर 15-20 से पीछे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 20-20 पर बराबर किया और अंत में 23-21 से गेम और मैच अपने नाम किया।

**लक्ष्य सेन पहले राउंड में बाहर :** लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। लक्ष्य पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद लगातार दो गेमों में 22-24 और 11-21 से हारे।

**मिक्स्ड डबल्स में पहले ही दौर में बाहर :** मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे और अशिथ सूर्य-अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले ही राउंड में बाहर हो गए हैं।

### अनुपमा उपाध्याय को मिली हार

विमेंस सिंगल्स में भारत की अनुपमा उपाध्याय को चीनी खिलाड़ी लिन ह्सियांग-ति के खिलाफ 23-21, 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा पहले गेम में कड़ी टक्कर देने में सफल रहीं, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने उन्हें आसानी से हरा दिया।

## अंशुल कंबोज किसान का बेटा, जिसने एक ही पारी में झटके 10 विकेट



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में मौका मिला है। यूं तो, 24 वर्षीय अंशुल को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन कुछ घंटों बाद ही उन्हें प्लेइंग इलेवन में भी स्थान मिल गया। 6 दिसंबर 2000 को करनाल में जन्मे अंशुल किसान परिवार से आते हैं। फाजिलपुर गांव में उनके पिता उधम सिंह खेती करते हैं। अंशुल बचपन में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर चुके थे। क्रिकेट के प्रति उनके लगाव को देखते हुए परिवार ने सिर्फ छह साल की उम्र में ही उन्हें क्रिकेट की ट्रेनिंग दिलवानी शुरू कर दी। अंशुल ने पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट ट्रेनिंग भी जारी रखी। उन्हें करनाल स्थित सतीश राणा की अकादमी पहुंचने के लिए अपने घर से लगभग आठ किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता, जिसके लिए वह सुबह चार बजे ही उठ जाते थे। छह फीट दो इंच लंबे अंशुल गेंद से स्विंग के साथ एक्स्ट्रा बाउंस भी हासिल करते हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीती वनडे सीरीज, भारत की बेटियों ने बना दिया अनूठा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज जीतते हुए इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे वनडे मैच को 13 रन से अपने नाम किया। ऐसा पहली बार है, जब भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के एक ही दौरे पर सीमित ओवरों की दोनों सीरीज जीतीं। वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड के विरुद्ध पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की थी। इंग्लैंड के अलावा भारतीय महिला टीम विदेशी सरजमीं पर तीन देशों के खिलाफ यह कारनामा कर चुकी है। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2018 में वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम की। उसी साल टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 4-0 से जीती। साल 2019 में भारत की महिला टीम ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध वनडे सीरीज 2-1 जीती। वहीं, टी20 सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ साल 2022 में उसी की सरजमीं पर वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की मदद से पांच विकेट खोकर 318 रन बना दिए। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी हुई। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद कप्तान ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन जुटाए।

## वीनस विलियम्स बनीं टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 वीनस विलियम्स ने बुधवार को 'डीसी ओपन' विमेंस सिंगल्स के पहले दौर के मुकाबले में विश्व नंबर-35 पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। यह 16 महीनों में वीनस का पहला सिंगल्स मैच था। इसी के साथ 45 वर्षीय वीनस विलियम्स टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गईं। इस लिस्ट में मार्टिना नवरातिलोवा शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को शिकस्त दी थी। उस समय मार्टिना नवरातिलोवा 47 साल की थीं। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद वीनस विलियम्स ने कहा, "यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना कठिन होता है, इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा, "मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन असल बात जीतकर दिखाना है। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है। मैं यहां अपने दोस्तों, परिवार, प्रियजनों और फैंस के साथ हूं।

> *मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन असल बात जीतकर दिखाना है। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है। मैं यहां अपने दोस्तों, परिवार, प्रियजनों और फैंस के साथ हूं, जिन्हें प्यार करती हूं। वह भी मुझे प्यार करते हैं।*

## अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद आंद्रे रसेल हुए भावुक




**किंग्स्टन ।** वेस्टइंडीज के पावर हिटर आंद्रे रसेल ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में ताबड़तोड़ पारी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। हालांकि, सबीना पार्क में उनकी टीम को आठ विकेट से करारी हार झेलनी पड़ गई। आंद्रे रसेल टी20 सीरीज से पहले ही संन्यास की घोषणा कर चुके थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मुकाबलों की सीरीज के शुरुआती दो मैच उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम मुकाबले थे। आंद्रे रसेल अपने गृहनगर में विदाई मैच खेलना चाहते थे।

## डीपीएल 2025 4 अगस्त से सीजन की शुरुआत करेगी पुरानी दिल्ली 6




**दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले सीजन की सेमीफाइनलिस्ट, 'पुरानी दिल्ली 6' चार अगस्त को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 'वेस्ट दिल्ली लायंस' के खिलाफ सीजन-2 के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। डीपीएल का दूसरा संस्करण दो अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी, जिसके बाद पुरुषों की लीग का पहला मैच खेला जाएगा। वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद, पुरानी दिल्ली 6 की टीम छह अगस्त को नई दिल्ली टाइगर्स, आठ अगस्त को आउटर दिल्ली वॉरियर्स और नौ अगस्त को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से खेलेगी। इस टीम का आखिरी ग्रुप मैच 26 अगस्त को सेंट्रल दिल्ली किंग्स के खिलाफ होगा। पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, "हम डीपीएल के दूसरे सीजन में वापसी को लेकर उत्साहित हैं।

## राष्ट्रीय खेल विधेयक युवाओं के लिए एक अच्छा नवाचार साबित होगा : गौरव गौतम

**कुरुक्षेत्र (आईएएनएस)**



हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत सरकार यह विधेयक संसद में पेश करने जा रही है। गौरव गौतम के अनुसार ऐसे निर्णय युवाओं के लिए अच्छे नवाचार साबित होंगे।

रत सरकार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है। यह ठीक उसी तरह होगा, जैसे बाकी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) सरकार के नियमों के अंतर्गत आते हैं। खेल मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जब यह कानून बन जाएगा, तो बीसीसीआई के लिए इसके सभी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार मौजूदा मानसून सत्र में ही इस विधेयक को पेश करने वाली है। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आईएएनएस से कहा, "अगर सरकार यह फैसला लेती है, तो बहुत अच्छा निर्णय होगा। यह युवाओं के लिए एक अच्छा नवाचार होगा। विधेयक के लिए मैं सरकार को शुभकामनाएं देता हूं। वहीं, इस मामले पर पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, "चाहे केंद्र सरकार हो, या फिर राज्य सरकार, अगर फैसला अच्छा हो, तो उसे सभी को मानना पड़ेगा। फिलहाल हमें इस बिल को डिटेल में देखने की जरूरत है। बिल की सकारात्मक और अन्य चीजों को भी देखना होगा। सरकार की ओर से जैसा भी फैसला किया जाए, उसे स्वीकार करना ही होगा। बता दें, बीसीसीआई भारत की एकमात्र प्रमुख खेल संस्था है, जो सरकारी नियमों के दायरे में नहीं आती। आईएएनएस को खेल मंत्रालय से जुड़े सूत्र यह जानकारी दे चुके हैं कि बीसीसीआई समेत सभी महासंघों के लिए राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक के अंतर्गत आना अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय खेल विधेयक अक्टूबर 2024 से प्रक्रियाधीन है, जिसका मकसद खेलों के विकास और संवर्धन, खेलों में नैतिक प्रथाओं और उनसे जुड़े या प्रासंगिक मामलों और खिलाड़ियों के लिए कल्याणकारी उपायों का प्रावधान करना है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स 539 अंक उछलकर बंद बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,726.64 और निफ्टी 159 अंक या 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,219.90 पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों ने बाजार का नेतृत्व किया और निफ्टी बैंक 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ, जो कि मुख्य सूचकांक में दर्ज की गई बढ़त से अधिक है। लार्जकैप के साथ मिडकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 203.70 अंक या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,307.10 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स सपाट 18,893 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, इटरनल (जोमैटो), एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, एसबीआई, टीसीएस, एनटीपीसी और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

## भारत का आईटी इकोसिस्टम 60 लाख से ज्यादा लोगों को देता है रोजगार : जितिन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बुधवार को संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, भारत में एक मज़बूत इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम है, जो 250 अरब डॉलर से ज्यादा का वार्षिक राजस्व उत्पन्न करता है और 60 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार प्रदान करता है। स्टैनफोर्ड एआई रैंकिंग जैसी ग्लोबल रैंकिंग भारत को एआई स्किल्स, क्षमताओं और एआई के उपयोग की नीतियों के मामले में टॉप देशों में शामिल करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि भारत गिटहब एआई प्रोजेक्ट्स में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता भी है। उन्होंने बताया कि भारत की एआई रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेक्नोलॉजी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाने के दृष्टिकोण पर आधारित है। इसका उद्देश्य भारत-केंद्रित चुनौतियों का समाधान करना और सभी भारतीयों के लिए आर्थिक और रोजगार के अवसर पैदा करना है। भारत की एआई रणनीति का उद्देश्य भारत को एआई में एक ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना है। सरकार ने मार्च 2024 में इंडियाएआई मिशन की शुरुआत की। यह भारत के विकास लक्ष्यों के अनुरूप एक मजबूत और समावेशी एआई इकोसिस्टम स्थापित करने की एक रणनीतिक पहल है। राज्य मंत्री ने इंडियाएआई मिशन के तहत सरकार द्वारा लागू की जा रही सात-स्तंभ रणनीति पर प्रकाश डाला, जिसमें इंडियाएआई कंप्यूट क्षमता शामिल है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई और स्टार्टअप सहित सभी को किफायती लागत पर उच्च-स्तरीय कंप्यूट पावर (जीपीयू) प्रदान करना है।

भारतीय डेटासेट और भाषाओं पर प्रशिक्षित भारत के बड़े मल्टीमॉडल मॉडल (एलएमएम) विकसित करने के लिए इंडियाएआई फाउंडेशन मॉडल परियोजना भी शुरू की गई है। इसका उद्देश्य जनरेटिव एआई में संप्रभु क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना है। एआई मॉडल के प्रशिक्षण के लिए बड़े डेटासेट विकसित करने के लिए एआईकोश को सरकारी और गैर-सरकारी स्रोतों से डेटासेट को इंटीग्रेट करने वाले एक यूनिफाइड डेटा प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शासन और सीखने की अक्षमताओं के लिए सहायक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में भारत-विशिष्ट चुनौतियों के लिए एआई एप्लिकेशन विकसित करने के लिए इंडियाएआई एप्लिकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव भी शुरू किया गया है।

भारत में एआई-कुशल पेशेवरों को विकसित करने के लिए इंडियाएआईफ्यूचरस्किल्स परियोजना शुरू की गई है।

### इंडियाएआई की सात-स्तंभ रणनीति का परिचय



- राज्य मंत्री ने भारत सरकार की एआई नीति के 7 मुख्य स्तंभों पर प्रकाश डाला।
- इसका उद्देश्य भारत को एआई में आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।

**स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय सहयोग**

- एआई आधारित स्टार्टअप्स को पूंजी सहायता दी जाएगी।
- नवाचार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की पहल।

## सोना 1 लाख रुपए के पार, ऑल टाइम हाई पर पहुंची चांदी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में बुधवार के कारोबारी दिन जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। जहां 24 कैरेट सोने की कीमत 1 लाख रुपए के पार हो गई है, वहीं चांदी ने 1.15 लाख रुपए प्रति किलो की कीमत पार कर अपना नया ऑल-टाइम हाई बनाया है। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 1000 रुपए से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 1025 रुपए बढ़कर 1,00,533 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

## एप्पल ने 2025 की पहली छमाही में भारत में आईफोन शिपमेंट में 36% की वृद्धि

**मुंबई (आईएएनएस)**



टेक कंपनी एप्पल ने 2025 की पहली छमाहीके दौरान भारत में आईफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी बुधवार को आए इंडस्ट्री डेटा में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने आईपैड सेगमेंट में भी 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो देश में कंपनी के लेटेस्ट-जनरेशन डिवाइस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। यह प्रभावशाली वृद्धि एप्पल के नए मॉडल की लोकप्रियता के कारण हुई। आईफोन 16 सीरीज शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरी, जिसने 2025 की पहली छमाही में आईफोन बाजार हिस्सेदारी का 62 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया, इसके बाद आईफोन 15 सीरीज 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। आंकड़ों के अनुसार, आईफोन 16ई और आईफोन 14 सीरीज ने भी कंपनी की बिक्री में योगदान दिया और प्रत्येक की लगभग 4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। टैबलेट सेगमेंट में, आईपैड 11 सीरीज 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे रही।

## 'भारत' मोबाइल फोन असेंबलर से ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब की ओर बढ़ रहा...

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय मोबाइल निर्यात घरेलू मांग को पीछे छोड़ते हुए उत्पादन का प्रमुख चालक बन गया है। बुधवार को जारी एक स्टडी के अनुसार, देश 2014-15 में आयात पर निर्भर मोबाइल बाजार से 2024-25 में ग्लोबल प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट हब बन गया है। 2018-19 से मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यात मज़बूत रहा है, क्योंकि निर्यात 2017-18 में 0.2 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 24.1 बिलियन डॉलर हो गया है। भारत केवल आयातित पुर्जों की असेंबलिंग से आगे बढ़कर एक गहन औद्योगिक आधार की ओर बढ़ रहा है, जहां जटिल पुर्जों का स्थानीय स्तर पर निर्माण किया जाता है। सोशल साइंस रिसर्च सेंटर, सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस) द्वारा की गई एक स्टडी में कहा गया है, "भारत के मोबाइल फोन उत्पादन में घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) में प्रत्यक्ष और सहायक उद्योगों के माध्यम से महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है।